RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 200
नई दिल्ली, शनिवार, 27 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

लोग भारत में आए बदलाव की बात करते हैं
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

सेंगोल पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

- राजदंड संबंधी विवाद पर गृहमंत्री शाह ने पूछा, कांग्रेस को भारतीय संस्कृति से इतनी नफरत क्यों?
- विपक्षी दल ने कहा- ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं, जिसमें सेंगोल को सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक बताया हो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किए जाने वाले रस्मी राजदंड (सेंगोल) पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे पर हमलावर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर सेंगोल के महत्व को कमतर करके चलते समय सहारा देने के काम आने वाली छड़ी बना देने का आरोप लगाया।

उन्होंने विपक्षी दल से सवाल पूछा कि उसे भारतीय संस्कृति से इतनी नफरत क्यों है? वहीं कांग्रेस ने दावा किया कि ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं जिसमें सेंगोल को सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक बताया गया हो। चांदी से निर्मित और सोने की परत वाले इस ऐतिहासिक राजदंड को 28 मई को नए संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा। उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का लोकार्पण किया जाएगा। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर सत्तारूढ़ एवं विपक्षी दलों के बीच जारी वाकयुद्ध के बीच शाह ने कहा कि कांग्रेस को अपने व्यवहार पर मनन करने की आवश्यकता है। उन्होंने पार्टी के इस दावे की निंदा की कि राजदंड के 1947 में ब्रिटेन द्वारा भारत को सत्ता सौंपे जाने का प्रतीक होने का कोई उदाहरण नहीं है। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय परंपराओं और संस्कृति से इतनी नफरत क्यों करती है? तमिलनाडु के एक पवित्र शैव मठ ने भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के तौर पर पंडित (जवाहरलाल) नेहरू को एक पवित्र राजदंड दिया गया था, लेकिन इसे चलते समय सहारा देने वाली छड़ी की तरह बताकर किसी संग्रहालय में भेज दिया गया।

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस ने एक और शर्मनाक अपमान किया है। पवित्र शैव मठ थिरुवदुथुराई आदिनम ने भारत की स्वतंत्रता के समय राजदंड के महत्व के बारे में स्वयं बताया था। शाह ने कहा कि कांग्रेस अब आदिनम के इतिहास को फर्जी बता रही है। कांग्रेस को अपने व्यवहार पर मनन करने की आवश्यकता है। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को दावा किया कि इस बात का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है जिससे यह साबित होता हो कि लॉर्ड माउंटबेटन, सी राजगोपालाचारी और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राजदंड (सेंगोल) को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा भारत को सत्ता हस्तांतरित किए जाने का प्रतीक बताया हो। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रस्मी राजदंड को तमिलनाडु में राजनीतिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। रमेश ने ट्वीट किया कि क्या यह कोई हैरानी की बात है कि नए संसद भवन को व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी के फर्जी विमर्श से सुशोभित किया जा रहा है?

भाजपा/आरएसएस का इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का रुख एक बार फिर अधिकतम दावा, न्यूनतम साक्ष्य के साथ बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि राजदंड की परिकल्पना तत्कालीन मद्रास में एक धार्मिक प्रतिष्ठान ने की थी और इसे मद्रास शहर में तैयार किया गया था। इसे अगस्त 1947 में जवाहर लाल नेहरू को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने दावा किया कि इस बात का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि लॉर्ड माउंटबेटन, सी राजगोपालाचारी और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राजदंड को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा भारत को सत्ता हस्तांतरित किए जाने का प्रतीक बताया हो।

संसद के उद्घाटन पर जारी होगा 75 रुपए का सिक्का

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर केंद्र सरकार 75 रुपए का विशेष सिक्का जारी करेगी। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक अधिसूचना जारी कर बताया कि नए संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 75 रुपए का विशेष सिक्का जारी किया जाएगा। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ का शेर है, जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा है।

सिक्के के बाईं ओर देवनागरी में भारत और दाईं ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा है। इस पर रुपए का प्रतीक चिन्ह भी अंकित है। सिक्के के दूसरी तरफ नए संसद भवन की तस्वीर है। इसके ऊपर देवनागरी में संसद संकुल और नीचे अंग्रेजी में पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स लिखा है। नीचे की ओर अंतरराष्ट्रीय अंकों में 2023 भी लिखा है।

इस सिक्के का वजन 35 ग्राम है और यह चार धातुओं से मिलकर बना है। अधिसूचना के मुताबिक गोल आकार के इस सिक्के का व्यास 44 मिलीमीटर है और इसे चार धातुओं - चांदी, तांबा, निकेल और जिंक को मिलाकर बनाया गया है। सिक्के में चांदी की मात्रा 50 प्रतिशत, तांबा 40 प्रतिशत, निकेल पांच प्रतिशत और जस्ता पांच प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, इसे आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) जारी करेगा। यह सिक्का यादगार के तौर पर जारी किया जाएगा। इसे करीब 3800 रुपए प्रति सिक्के की दर से बेचा जाएगा।

हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा नया संसद भवन: मोदी

भारत का नया संसद भवन जिसका कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने नवनिर्मित परिसर का एक वीडियो भी साझा किया। मोदी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए लोगों से माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए अपने वॉयसओवर के साथ वीडियो साझा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। यह वीडियो इस प्रतिष्ठित इमारत की एक झलक प्रदान करता है।

मेरा एक विशेष अनुरोध है। इस वीडियो को अपनी आवाज (वॉयसओवर) के साथ साझा करें, जो आपके विचारों को व्यक्त करता है। मैं उनमें से कुछ को री-ट्वीट करूंगा। उन्होंने कहा, माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का इस्तेमाल करना न भूलें। नए संसद भवन का उद्घाटन रविवार को होगा। इस समारोह की शुरुआत सुबह-सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना (शेष पेज 9)

उमर अब्दुल्ला ने की नए संसद भवन की तारीफ

श्रीनगर(भाषा)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार कहा कि नया संसद भवन स्वागत योग्य है और यह भव्य दिखता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है, जब उनकी पार्टी समेत विपक्ष के कई दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। अब्दुल्ला ने कहा कि जब वह लोकसभा सदस्य थे, तब उनके कई सहकर्मी एक नए और बेहतर संसद भवन की जरूरत को लेकर अक्सर बातें किया करते थे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने एक ट्वीट (शेष पेज 9)

देश में नौ साल में हुआ टिकाऊ विकास: नड्डा

- भाजपा ने सरकार की नौवीं सालगिरह पर गिनाईं उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल समावेशी, प्रगतिशील और टिकाऊ विकास करने के लिए समर्पित रहे हैं।

राजग सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि भारत ने मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण और समावेशी विकास देखा है। प्रधानमंत्री के तीन देशों की यात्रा से लौटने के बाद उनके भाषण का हवाला देते हुए नड्डा ने कहा कि राजग सरकार ने न केवल भारत की जड़ों को मजबूत किया है, बल्कि इसके विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया है। दूसरी ओर, सरकार के सत्ता में नौ (शेष पेज 9)

सरकार के जश्न पर कांग्रेस के सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने पर शुक्रवार को महंगाई, बेरोजगारी एवं कुछ अन्य विषयों पर उससे नौ सवाल पूछे और कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने वादे पूरे नहीं किए। यह देश के साथ विश्वासघात है।

मुख्य विपक्षी दल ने नौ साल, नौ सवाल शीर्षक से एक पुस्तिका भी जारी की और कहा कि 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी को माफी दिवस के रूप मनाना चाहिए। कांग्रेस के 35 नेता 27 से 29 मई तक देश के 35 शहरों में मोदी सरकार के नौ साल को लेकर अलग-अलग संवाददाता सम्मेलन करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को महंगाई, नफरत और बेरोजगारी जैसी नाकामियों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से सरकार से पूछे गए नौ सवालों की फेहरिस्त साझा करते हुए ट्वीट किया, झूठे वादों और जनता की दुर्दशा पर भाजपा ने खड़ी की नौ साल की इमारत। महंगाई, नफरत और बेरोजगारी जैसी सरकार की नाकामियों पर प्रधानमंत्री जिम्मेदारी लें।

र्टी महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि नौ साल बाद आज कांग्रेस नौ सवाल पूछ रही है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ये सवाल पूछे थे, लेकिन प्रधानमंत्री और सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो नौ सवाल पूछे हैं, उन पर (शेष पेज 9)

बीमार सत्येंद्र जैन को एक साल बाद मिली अंतरिम जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य आधार पर शर्तों के साथ दी जमानत, 10 जुलाई को स्वास्थ्य रिपोर्ट पेश करने और दिल्ली से बाहर नहीं जाने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धनशोधन मामले में पिछले लगभग एक साल से तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को स्वास्थ्य के आधार पर 6 हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत दे दी है।

शीर्ष अदालत ने जैन को 10 जुलाई को स्वास्थ्य रिपोर्ट पेश करने को कहा है, साथ ही इस मामले में मीडिया से किसी भी तरह की बातचीत या संपर्क करने पर रोक लगा दी है। आगामी 11 जुलाई को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को मामले में ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि जैन पिछले साल 31 मई से हिरासत में हैं। इसी साल 6 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

बीते गुरुवार को आप नेता सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसलकर गिर गए थे। पहले उन्हें दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर दोपहर करीब 12 बजे लोक नारायण जय (शेष पेज 9)

आयकर मामले में गांधी परिवार की याचिकाएं खारिज

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा की याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें उन्होंने भगोड़े हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े मामले में आयकर विभाग के मूल्यांकन को सामान्य मूल्यांकन की जगह सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने के विभाग के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, जवाहर भवन ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, यंग इंडियन और आम आदमी पार्टी की वे अलग-अलग याचिकाएं भी खारिज कर दीं, जिनमें समान कानूनी मुद्दे उठाए गए थे। गांधी परिवार ने प्रधान आयुक्त (आयकर) द्वारा जनवरी 2021 में जारी उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें आकलन वर्ष 2018-19 के लिए उनके मामलों को सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। सेंट्रल (शेष पेज 9)

राहुल तीन वर्ष के लिए बनवा सकेंगे पासपोर्ट, अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दस वर्ष के बजाय तीन वर्ष के लिए सामान्य पासपोर्ट जारी किए जाने के वास्ते शुक्रवार को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी कर दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी की आपत्ति के कारण राहुल को दस वर्ष के बजाए तीन वर्ष के लिए सामान्य पासपोर्ट जारी किए जाने के वास्ते एनओसी दिया गया।

राहुल गांधी को गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके पश्चात राहुल ने राजनयिक यात्रा दस्तावेज लौटा दिए थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने अपने आदेश में कहा, मैं आंशिक रूप से आपकी अर्जी मंजूर कर रहा हूं। दस वर्ष के लिए नहीं बल्कि तीन वर्ष के लिए। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि नेशनल हेराल्ड मामला शिकायतकर्ता की जिरह के स्तर पर लंबित है और राहुल गांधी व्यक्तिगत तौर पर या वकील के माध्यम से लगातार पेश हो रहे हैं और उन्होंने न ही कार्रवाई में व्यवधान डाला है और न ही उसमें देरी होने दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी हैं और इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी शिकायतकर्ता हैं।

न्यायाधीश ने कहा, इस अदालत ने इसमें शामिल जनहितों को ध्यान में रखा है। साथ ही विदेश यात्रा के आवेदक के अधिकारों को भी ध्यान में रखा है। इसलिए यह अदालत दोनों ओर की दलीलों को सुनने के बाद तथा रिकॉर्ड देखने के बाद यह राय रखती है कि अगर आवेदक को नियम के अनुसार (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

स्मारक दीवार बनाने की भारत की पहल के पक्ष में संरा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों ने दुनियाभर में शांतिरक्षा अभियान में भारत की भूमिका और योगदान की प्रशंसा की तथा विश्व निकाय के जान गंवाने वाले शांतिरक्षकों के सम्मान में स्मारक दीवार बनाने की उसकी पहल का समर्थन किया है। यहां बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस मनाया गया जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संघर्षरत देशों में काम करते हुए अपनी जान गंवाने वाली महिलाओं और पुरुषों के सम्मान में स्थापित शांतिरक्षक स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। गुतारेस ने जनरल असेंबली हॉल में डैग हैमरस्कॉल्ड मेडल समारोह की अध्यक्षता भी की जिसमें पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले तीन भारतीय शांति सैनिकों समेत 103 सैन्य, पुलिस और असैन्य शांति सैनिकों को मरणोपरांत उनकी सेवा और कर्त्तव्य के प्रति सर्वोच्च बलिदान के लिए प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया गया।संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव की ओर से पदक प्राप्त किया।

कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सभी मामले हाईकोर्ट भेजे जाएंगे

- मथुरा के डीएम सभी मामलों की सूची बनाएं और रिकॉर्ड के साथ इन्हें दो सप्ताह के भीतर स्थानांतरित करें: इलाहाबाद हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा की अदालत में लंबित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद संबंधी विवादों से जुड़े सभी मामले उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए जाने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा ने कटरा केशव देव खेवट मथुरा के भगवान श्री कृष्ण विराजमान के मित्र रंजना अग्निहोत्री और सात अन्य द्वारा दायर स्थानांतरण आवेदन को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने निर्देश दिया कि मथुरा के जिला न्यायाधीश इस तरह के सभी मामलों की एक सूची तैयार करें और इन मुकदमों या मामलों के रिकॉर्ड के साथ इसे दो सप्ताह के भीतर इस अदालत को स्थानांतरित करें। यह स्थानांतरण इस अदालत के स्वत: संज्ञान के अधिकार के तहत स्थानांतरित माना जाएगा। अदालत ने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश से इस तरह के मुकदमों पर सुनवाई और निस्तारण के लिए एक उचित पीठ नामित करने का अनुरोध किया जाता है। याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया था कि अयोध्या के मामले की तरह मूल वाद पर स्वयं उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जानी आवश्यक है। संबद्ध पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने तीन मई, 2023 को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था जो शुक्रवार को सुनाया गया। अदालत ने कहा कि तथ्यों पर ध्यान देने से पता चलता है कि 10 वाद दीवानी अदालत के समक्ष लंबित बताए गए हैं और इस तरह के और वाद लंबित हो सकते हैं जो पिछले दो तीन वर्षों से जरा भी आगे नहीं बढ़े।

सिविल सेवा में चयन का झूठा दावा, दो उम्मीदवारों पर होगी कार्रवाई

भाषा। नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा में कथित रूप से चयन का दावा करने वाले दो उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक और अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई पर विचार कर रहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सिविल सेवा परीक्षा के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए थे। यह मामला आयशा मकरानी (मध्य प्रदेश से) और तुषार (हरियाणा से) से संबंधित है, जिन्होंने फर्जी तरीके से दावा किया है कि आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा 2022 में वास्तव में अनुशंसित उम्मीदवारों के दो रोल नंबर के विरुद्ध चयन के लिए उनके नामों की सिफारिश की गई है। यूपीएससी द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया, दोनों व्यक्तियों के दावे झूठे हैं। उन्होंने अपने दावों को साबित करने के लिए (शेष पेज 9)

बहुत तेज वृद्धि करेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

- डब्ल्यूईएफ ने कहा, इस समय भारत कर रहा स्नोबॉल इफेक्ट का सामना

भाषा। नई दिल्ली

डब्ल्यूईएफ अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंड

विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत इस साल सबसे तेज वृद्धि दर्ज कर सकता है और देश इस समय अर्थशास्त्र में प्रसिद्ध स्नोबॉल इफेक्ट का सामना कर रहा है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंड ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में बहुत अधिक निवेश और बहुत अधिक नौकरियां पैदा होंगी। स्नोबॉल इफेक्ट का अर्थ है कि किसी एक घटना के कारण कई बड़ी घटनाओं का होना। इसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बड़ी होती जाएगी। ब्रेंडे ने कहा, भारत में हुए सुधारों से लाल फीताशाही कम हुई है, निवेश के लिए बेहतर माहौल मिला है और डिजिटल क्रांति भी तेजी से जारी है। उन्होंने आगे कहा कि वह भारत की आर्थिक वृद्धि के बारे में अत्यधिक आशावादी हैं, लेकिन वैश्विक वृद्धि को लेकर उनकी ऐसी राय नहीं है। भारत इस समय जी20 का अध्यक्ष है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एक है।

डब्ल्यूईएफ पिछले कई वर्षों से देश के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, जब स्नोबॉल लुढ़कता है तो यह बड़ा और बड़ा होता जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ यही हो रहा है। ब्रेंडे ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा, वृद्धि से अधिक निवेश, अधिक नौकरियां पैदा होंगी... आने वाले वर्षों में यह एक बहुत तेज वृद्धि होगी और आप एक ऐसी स्थिति देखेंगे जहां अत्यधिक गरीबी खत्म हो जाएगी। युवाओं के लिए अधिक अवसर होंगे। उन्होंने अपनी भारत यात्रा के दौरान अन्य लोगों के अलावा विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और प्रमुख कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की।

डासना नगर पंचायत अध्यक्ष ने ली शपथ

● बागे जहां ने कहा- समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव की मतगणना के दसवें दिन डासना नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बागे जहां पत्नी डॉ मुजाहिद हुसैन उर्फबाबू भाई ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। डासना में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

इसके उपरांत एसीएम द्वितीय निखिल चक्रवर्ती ने सबसे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष बागे जहां को भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा, भारत की प्रभुता और अखंडता को बनाए रखने, कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत डासना नगर पंचायत के वार्ड-1 से सभासद रेशमा, वार्ड-2 से संजीदा, वार्ड-3 से वकील अहमद, वार्ड-4 से शबीना परवीन, वार्ड-5 से दीन मौहम्मद, वार्ड-6 मो. आबिद, वार्ड-7 से शशि, वार्ड-8 से पूनम, वार्ड-9 से रिजवान, वार्ड-10 से जावेद अख्तर, वार्ड-11 से फलक नाज, वार्ड-12 से हाफिज मौ सईदुद्दीन, वार्ड-13 से शहनाज, वार्ड.14 से कदीर सैफी और वार्ड.15 से वसीम राजा को भी नगर पंचायत अध्यक्ष बागे जहां ने पद की शपथ दिलाई गई। नियमानुसार शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत सात दिन के अन्दर नगर पालिका की पहली बैठक आयोजित होनी है।

इस दौरान अध्यक्ष बागे जहां के पति डॉ मुजाहिद हुसैन उर्फबाबू भाई ने अपने सम्बोधन में डॉ भीमराव अम्बेडकर का आभार जताया कि उन्होंने संविधान में हर वर्ग का ख्याल रखा और बराबरी का दर्जा दिलाया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से जो वायदे क्षेत्र के विकास के लिए किए गए थे, वे पूरे किए जाएंगे। वइसके अलावा दोपहर बाद खोड़ा.मकनपुर में एसडीएम विनय कुमार सिंह, नगर पंचायत पतला में एसडीएम संतोष कुमार राय, नगर पंचायत फरीदनगर में एसीएम चंद्रेश कुमार सिंह ने अध्यक्ष व सभासद को शपथ ग्रहण कराई है।

मुरादनगर पालिका में शपथ ग्रहण समारोह

गाजियाबाद। विजयी नगर पालिका परिषद के चेयरमैन तथा सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में उप जिलाधिकारी मुख्यालय चंद्रेश चंद्रेश कुमार सिंह ने चेयरमैन छम्मी चौधरी और सभी सभासदों को शपथ दिलाई। चेयरमैन और सभासदों को शपथ दिलाने के लिए उप जिलाधिकारी मुख्यालय चंद्रेश चंद्रेश कुमार सिंह को नगर पालिका परिषद मुरादनगर भेजा गया था। जिन्होंने नवनिर्वाचित चेयरमैन छम्मी चौधरी और नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्ड से जीतकर पहुंचे 25 सभासदों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर शहर के गणमान्य लोगों नव-निर्वाचित सभासद में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा था। भारी भीड़ के साथ सभी नगर पालिका पहुंचे थे। जहां पर उन्हें शपथ दिलाई जा रही थी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार पूर्व विधायक वहाब चौधरी सभासद हाजी औसाफ खान फारुक कुरेशी मनोज ट्विंकल सोनम पारचा नितिन अशोक प्रीति गोस्वामी शारदा अंशुल रस्तोगी सोनू त्यागी रिहाना मुस्तफाई समीम सहित शहर के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

कुत्ते और बिल्ली का रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों का कटेगा चालान

● 1 जून से चलेगा विशेष अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में पालतू कुत्तों और बिल्ली का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। पहली जून से एक स्पेशल ड्राइव चलाई जाएगी। ये ड्राइव उन लोगों के लिए होगी जिन्होंने अभी तक अपने पैट का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। उन पर बड़े स्तर पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। कितने डॉग और कैट बचे है इसी एक सूची आरडब्ल्यूए, एओए से मिल गई है। जिसे सेक्टर वाइज कंपाइल किया जा रहा है।

ये रजिस्ट्रेशन एनएपीआर एप के जरिए किया जाता है। अब तक कुल 5914 पैट का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसमें 70 कैट है। प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि लगातार कैंप और प्रचार प्रसार के बाद भी लोग अपने पैट का रजिस्ट्रेशन नहीं कर रहे है। इसलिए ये ड्राइव चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नोएडा में कैट और डॉग का सालाना रजिस्ट्रेशन और रिन्यू चार्ज 500 रुपए है। देसी नस्ल के डॉग के लिए प्रति व्यक्ति 10 डॉग के रजिस्ट्रेशन में कोई शुल्क नहीं है।

इन देसी नस्ल के रजिर्स्ड डॉग को एनिमल बर्थ कंट्रोल कैंपस में नसबंदी एवं प्रथम टीकाकरण निशुल्क किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण की शर्त के अनुसारनोएडा प्राधिकरण गुण और दोष के आधार पर आवेदन को जारी और निरस्त कर सकता है। वहीं पालतु कुत्ते के नसबंदी, टीकाकरण कार्ड उपलब्ध कराने के बाद ही नवीनीकरण किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन अवधि पूरी होने से पहले ही आवेदक को नवीनीकरण के लिए एसएमएस भेजा जाएगा।रजिस्ट्रेशन 1 अप्रैल से 31 मार्च तक मान्य होगा इसके बाद दोबारा नवीनीकरण कराना होगा।

टॉपर इशिता किशोर से मिली ऋतु माहेश्वरी

● सीईओ ने सफल अभ्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाली ग्रेटर नोएडा निवासी इशिता किशोर और आईपीएस के लिए चयनित कुश मिश्र को सम्मानित किया है।

सीईओ ने कहा कि आप देश की सर्वोच्च सेवा के लिए चयनित हुए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिवार और ग्रेटर नोएडा का हर नागरिक आप पर गर्व कर रहा है। सीईओ ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा कि देश की सर्वोच्च सेवा होने के नाते बड़ी चुनौतियां भी सामने आएंगी। उनका धैर्य पूर्वक सामना करना होगा। इशिता किशोर ने सीईओ ऋतु माहेश्वरी की तरफ से इस सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि यहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। कुश मिश्र ने कहा कि उनकी सफलता में सभी का सहयोग शामिल है।

इशिता किशोर की मां ज्योति किशोर व कुश मिश्र के पिता पीपी मिश्र के सफल मार्गदर्शन की सराहना की। सीईओ ने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे माता-पिता की मेहनत और मार्गदर्शन का बहुत अहम रोल होता है।

ग्रेनो में आबकारी-विभाग ने ट्रक से पकड़ी विदेशी शराब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बरामद की है। हरियाणा से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही शराब की खेप को आबकारी विभाग ने ट्रक से बरामद किया है। इस दौरान ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग द्वारा विदेशी शराब की 65 पेटियां ट्रक से बरामद की गई हैं।

बरामद शराब की कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है। दरअसल, बिहार में शराबबंदी होने से अन्य प्रदेशों से वहां पर भारी मात्रा में तस्करी की जाती है। हरियाणा से तस्करी कर शराब की खेप को बिहार लेकर जाया जा रहा था। आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक के पास से एक ट्रक सहित विदेशी शराब को बरामद किया है, ट्रक में 65 पेटी विदेशी शराब बरामद की है।

आबकारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह और राहुल सिंह टीम के साथ परी चौक पर पहुंचकर वाहन चेकिंग करने लगे। तभी आबकारी टीम को एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया, जिसको रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो उससे शराब मिली।

उज्बेकी बच्चे के मस्तिष्क से 4 सेमी लंबे आकार का ट्यूमर निकाला

नोएडा। फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने सात वर्षीय उज्बेकी बच्चे के मस्तिष्क के पिछले भाग हाइंडब्रेन से 4 सेमी आकार का ट्यूमर निकालने के लिए एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

मरीज का उपचार पोस्टीरियर फॉसा खोपड़ी के पिछले भाग में एक छोटे भाग में रीडू सर्जरी से किया गया। डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने करीब 5 घंटे चली इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को पूरा किया था। सर्जरी के 4 दिनों के बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दी गई। मरीज का इससे पहले, उज्बेकिस्तान में इलाज किया गया था।

2000 का नोट बदलने के नाम पर पांच हजार ठगे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में मेहंदी लगाने वाली युवती ठगी गई। एक महिला ने दो हजार रुपए वाले पांच नोट एक्सचेंज करने का झांसा देकर इस युवती से पांच हजार रुपए ठग लिए।

इतना ही नहीं, आरोपी महिला उसका मोबाइल लेकर भी रफू चक्कर हो गई। पीड़िता ने पुलिस स्टेशन जाकर एफ आईआर दर्ज कराई है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में जवाहर पार्क निवासी शना घर पर रहकर ही मेहंदी लगाने का काम करती है। शना के पास पड़ोसी ब्यूटी पार्लर संचालिका का गुरुवार को फोन आया। उसने कहा कि एक महिला शादी के लिए मेहंदी लगवाना चाहती है।

कुछ देर बाद ये महिला शना के घर पर आ गई और मेहंदी के रेट को लेकर बातचीत करने लगी। शना ने बताया कि इस दौरान उक्त महिला ने किसी से फोन पर बातचीत की और ये कहा कि उसको 2 हजार रुपए का नोट बदलने में दिक्कत हो रही है। फोन काटने के बाद महिला ने यही बात शना को बताई।

महिला ने शना से कहा कि वो उसे पांच हजार रुपए दे दे, इसके बदले वो दो हजार रुपए वाले पांच नोट दे देगी और एक्सट्रा के पांच हजार रुपए मेहंदी वाले काम में से काट लेना। शना इस झांसे में आ गई। आरोपी महिला अपने भाई से 10 हजार रुपए मंगवाने के बहाने शना को दिल्ली के सीमापुर बस डिपो पर लेकर पहुंच गई। शना से पांच हजार रुपए भी ले लिए। भाई को फोन करने की बात कहकर उसने शना से उसका मोबाइल भी ले लिया। इस दौरान वो महिला अचानक लापता हो गई। शना ने उसको काफी ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद शना को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने इस संबंध में दिल्ली के थान शाहदरा में एफआईआर दर्ज कराई है।

महिला का शव उसके फ्लैट में मिला

नोएडा। जिले के थाना बीटा- 2 क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली एक महिला का शव शुक्रवार को उसके फ्लैट में मिला है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह पुलिस को एकांकी इन्कलेव के एक फ्लैट से बदबू आने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब फ्लैट का दरवाजा खोला तो वहां रहने वाली मान कुमारी (25 वर्ष) पत्नी सुरेश पासवान मृत अवस्था में मिली। उन्होंने बताया कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। वहीं पुलिस कई एंगल से मामले की जांच कर रही है। कई लोगों से इस सिलसिले में बयान लिए गए है।

महिला सुरक्षा प्रीति यादव द्वारा थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत में मिशन शक्ति व साइबर जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं तथा कॉलेज स्टाफ को वूमन पावर लाइन-1090, डायल-112 आदि हेल्पलाइन नंबर/जानकारी देकर जागरूक किया गया।

पेरीफेरल पर टेंपो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, दो की मौत

नोएडा। जिले के थाना जारचा क्षेत्र के सैथली गांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर शुक्रवार को सुबह एक टेंपो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि सुबह करीब छह बजे एक टेंपो से रुक्मणी (60 वर्ष), राजीव (24 वर्ष) तथा प्रदीप (20 वर्ष) जा रहे थे। सिंह के अनुसार, तभी एक अज्ञात वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दी जिससे रुक्मणी और राजीव की मौत हो गई तथा प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रदीप को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

रसोई गैस सिलेंडर फटने से लगी आग

नोएडा। थाना फेस- वन क्षेत्र के सेक्टर 10 में शुक्रवार को एक मकान में रसोई गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि सेक्टर 10 में स्थित कृष्ण कुमार के घर में आज दोपहर को रसोई गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। दुबे ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्रेरणा स्थल पर बनाई वीडियो, दलित समाज में रोष

नोएडा। नोएडा थाना फेस-1 क्षेत्र में स्थित दलित प्रेरणा स्थल पर एक युवती ने अशोभनीय वीडियो बनाई तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवती ने वीडियो में दलित प्रेरणा स्थल पर विभिन्न प्रकार के गलत पोज देते हुए तथा मदिरा की बोतल पीते हुए की वीडियो बनाई है। इस बात से दलित समाज के लोगों में भारी रोष है। उनका कहना है कि यह स्थल दलित समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यहां पर इस तरह की वीडियो बनाना दलित समाज के भावनाओं को ठेस पहुंचाने है। दलित समाज के लोगों ने दलित प्रेरणा स्थल की देखरेख करने वाले लोगों पर भी सवालिया निशान उठाया है।

एसीपी की सजगता से फिजा खराब होने से बची

गाजियाबाद। एसीपी सुजीत राय ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही थी जिसमें विशेष समुदाय के दुकानदारों द्वारा एक युगल को धर्म के आधार पर धमकाया जा रहा था। राय ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कैला भट्टा क्षेत्र में रहने वाला शालू अब्बासी जब अपनी चचेरी बहन से बात कर रहा था तो उसी समय नवेद आदि युवकों ने उन दोनों को हड़काना शुरू कर दिया। उसी समय किसी ने उनकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी थी। राय ने बताया कि पुलिस अब उस व्यक्ति की तलाश कर रही है जिसने वीडियो को सोशल मीडिया पर डालकर फिजा को खराब करने का प्रयास किया।

निगम ने चलाया बुलडोजर, व्यापारी ने बंद किए बाजार

गाजियाबाद। नगर निगम की टीम ने गंज में अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर उतारा। नगर निगम की इस कार्रवाई से व्यापारी वर्ग में खलबली मच गई। व्यापारी नेता संदीप बंसल के नेतृत्व में नगर निगम की इस कार्रवाई का विरोध किया गया। संदीप बंसल ने कहा कि नगर निगम तानाशाही पर उतर आया है। व्यापारियों का जान-बूझकर उत्पीड़न किया जा रहा है। नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में गंज, घंटाघर, डासना गेट, सिहानी गेट, दिल्ली गेट आदि बाजार बंद कर दिए गए।

किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। मोदीनगर में बेसहारा पशुओं को पकड़वाने की मांग को लेकर शुक्रवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी से मिला और जमकर हंगामा किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि बेसहारा पशुओं के चलते फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। उपजिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसानों को शांत कराया। रालोद नेता सतेंद्र तोमर के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसान एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे। उपजिलाधिकारी संतोष राय ने किसानों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर नीटू, रणवीर, शिवकुमार, नरेंद्र कुमार, राधेश्याम, विजय, धर्मवीर, राजकिशोर सिंह व अन्य किसान मौजूद थे।

बारहसिंघा पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

गाजियाबाद। मुरादनगर में रावली कलां खैराजपुर मार्ग पर एक बाग में कुत्तों के झुंड ने बारहसिंघा हिरण पर हमला कर दिया। बाग स्वामी ने किसी तरह हिरण को बचाकर उसका इलाज कराया। वन विभाग की टीम ने हिरण को अपने कब्जे में लेकर उसका इलाज करना शुरू कर दिया है। यह पता लगाया जा रहा है कि बारहसिंघा हिरण कहां से आया है। गांव खैराजपुर निवासी लाल खान के रावली कलां खैराजपुर मार्ग पर आम के बाग हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे के आसपास एक दर्जन से अधिक कुत्तों के झुंड एक हिरण पर चिपट रहे थे। हिरण अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भाग रहा था। हमले के कारण वह गंभीर रूप से घायल भी हो गया था। जिस कारण चला भी नहीं जा रहा था। किसान लाल खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर कुत्तों को भगाकर हिरण की जान बचाई और उसका इलाज कराया। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग ने हिरण को अपने कब्जे में ले लिया है। वन निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि हिरण बारहसिंघा है और उसकी उम्र लगभग एक साल के आसपास है। वह अपने परिवार से बिछड़ गया है।

कामा होल्डिंग्स लिमिटेड

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com; वेबसाइट : www.kamaholdings.com

KAMA Holdings

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत				समेकित			
		तिमाही समाप्त		वर्ष समाप्त		तिमाही समाप्त		वर्ष समाप्त	
		31 मार्च 23	31 मार्च 22	31 मार्च 23	31 मार्च 22	31 मार्च 23	31 मार्च 22	31 मार्च 23	31 मार्च 22
		(1)	(2)	(3)	(4)	(1)	(2)	(3)	(4)
1	परिचालन से कुल आय	5395.29	7136.79	25431.18	10742.97	376835.26	356364.81	1507482.34	1250241.17
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (बंद प्रचालनों सहित)	5309.94	7075.96	25272.22	10542.20	73890.93	78768.92	299956.60	259314.72
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (बंद प्रचालनों सहित)	5322.52	7026.94	24845.82	10493.61	56578.96	60265.36	232444.82	188885.87
4	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सम्मिलित है)	5322.20	7027.15	24845.26	10493.80	64092.06	63449.69	218325.06	197235.02
5	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	641.81	645.26	641.81	645.26	641.81	645.26	641.81	645.26
6	प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) -								
	(क) मूल :	82.53	108.90	385.25	162.63	445.45	471.10	1,943.98	1,483.68
	(ख) तनुकृत :	82.53	108.90	385.25	162.63	445.45	471.10	1,943.98	1,483.68

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 26 मई, 2023

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Tejinder Bedi W/o Late S Dalip Singh Bedi R/o flat no. 1206, 2nd floor, Sector-A, Pocket-B, Vasant Kunj, New Delhi-110070 am the Owner/Allottee of Flat No. 1206, 2nd floor, Sector-A, Pocket-B, Vasant Kunj, New Delhi-110070 vide DDA file no F96(55)86/SFS/KG/II.

The original documents i.e. Allotment letter, Demand letter, DDA Possession Letter, NOC for Electric & Water connection, Site Possession Letter and all bank challan and others papers has been lost. An FIR of this has been lodged in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No: 477586/2023 on 24/05/2023.

Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9791096333 within 7 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, **Sharwan Kumar Aggarwal** S/o Som Parkash Aggarwal R/o **Flat No. 8344, GF, Pkt-8, Sec-C, Vasant Kunj, N.D** owner of **DDA SFS flat no.8344,GF,Pkt-8, Sec-C, Cat-III,Vasant Kunj,New Delhi.**All the original documents i.e. **Allocation Letter, NOC** for **water & electricity** and **Site Possession Slip** of the above property have been lost an FIR against this effect has been lodged in police station. Any person claiming any right interest having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone no. **9650010287** within 15 days from the date of publication of this notice the person claiming any right interest objections with respect to this property can personally inform. Or write to Dy. Director (SFS) or Director (H)-I, D-block,3rd floor,Vikas Sadan, INA,New Delhi-23.

नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **"Alshifa Multispeciality Hospital"** के प्रोटाकॉल के अनुसार **IPD records** की **files "MLC files"** के अलावा सभी **files** दिनांक **1 जनवरी 2015 से लेकर 31 दिसम्बर 2018** तक के सभी **files** को **दिनाक 3 जुलाई 2023** को नष्ट करने जा रहें हैं।

यदि किसी भी तरह के दावे के मामले में **"Medical Records officer" (Mr.Seikh Mohd. Asif Aadi)** से **1 जून 2023 से 30 जून 2023** तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

ALSHIFA Multispeciality Hospital
D-305, Abul Fazal, Enclave,
Jamia Nagar, New Delhi-110025

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अभिषेक शर्मा/ राजबाला शर्मा/ LBMAT00002105796	फ्लैट नंबर टी-7/605, टॉवर-7, छठी मंजिल, श्री राधा स्काई गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर 16 बी, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), नोएडा, उत्तर प्रदेश/ मई 24, 2023	जून 23, 2021 रु. 18,88,462/-	नोएडा/ मथुरा

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 26, 2023
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

सीएम आवास के नवीनीकरण पर खर्च हुए 52.71 करोड़

उपराज्यपाल को सौंपी गई सतर्कता निदेशालय की रिपोर्ट में खुलासा

● घर के पुनर्निर्माण पर 33.49 करोड़ और मुख्यमंत्री के लिए एक कैंप कार्यालय पर 19.22 करोड़ खर्च किए गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के नवीनीकरण पर कुल 52.71 करोड़ रुपए की लागत आई है। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की ओर से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सौंपी गई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के रिकॉर्ड के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि 52.71 करोड़ रुपए में घर के निर्माण पर 33.49 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री के लिए एक कैंप कार्यालय पर 19.22 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले नौ वर्षों में केजरीवाल की छवि खराब करने के अपने सभी प्रयासों में विफल रहने के बाद, भारतीय जनता पार्टी अब मुख्यमंत्री आवास को निशाना बना रही है। रिपोर्ट में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह कहा जा सके कि कोई अपराध किया गया है। यह पहली बार है कि मुख्यमंत्री के लिए एक आधिकारिक रिहायशी परिसर बनाया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री आवास, एक कार्यालय सचिवालय, एक सभागार और स्टाफ क्वार्टर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री ने मार्च 2020 में अतिरिक्त आवास व्यवस्था का प्रस्ताव दिया था जिसमें एक ड्राइंग रूम, दो बैठक कक्ष और 24 लोगों की क्षमता वाला एक भोजन कक्ष शामिल है। साथ में मौजूदा ढांचे में बदलाव कर ऊपर एक मंजिल डालने का भी प्रस्ताव दिया था।

पीडब्ल्यूडी ने छह फ्लैग स्टाफ रोड पर स्थित मौजूदा ढांचे को इस आधार पर गिराने का प्रस्ताव दिया कि यह वर्ष 1942-43 में बना पुराना ढांचा था और इसकी मियाद वर्ष 1997 में पूरी हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने सिफारिश की थी कि परिसर के भीतर अतिरिक्त निर्माण किया जा सकता है और मौजूदा बंगले को बैरिकेडिंग से अलग किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बार निर्माण पूरा हो जाने के बाद मुख्यमंत्री और उनका परिवार नए बंगले में स्थानांतरित हो सकता है और मौजूदा बंगले को गिराया जा सकता है।

विशेष सचिव (सतर्कता) वाईवीवीजे राजशेखर ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए हैं और इसे 12 मई को उपराज्यपाल को सौंपा गया था।

इसके एक दिन पहले ही ही उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण के मामले में फैसला आम आदमी पार्टी की सरकार के हक में दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी ने शुरू में अनुमान लगाया था कि निर्माण पर 15-20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 8.61 करोड़ रुपए का पहला टेंडर 20 अक्टूबर, 2020 को दिया गया था और इसमें नए भवन के निर्माण का जिक्र नहीं था। इसमें यह भी बताया गया कि वित्त विभाग के वर्ष 2020 के एक आदेश के खिलाफ कोविड महामारी के दौरान निर्माण कार्य किया गया था। आदेश में केवल आपातकालीन प्रकृति के व्यय की इजाजत थी।

एक साल पूरा होने पर वरिष्ठ अधिकारी के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना।

बिना दबाव मेहनत और ईमानदारी से काम करें नौकरशाह : एलजी

● बोले- मेरे कार्यकाल के एक साल में जितने काम हुए, उतने 10 साल में भी नहीं हो सकते थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को आईएएस अधिकारियों से बिना किसी दबाव के ईमानदारी से काम करने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि कोई उनको छू नहीं सकता। उनका कोई नुकसान नहीं होगा।

एलजी के रूप में शुक्रवार को एक साल पूरा होने पर उन्होंने अपने प्रशासन में किए गए कार्यों को सूचीबद्ध किया और दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछले एक दशक में भी इतना काम नहीं हुआ है। पिछले एक साल में दिल्ली में 17 हजार लोगों को पक्की नौकरी दी गई। उन्होंने कहा कि अत्यधिक दूषित यमुना में एक प्रत्यक्ष बदलाव आया है और उम्मीद है कि नदी का पुराना गौरव बहाल हो जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 28 साल और उसके बाद राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने आठ साल तक नदी की सफाई की निगरानी की, लेकिन नतीजा सिफर निकला। एनजीटी के आठ जनवरी के आदेश के बाद उन्हीं अधिकारियों के कार्यों में उल्लेखनीय अंतर आया है जो पहले भी परियोजना में शामिल थे।

इस आदेश के तहत यमुना की सफाई के लिए उपराज्यपाल की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया था।

सक्सेना ने दिल्ली जल बोर्ड के एक सहायक अभियंता का उदाहरण दिया, जो अपने भाई की मौत हो जाने के बावजूद एक दिन की छुट्टी के बाद काम पूरा करने के लिए ड्यूटी पर लौट आया था। उन्होंने कहा, ऐसे जुनून और समर्पण के सामने कोई भी काम मुश्किल नहीं है। तीन कचरे के पहाड़ों (लैंडफिल स्थलों) को हटाने के काम में पिछले एक साल में तेजी आई है। सक्सेना ने दिल्ली सरकार के आईएएस अधिकारियों से कहा कि नौकरशाही मूल्यों पर आधारित एक प्रणाली है, जिसमें करुणा, कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण समाहित है।

यह प्रणाली उस समय ढह जाती है, जब नौकरशाह लोगों से दूरी बनानी शुरू कर देते हैं। नौकरशाहों को लोकसेवक बनने के बजाए स्वयं को मालिक समझने की मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता है।

नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे केजरीवाल

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बोले दिल्ली सरकार को पंगु बनाया जा रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और केंद्र सरकार के बीच तनातनी जारी है। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार का ऐलान कर चुके केजरीवाल अब नीति आयोग की बैठक का भी बहिष्कार करेंगे। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है।

दो पन्ने के लेटर में उन्होंने लिखा, शनिवार को नीति आयोग की बैठक है। नीति आयोग का मकसद है भारत वर्ष का विजन तैयार करना और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह जनतंत्र पर हमला हुआ है, गैर भाजपा सरकारों को गिराया जा रहा है, तोड़ा जा रहा है या काम नहीं करने दिया जा रहा, यह न ही भारत वर्ष का विजन है और न ही सहकारी संघवाद।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गतआठ साल के लंबे संघर्ष के बाद उच्चतम न्यायालय में लड़ाई जीती और न्याय मिला, लेकिन मात्र आठ दिन में केंद्र ने अध्यादेश लाकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को पलट दिया। सीएम ने अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री देश के पिता समान होते हैं। इसलिए गैर भाजपा सरकारों को काम करने दें। पिछले कुछ वर्षों से देशभर में एक संदेश दिया जा रहा है कि यदि किसी राज्य में लोगों ने गैर भाजपा की सरकार बनाई तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा या ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर विधायकों को तोड़कर सरकार को गिरा दिया जाता है और अगर किसी पार्टी के विधायक न बिके और न टूटे तो अध्यादेश लागू करके या गवर्नर के जरिए उस सरकार को काम नहीं करने दिया जाता।

आज अगर दिल्ली सरकार का कोई अधिकारी काम न करे तो लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार उस बारे में कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। ऐसे सरकार कैसे काम करेगी, ये तो सरकार को बिल्कुल पंगु बनाया जा रहा है।

केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली ही नहीं, पूरे देश के लोगों में जबरदस्त विरोध है। जब इस तरह खुलेआम संविधान और जनतंत्र की अवहेलना हो रही है और सहकारी संघवाद का मजाक बनाया जा रहा है तो फिर नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। इसलिए शनिवार की मीटिंग में मेरा शामिल होना संभव नहीं होगा।

दिल्ली जल बोर्ड में जल्द लागू होंगे नए नियम

● कंपनी को भुगतान से पहले स्थानीय विधायक से सेटिस्फेक्शन सर्टिफिकेट लेना होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड अपनी परियोजनाओं को रफ्तार देने और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक नए नियम लागू करने की तैयारी कर रहा है।

नए नियमों मुताबिक विधायकों द्वारा उनकी संबंधित विधानसभा क्षेत्र में डीजेबी के काम करने वाली कंपनी को गुणवत्ता और काम पूरा होने के समय के आधार पर एक संतुष्टि प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जिसके आधार पर कंपनी को भुगतान किया जायेगा। इतना ही नहीं संबंधित कंपनी को काम शुरू करने से पहले काम का प्रोजेक्ट प्रोग्रेस प्लान भी विभाग को देना होगा। इस प्लान को स्थानीय विधायकों के साथ भी साझा किया जायेगा। इस बारे में डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है। सोमनाथ भारती ने कहा कि कई बार लोगों द्वारा पानी-सीवर के कामों में देरी और काम की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की जाती है। लेकिन कंपनी को भुगतान होने के बाद संबंधित कंपनी के खिलाफ कारवाई करना मुश्किल हो जाता है।

इसलिए विभाग नियमों में बदलाव कर नए नियम लागू करने की तैयारी कर रहा है। नए नियमों के मुताबिक कंपनी को भुगतान से पहले स्थानीय विधायक से सेटिस्फेक्शन सर्टिफिकेट लेना होगा। इस सर्टिफिकेट में विधायक द्वारा काम की गुणवत्ता और काम के पूरा होने के समय का आंकलन किया जाएगा। इसके बिना कंपनी को भुगतान नहीं किया जाएगा। इससे डीजेबी के कामों की गुणवत्ता और भी बेहतर होगी और साथ ही काम या प्रोजेक्ट्स बिना देरी के तय समय में पूरा हो सकेगा।

प्रोजेक्ट प्रोग्रेस प्लान दिलाएगा दिक्कतों से निजात डीजेबी नियमों में जल्द ही एक और नया नियम जोड़ने जा रहा है। अधर में अटके और धीमी गति से चल रहे प्रोजेक्ट्स को लेकर डीजेबी उपाध्यक्ष ने चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना का काम करने वाली कंपनियों को प्रोजेक्ट प्रोग्रेस प्लान भी जमा कराना होगा। प्रोजेक्ट प्रोग्रेस प्लान में कंपनी को बताना होगा कि संबंधित प्रोजेक्ट का कौन का काम कब तक और कैसे पूरा किया जाएगा।

यह प्लान काम करने वाली कंपनी को काम का टेंडर लेने के बाद निर्धारित समय में देना होगा। इस प्रोजेक्ट प्रोग्रेस प्लान को स्थानीय विधायकों के साथ भी साझा किया जाएगा।

नई संसद के उद्घाटन वाले दिन कई रास्ते रहेंगे बंद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे से शाम तीन बजे तक कई रास्ते आम लोगों के लिए बंद रहेंगे। केवल सार्वजनिक परिवहन, सिविल सेवा परीक्षा के उम्मीदवार, स्थानीय निवासी और आपातकालीन वाहनों को ही जाने दिया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला खाप पंचायत के समर्थन में उत्तर प्रदेश और हरियाणा से किसान दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश करेंगे। यातायात पुलिस के अनुसार, मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड, तालकटोरा गोल चक्कर, बाबा खड़क सिंह रोड, गोल डाक खाना, अशोक रोड, पटेल चौक गोल चक्कर, विंडसर प्लेस, जनपथ, अकबर रोड, तीन मूर्ति मार्ग यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेंगे।

टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड मामले में 80 जेल अफसरों-कर्मियों का तबादला

● पांच उप अधीक्षक, नौ सहायक अधीक्षक, आठ हेड वार्डर और 58 वार्डर शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने के बाद जारी तबादला आदेश की ताजा श्रृंखला के तहत पांच उप जेल अधीक्षक समेत 80 और जेल अधिकारियों का स्थानांतरण तीन जेल परिसर में कर दिया गया है।

एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने बताया कि तबादला आदेश बृहस्पतिवार को दिल्ली कारागार निदेशक संजय बेनीवाल के निर्देश पर जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि यह नियमित तबादला है। आदेश के मुताबिक, 80 अधिकारियों का तबादला तीन जेल परिसर-तिहाड़, मंडोली और रोहिणी में किया गया है। जेल अधिकारी ने कहा कि मंडोली स्थित मुख्यालय और तिहाड़ जेल परिसर में तैनात अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का तबादला किया गया है, उनमें पांच उप अधीक्षक, नौ सहायक अधीक्षक, आठ हेड वार्डर और 58 वार्डर शामिल हैं। बेनीवाल की ओर से 99 अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किए जाने के कुछ दिनों बाद यह ताजा तबादला आदेश जारी किया गया है। तिहाड़ जेल में गत दो मई को तेजपुरिया की कथित तौर पर गोगी गैंग के चार सदस्यों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

ज्ञात हो कि सोशल मीडिया पर वायरल एक सीसीटीवी वीडियो में कथित तौर पर ताजपुरिया पर सुरक्षाकर्मियों के सामने हमला करते हुए और उसे चाकू मारने के बाद ले जाते समय भी दिखाया गया है। मरते हुए ताजपुरिया को ले जाते समय बार-बार छुरा घोंपा गया तब कर्मियों ने कुछ नहीं किया। मामले में गोगी गैंग के दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान को हत्या का आरोपी बनाया गया है। जांच में सामने आया है कि सभी आरोपी पिछले एक-दो साल से टिल्लू की हत्या की प्लानिंग कर रहे थे। टिल्लू की हत्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें सभी आरोपी बेरहमी से टिल्लू की चाकू मारकर हत्या करते दिखे थे। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद थी लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी आरोपियों को रोकने की कोशिश नहीं की।

एम्स को वाई-फाई से लैस करने के लिए समिति गठित

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने अपने परिसर को वाई-फाई से पूरी तरह से लैस करने के लिए एक समिति गठित की है। एम्स में मरीज के इलाज के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियां होती हैं जिसके लिए पूरे परिसर में चौबीस घंटे सुरक्षित वाई-फाई की जरूरत है।

पांच सदस्यीय समिति पूरे परिसर को वाई-फाई से लैस करने के लिए 15 जून तक टेंडर जारी करेगी। एम्स के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास ने कहा है कि वर्तमान में सिर्फ नई इमारतें ही वाई-फाई से लैस हैं। सामान्य वाई-फाई नेटवर्क की कमी के कारण कई विभागों ने स्वयं के वाई-फाई नेटवर्क ले रखें हैं।

सचिवालय से फाइलों की चोरी का केस दर्ज कराएगी भाजपा

● तिवारी ने सीसीटीवी फुटेज दिखाकर किया दावा, कुछ लोग फाइल ले जाते देखे गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि सचिवालय भवन में विशेष सचिव (सतर्कता) वाईवीवीजे राजशेखर के कार्यालय से फाइलों की कथित चोरी के संबंध में पार्टी दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराएगी।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तिवारी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस मामले में भाजपा अदालत का दरवाजा भी खटखटाएगी। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने वह कथित सीसीटीवी फुटेज भी दिखाया जिसमें राजशेखर के कार्यालय के बाहर 15-16 मई की दरमियानी रात को कुछ लोगों को फाइल ले जाते हुए देखा जा सकता है। तिवारी ने आरोप लगाया, यह सीसीटीवी केजरीवाल सरकार की पोल खोल देता है।

राजशेखर के कार्यालय से फाइलें चुराई गईं और पास के एक कमरे में उनकी फोटोकॉपी कर ली गई क्योंकि अधिकारी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे विपक्षी नेताओं ने दिल्ली में आप सरकार की ऐसी कार्रवाई का समर्थन किया है, जिसके पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सेवाओं पर नियंत्रण के मामले में केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ उनका समर्थन मांगा था। इस मामले पर केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली पुलिस आयुक्त से मुलाकात करेगा और इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करेगा। राजशेखर ने 15-16 मई की दरमियानी रात को सचिवालय में उनका कार्यालय खोलने और फोटोकॉपी के लिए वहां रखी संवेदनशील फाइलों को ले जाने के संबंध में अपने वरिष्ठों को एक रिपोर्ट भेजी है। रिपोर्ट में उन्होंने आशंका जताई है कि घटना के दौरान फाइलों से शायद छेड़छाड़ की गई होगी।

केजरीवाल ने खरगे और राहुल से मांगा समय

● कांग्रेस बोली- पहले माफी मांगें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र द्वारा जारी अध्यादेश का विरोध करने के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के नेता राहुल गांधी से मुलाकात का समय मांगा है। इस पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा आप पहले कांग्रेस परिवार, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित और गांधी परिवार से माफी मांगे। इसके बाद समर्थन को लेकर बात आगे बढ़े तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इसमें कोई आपत्ति नहीं होगी।

केन्द्र सरकार ने 19 मई को दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश जारी किया था, जिसे आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरुद्ध बताया। केजरीवाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे और राहुल गांधी से भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक अध्यादेश के खिलाफ संसद में कांग्रेस का समर्थन हासिल करने और संघीय ढांचे पर हमले तथा मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात का वक्त मांगा है।

गौरतलब है कि अध्यादेश जारी किए जाने से महज एक सप्ताह पहले ही उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर कई विपक्षी दलों से समर्थन मांगा है।

ईडी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे संजय सिंह

नई दिल्ली। सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को अपने नजदीकी सहयोगियों के कई परिसर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया छापेमारी को लेकर कहा कि वह इस मामले में जांच एजेंसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।

सिंह ने कहा कि वह अडाणी एंटरप्राइज लिमिटेड के कथित घोटाले को लेकर भी उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर करेंगे। सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां सत्ता धारी दल भाजपा के इशारे पर उन्हें झूठे मामले में फंसाने की एक साजिश के तहत उनके और उनके सहयोगियों के पीछे पड़ी है।

उच्च न्यायालय में मिश्रित ई-सेवा केंद्र शुरू

● घर बैठे वादियो, वकीलों और जनता को वीडियो कॉन्फ्रेंस से मिलेगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सभी कार्य दिवस पर मिश्रित ई-सेवा केंद्र शुरू किया है ताकि वादियों, वकीलों और आम जनता को कहीं से भी अपने केस के बारे में जानकारी और अन्य सेवाएं हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की ई-कमेटी के दिशानिर्देश के अनुसार ई-सेवा केंद्र दिल्ली उच्च न्यायालय में 13 दिसंबर, 2021 को स्थापित किया गया और यह मिश्रित (हाइब्रिड) माध्यम से सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। अधिकारी ने कहा, अपने केस के बारे में जानकारी समेत अन्य सेवाओं के लिए वादी, वकील और आम जनता अपनी सुविधा के अनुसार कार्यालयों या घरों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए ई-सेवा केंद्र से संपर्क स्थापित कर सकती है।

वादियों और अधिवक्ताओं के लाभ के लिए ई-सेवा केंद्र पर मुफ्त में डिजिटलीकरण सेवा भी शुरू की गई है जो ई-फाइलिंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। ई-सेवा केंद्र जो जानकारी उपलब्ध कराएगा उनमें वाद सूची, मामलों की स्थिति, संबंधित पूछताछ, वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत की सुनवाई, दिल्ली में वर्चुअल यातायात अदालत में यातायात चालान और मुफ्त कानूनी सहायता शामिल है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को 'ई-फाइलिंग 2.0' सेवा की शुरुआत की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था किहमने आज सुबह 'ई-फाइलिंग 2.0' का अनावरण किया है। ये सुविधाएं सभी वकीलों के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध होंगी। जिन वकीलों के पास ये सुविधाएं नहीं हैं और जो तकनीक से परिचित नहीं हैं, उनकी मदद के लिए दो सुविधा केंद्र शुरू किए गए हैं।

डीयू ने की शिक्षकों के तीन हजार पदों की मंजूरी देने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने छात्र-शिक्षक अनुपात को बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 46 कॉलेजों में 3,000 से अधिक अतिरिक्त शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों को मंजूरी देने का आग्रह किया है।

अधिकारियों ने बताया कि दाखिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से छात्र-शिक्षक अनुपात प्रभावित हुआ है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ विश्वविद्यालय ने दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेजों में सैकड़ों शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों को मंजूरी देने का भी अनुरोध किया है।

एम एस टी सी लिमिटेड
MSTC LIMITED
जीवन विकास भवन, 30/31A, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002
दूरभाष : 23214201, 23213945
ई-नीलामी कार्यक्रम
एमएसटीसी द्वारा इकस टायर्स की ओर से ई-नीलामी सत्रा- (स्थान वार) के लिए दिल्ली - 9097, उन्नाव - 9098, हापुड़ - 9099, इंदौर - 9100, रायपुर - 9101, जम्मू-कश्मीर - 9104, शिमला - 9111 के तहत एसएमपीएल, डीसी डीसी कनाटर, एसी, डीसी- बैट-ए, बी, सी, बैटरी सेल, डीजी बैटरी (इलेक्ट्रोलाइट के साथ), एमएस सीट, सेन्टर नैनल, आईआईपीएमएल, एलसीडी कॉल, पीआईयू, रेक्टीफायर, मोडयूल, एसडीयू कायर एसएसटीएमएल, बैटरी चिलर, केज, एसीपीएमएल, स्टेबलाइजर, डीजी डीजीएल संबंध सहित (सभी निम्न कंबाई), डीसीडीबी, इन्वर्टर-एसीसी, एमएमएस सीट, पीसीसी, इत्यादि के निपटान के लिए 01.06.2023 को ई-नीलामी का आयोजन करेगा। अधिक जानकारी के लिए www.mstcecommerce.com एवं www.mstcindia.co.in पर जाएं।

गुरुग्राम की अनाजमंडी में सुविधाओं को लेकर हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात करते नवीन गोयल।

अनाजमंडी में सुविधाओं को लेकर चंडीगढ़ में मुख्य प्रशासक से मिले नवीन गोयल

गुरुग्राम में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में कृषि मंत्री के निर्देशों का भी दिया हवाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की अनाजमंडी में सुविधाएं देने और समस्याएं दूर करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने चंडीगढ़ में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात की। उन्हें यहां की समस्याओं संबंधी पत्र सौंपते हुए नवीन गोयल ने कहा कि व्यापारियों के हित में इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

नवीन गोयल ने कहा कि किसानों और व्यापारियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सुविधाएं दे रही है। मंडियों में ना तो किसानों को परेशानी हो और ना ही व्यापारियों को, इस पर सरकार का पूरा फोकस है। गुरुग्राम की अनाज मंडी में कई समस्याएं हैं। मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि गुरुग्राम की अनाजमंडी की हालत बहुत खस्ता है। यहां व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में नए शेड बनाए जाएं, फड़ को एडवांस लेवल का बनाया जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और अवैध गेट बंद किए जाएं। या फिर वहां पर लोहे के गेट लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इन सब समस्याओं के कारण व्यापारी भी असुरक्षित महसूस करते हैं। मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा ने मौके पर ही मंडी की सफाई कराने और गेटों के संबंध में तुरंत आदेश पारित किए। साथ ही आश्वस्त किया कि फड़ और शेड का निर्माण भी जल्द से जल्द करा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खांडसा रोड की सफाई और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास है। इसमें दुकानदार, व्यापारी सभी का सहयोग जरूरी है। नवीन गोयल ने मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरुग्राम में बतौर निगमायुक्त वे काफी सराहनीय कार्य करके गये हैं। गौरतलब है कि नवीन गोयल ने मंडी से संबंधी मुद्दा ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भी उठाया था। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव जोनल एडमिनिस्ट्रेटर गुरुग्राम नीतू धनखड़ को भी निर्देशित किया था कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

सैंकड़ों की पलटन के साथ हुड्डा निवास दिल्ली पहुंचे पंकज डावर

गुरुग्राम। शुक्रवार को पंकज डावर के नेतृत्व में राजीव यादव और हरकेश प्रधान के सैकड़ों समर्थक दल बल के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के निवास पर पहुंचे, जहां सभी कार्यकर्ताओं को दीपेंद्र हुड्डा ने ना सिर्फ गले लगाया, बल्कि उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल करके पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर पंकज डावर ने बताया कि गुरुग्राम के समाजसेवी राजीव यादव और हरकेश प्रधान दोनों ही समाज सेवा के कायज़ में बढ़-चढ़कर आगे रहते हैं और दर्जनों कॉलोनी के लोग इन दोनों समाजसेवी युवा नेताओं के समर्थन में भी रहते हैं, उन्होंने बताया कि आज दोनों समाजसेवी जैसे ही कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए दिल्ली चलने का रुख किया, इनके पीछे दर्जनों वाहनों में इनके समर्थक तैयार होकर इनके साथ दिल्ली तक पहुंचे और इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पंकज डावर ने बड़े दावे के साथ सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि जो मान सम्मान कांग्रेस पार्टी में उन्हें मिलेगा आज तक यह मान सम्मान कभी भी किसी अन्य पार्टी में किसी को मिला ही नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही है जो अपने कार्यकर्ताओं का सबसे अधिक ख्याल रखती है, इस मौके पर राजीव यादव और हरकेश प्रधान के साथ रामकिशन सरपंच, राजपाल यादव, रामेश्वर दास, प्रमोद शर्मा, सीताराम प्रजापति, अशोक यादव, ताराचंद प्रजापति, चंद्रपाल, राकेश, विपिन, धर्मपाल, नीरज, राजन, विशाल, धमेज्श, मुकेश, बलवीर सिंह, जय वीर, सजीव यादव हरकेश प्रधान के साथ चम्मन सौदा, ओमप्रकाश खरेरा, सुभाष बाबू खटाना, हरिचंद प्रजापति, ओम प्रकाश कायत मैनेजर, खेम चंद किराड़ मैनेजर, अमित बोहोत समेत अन्य लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, इनके साथ गुरुग्राम कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष खटाना, शेखर गुज्जर, भारत मदान, जयसिंह हुड्डा, गुरिंदरजीत सिंह भी मौजूद रहे।

बिजली निगम शहर को देगा 10 ट्रांसफार्मर, बिजली कट पर लगेगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

बिजली निगम ने 40 हजार की आबादी वाले शहर को पावर नौ कट जोन बनाने की कवायद शुरु कर दी है। पिछले चार साल से अधर में लटकी 9 करोड़ की योजना को सिरे चढ़ाया जा रहा है। शहर के दस स्थानों पर नये ट्रांसफार्मर लगाएं जा रहे है। बिजली निगम ने 40 हजार की आबादी वाले शहर को आज से चार साल पहले नौ पावर कट जोन बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा योजना को बीच में छोड़कर भाग जाने के कारण योजना अधर में लटक गई थी।

इस योजना को श्रेय चढ़ाने की कवायद एक बार फिर शुरू कर दी है। जिसको लेकर शहरी क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बहुत ही जल्द लाइनों से नंगी तारों को हटकर केवल बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। बिजली निगम के जेई सुमित गर्ग ने बताया कि नया ठेकेदार ने कार्य को तेजी से पूरा करने में जुट गया है। नगर परिषद के 13 वार्ड की करीब 48 मोहल्ले व कॉलोनियों में आवश्यकता के अनुसार एक हजार के लगभग पोल लगाए गए है।

> **नौ** करोड़ रुपये की योजना को पूरा होने के बाद मिलेगी बिना कट बिजली की आपूर्ति 24 घंटा रहेगी। बारिश होने पर बिजली की मांग कम हो जाएगी।
>
> **मुकेश कुमार**
> **एसडीओ बिजली निगम**

निगम से लाइनों पर बिछाई जाने वाली केवल भी उपलब्ध हो गई है। जेई ने बताया कि सामान देरी से मिलने के कारण अब तक रुका हुआ था। उन्होने बताया कि एक से डेढ़ माह में नई केवल बिछाने का कार्य पूरा हो जाएगा। अगस्त माह के पहले सप्ताह से शहरी बिजली उपभोक्ताओं को बिना कट बिजली की आपूर्ति होगी।

10 नये ट्रांसफार्मर लगेंगे : शहर को 24 घंटा बिजली आपूर्ति उपलब्धता के लिए 10 ऐसी कॉलोनी व मोहल्लों को चिंहित किया है। जहां पर अधिक लोड होने के कारण बिजली की आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। ऐसे स्थानों को बिना कट बिजली आपूर्ति देने के लिए नये ट्रांसफार्मर लगाएं जा रहे हैं।

10 नये ट्रांसफार्मरों में एक 100 व 200 केवीए क्षमता के नौ ट्रांसफार्मर लगाएं जा रहे है। अब तक पांच ट्रांसफार्मर को लगा दिया है। जिनमें दुर्गा कॉलोनी, देवीलाल रोड, राममंदिर, एचडीएफसी बैंक वाला मोहल्ला शामिल है। जिन पांच अन्य स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाएं जाएंगे। उनमें प्रेमभगतवाड़ा, बालूदा रोड, अंबेड़कर कॉलोनी आदि शामिल हैं।

दौलताबाद पीएचसी में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

गुरुग्राम। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शुक्रवार को पीएचसी दौलताबाद में डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में नि:शुल्क जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिका शर्मा ने चिकित्सालय में आए मरीजों को थायराइड ग्रंथि की बीमारी के बारे में जानकारी दी।

डॉ. नितिका ने शिविर में परामर्श लेने आए मरीजों को बताया कि थायराइड की बीमारी में सही समय पर जरूरी केयर और इलाज मिलने से इसे ठीक किया जा सकता है। इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए। रोजाना व्यायाम और योग का अभ्यास करें। इसके अलावा शरीर के लिए फायदेमंद और हेल्दी फूड्स का सेवन करें।

राज्य स्तरीय व अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता जारी

प्रतियोगिता में 16 जिलों के लगभग 250 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बोधराज सीकरी। पंकज यादव।

हरियाणा कैरम संघ तथा गुरुग्राम जिला कैरम संघ 25 से 27 मई तक केआर. मंगलम विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य व अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला संघ के अध्यक्ष बोधराज सीकरी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 16 जिलों के लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

सीकरी ने बताया कि राज्य प्रतियोगिता के तीन दिनों में 10 आयु वर्गों में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में 12 वर्ष से कम, 14 वर्ष से कम व 18 वर्ष से कम बालक बालिकाएं भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही पुरुष व महिला वर्ग में अंतर जिला टीम व एकल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। बोधराज सीकरी ने बताया कि यह आयोजन हरियाणा कैरम संघ के अध्यक्ष पंकज यादव, आईएएस, संयुक्त सचिव, भारत सरकार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। पंकज यादव ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए खेलने की, खाने की व रहने की व्यवस्था विश्वविद्यालय कैंपस में ही की जा रही है। राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी जिला संघों ने खिलाड़ी चुनने के लिए अपने-अपने जिलों में कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित की थी।

17 साल की मेहनत से चाचा-भतीजे ने खोजा ठहरे पानी से बिजली बनाने का फार्मूला

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

17 साल तक 10 बार विफलताओं के बाद 11वीं बार मिली सफलता

इससे पहले भी कई सफल प्रयोग कर चुके हैं मेवात के स्वर्ण सिंह व उनका भतीजा अंजू

अभी तक तो बहते पानी से, हवा से, सोलर पैनल से, कोयला से, डीजल-पेट्रोल से मुख्यत: विद्युत ऊर्जा पैदा की जाती रही है। कोयला, डीजल-पेट्रोल से प्रदूषण फैलता है। लेकिन अब प्रदूषण रहित ठहरे हुए पानी से भी ऊर्जा पैदा की जा सकेगी। इसका सफल प्रयोग किया है हरियाणा के अति पिछड़ा क्षेत्र कहे जाने वाले मेवात के रहने वाले चाचा-भतीजा स्वर्ण सिंह व अंजू ने। इस प्रयोग को सिरे चढ़ाने के लिए उन्हें एक-दो नहीं बल्कि 17 साल लगे हैं। अब उन्होंने इस प्रोजेक्ट को पेटेंट कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री को भेजा है।

वर्ष 1983 में दसवीं पास करने के बाद संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ देने वाले स्वर्ण सिंह अपने हर प्रोजेक्ट की सफलता में भतीजे अंजू को बराबर का श्रेय देते हैं। अंजू मात्र 14 साल की उम्र से ही उनके साथ कुछ नया करने के प्रयोग में जुटा है। वह भी दसवीं पास ही है। ये दोनों शुरू से ही कुछ नया करने के लिए प्रयोग करते रहते थे। कई प्रोजेक्ट पर उन्होंने काम किया और सफलता भी पाई।

पहले बात करते हैं ठहरे हुए पानी से बिजली पैदा करने की। स्वर्ण सिंह कहते हैं कि हमारे देश में ऊर्जा की बहुत अधिक खपत है। साल में कई महीने ऐसे होते हैं, जब हमारे यहां बिजली की मांग बढ़ती है और बिजली की पूर्ति नहीं हो पाती। हालांकि इसमें काफी सुधार भी आया है। बिजली की पैदावार के लिए उन्होंने नया तरीका खोजा। उनका कहना है कि अभी तक हवा से, बहते पानी से, सोलर पैनल से बिजली का उत्पादन किया जाता है। इनमें अगर बात करें सोलर पैनल की तो अगर सूरज ना निकले तो यह बिजली नहीं बना सकते। अगर हवा ना चलते तो भी बिजली नहीं बन सकती।

वर्ष 2006 में शुरू किया था प्रयोग : उन्होंने पानी के स्टोरेज से बिजली उत्पन्न करने का प्रयोग 17 साल पहले वर्ष 2006 में शुरू किया था। उनकी शिक्षा भले ही कम थी, लेकिन दिमाग में विजन बड़ा था। इसलिए उन्होंने एक के बाद एक विफलताओं के बाद भी हार नहीं मानी। हर बार गिरे यानी हारे और फिर उठकर चले। स्वर्ण सिंह के मुताबिक स्टोरेज यानी खड़े पानी से बिजली बनाने के उनके 10 बार के प्रयोग फेल हुए और 11वीं बार कामयाबी हासिल हुई। इस प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनाया गया ग्रेवटी फोर्स इंजन पानी में अप-डाउन यानी ऊपर-नीचे होते हुए ऊर्जा पैदा करती है। एक मशीन पानी के बाहर रहती है और दूसरी पानी के भीतर। इस मशीन को उन्होंने नाम दिया है-ग्रेप्टी फोर्स इंजन। इसके माध्यम से ही उन्होंने बिजली पैदा करने के प्रयोग को सिरे चढ़ाया है। इसमें जीरो प्रतिशत प्रदूषण है।

स्कूल, इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों, शिक्षकों ने भी सराहा: अपने इस प्रयोग की सफलता के बाद स्वर्ण सिंह ने स्कूल, इंजीनियरिंग कालेज से विज्ञान के अध्यापकों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक अधिकारियों को प्रोजेक्ट देखने के लिए आमंत्रित किया। सभी ने उनके इस प्रोजेक्ट को सराहा और इसे भविष्य के लिए बेहतर बताया। स्वर्ण सिंह दावे के साथ कहते हैं कि इस प्रोजेक्ट को विश्वभर में कोई फेल नहीं कर सकता। उनका कहना है कि यह प्रोजेक्ट फिजिक्स के दायरे से बाहर है, लेकिन यह अपने आप में 100 फीसदी सत्य भी है। इस प्रयोग से सोलर पैनल से चार गुणा कम कीमत पर चार गुणा अधिक पावर मिलेगी। 24 घंटे इससे ऊर्जा का उत्पादन होगा। उन्होंने अपने इस सिद्धांत को पेटेंट कराने यानी सरकार की मान्यता दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा है। जहां से रिसीविंग का पत्र उन्हें भेजा गया है। इस पर आगामी कार्यवाही का इंतजार है। उन्होंने दावा किया है कि विश्व में इस तरह का प्रयोग पहली बार हुआ है।

दो सफल प्रयोग का हो चुका है पेटेंट : चाचा-भतीजे की इस जोड़ी के दो सफलतम प्रयोगों को सरकार की ओर से पेटेंट भी दिया जा चुका है। इसमें एक है इंजन का चौकीदार और दूसरा मैकेनिकल वाटर ओवरफ्लो का कंट्रोल सिस्टम। स्वर्ण सिंह व अंजू बताते हैं कि खेतों में जब किसान इंजन से ट्यूबवैल चलाकर पानी देता है तो कई दिक्कतें आती हैं। कभी पटा उतर जाता है, कभी डीजल खत्म हो जाती है। ऐसे में किसान की भागदौड़ बनी रहती है।

सीएम उड़नदस्ता टीम की छापामारी में 7 में से 6 पटवारी मिले गैरहाजिर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

शुक्रवार को सोहना तहसील कार्यालय में जांच पड़ताल के लिए पहुंची सीएम उड़नदस्ता टीम।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के छापे में 7 में से 6 पटवारी अपने कार्यालयों से गैरहाजिर मिले। मुख्यमंत्री की टीम ने गैरहाजिर पटवारियों के कार्यालय से दस्तावेज जुटाने के बाद जांच शुरू कर दी है। तहसील कार्यालय में टीम को सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद तथा कामकाज सही पाया गया।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने ड्यूटी मजिस्टेट नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारी नईम हुसैन की मौजूदगी में तहसील कार्यालय में कामकाज व कर्मचारी व अधिकारियों की मौजूदगी देने के लिए पहुंची। तहसील कार्यालय में टीम को यहा का कामकाज व कर्मचारी से लेकर अधिकारी मौजूद मिले। यहां का कामकाज सामान्य व सुचारु रूप से चलता पाया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर बने 7 सर्कल पटवारियों के एक बाद एक कार्यालय पर पहुंची। 6 पटवारी अपने कार्यालय से नदारद मिले और उनके अपने स्तर पर लगाए गए छोटे कर्मचारी सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करते हुए पाए गए। इस दौरान सीएम उड़नदस्ता की टीम ने सभी गैरहाजिर पटवारियों के कार्यालय से कुछ जरूरी दस्तावेज बरामद किए। इस अवसर पर ड्यूटी मजिस्टेट नईम हुसैन ने बताया कि तहसील कार्यालय में कार्य संतुष्टपूर्ण मिला। लेकिन जो छह पटवारी अपने पटवार घर से गैर हाजिर मिले हैं। उनके कार्यालय से कुछ ऐसे दस्तावेज लिए गए है। जिनकी जांच की जाएगी। जांच के दौरान पाई जाने वाली खामियों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नागरिक अस्पताल के लिए रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की मांग की

नागरिक अस्पताल में 3 से 4 महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ की बहुत आवश्यकता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना का नागरिक अस्पताल।

स्थानीय नागरिक अस्पताल के एसएमओ ने विभाग के उच्चाधिकारियों से हड्डी रोग विशेषज्ञ से लेकर ऐनेस्थेशिया, महिला रोग विशेषज्ञ और सर्जन डॉक्टर की मांग की है। जिससे रोगियों को स्थानीय अस्पताल में ही उचित उपचार दिया जा सके।

स्थानीय नागरिक अस्पताल में सडक हादसा से लेकर, लड़ाई झगड़ा में घायल होने वाले नागरिकों को रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के न होने गुरुग्राम के लिए रेफ र कर दिया जाता है। आपातकाल वार्ड में आने वाले लड़ाई झगड़ा व सड़क हादसों में घायल होने वालों को रेफर ही कर दिया जाता है। ऐसे में रोगी व घायल अपनी जान हथेली पर रख भगवान भरोसे अन्य अस्पताल तक पहुंच पाते हैं। ह्दय रोगियों को तो तुरन्त प्रभाव से रेफर करने में डॉक्टर कोई देरी नहीं करते हैं। मार्च माह के पहले सप्ताह में जिला पलवल का गांव असावटा निवासी की भी सोहना से गुरुग्राम जाते समय बीच रास्ते में मौत हो गई थी। इसके अलावा गंभीर हालत वाले रोगियों में से 10 फीसदी ही बच बाते हैं। 90 फ ीसदी की बीच रास्ते में हालत इतनी गंभीर हो जाती है कि उनका बच पाना बहुत ही मुश्किल होता है।

90 फीसदी मरीज होते हैं रेफर : नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में एक माह के अंदर 100 से 150 लोग उपचार कराने के लिए आते हैं। जिसमें से 90 फीसदी को गुरुग्राम या जिला नूह के नल्लहड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है। यदि सर्जन, हड्डी रोग विशेष और एनेस्थेशिया का डाक्टर होने पर रोगी या घायल को रेफर नहीं किया जाएगा। स्थानीय अस्पताल में सही समय पर उपचार मिलने पर उसकी जान बच सकती है।

> **नागरिक** अस्पताल में 3 से 4 महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ की बहुत आवश्यकता है। जिसकी मांग उससे पहले अस्पताल के अधिकारी मांग करते रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि ब्लैड बैंक तक की सुविधा है, लेकिन सर्जन व एनेस्थेशिया डॉक्टर के होने से आपात काल में आने वाले घायल या रोगी की जान बचाई जा सकती है।
>
> **डॉ. दशरथ राव (एसएमओ)**

बीजेपी के फिरोजपुर झिरका से कई नेता जेजेपी में शामिल

गुरुग्राम। जननायक जनता पार्टी के स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रिशीराज राणा ने नूह जिले में बीजेपी को झटका देते हुए फिरोजपुर झिरका के मंडल सचिव, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रमुख राहुल राठौर को जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाई। राहुल राठोर फिरोजपुर झिरका नगरपालिका के दो बार चेयरमैन रहे रामलाल साहू के पोते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल्द आने वाले समय मे पार्टी में शामिल होने वालों की संख्या में और इजाफा होगा। इस अवसर पर नरेश यादव, अख्तर अली, सुरेंद्र गुलिया, दीपक यादव, सन्नी कटारिया आदि साथी भी उपस्थित रहे।

कॉलेजदेखों सारथी-एडमिशन फेयर मेले में देहरादून के हजारों छात्रों को मिली कॅरियर की सही राह

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

उज्जवल भविष्य पाना हर एक छात्र का सपना होता है लेकिन, इसे पूरा करने के लिए सही राह का पता होना बहुत जरूरी है। इसी लक्ष्य के साथ कॉलेजदेखों सारथी के तहत उत्तराखंड के देहरादून में एडमिशन फेयर मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में हजारों की संख्या में विभिन्न वर्ग के छात्र शामिल हुए और प्रोफेशनल (पेशेवरों) से अपने करियर को लेकर सही परामर्श (काउंसलिंग) पाया।

भारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद उच्च शिक्षा प्रदाता कॉलेजदेखो द्वारा देहरादून में आयोजित इस दो दिवसीय एडमिशन फेयर मेले में ऋषिकेश, रूड़की, हल्द्वानी एवं अन्य क्षेत्रों के छात्रों ने हिस्सा लिया। मेले में लगभग 150 से अधिक विद्यालयों के हजारों छात्रों ने भाग लिया। अपने रूचि के अनुसार कॅरियर विकल्प चुनने का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मेले के दौरान कॉलेजदेखो के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने जिले के मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्रों ने अन्य छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी के सुझाव दिए। अभिनव ने छात्रों को कई सत्र में करियर मार्गदर्शन भी दिया। अभिनव उपाध्याय ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हुए कहा, ''कॉलेजदेखो सारथी का देहरादून चरण एक अविश्वसनीय रूप से सफल और सकारात्मक अनुभव साबित हुआ है। मेले में भाग लेने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों दोनों द्वारा प्रदर्शित कॅरियर संबंधी जागरूकता के उल्लेखनीय स्तर से मैं वास्तव में प्रभावित हुआ। बच्चों के साथ अभिभावक भी जागरूकता के साथ काउंसलर से सवाल पूछते दिखे। हमारा कॉलेजदेखो एश्योर्ड प्रोग्राम, जो उद्योग की मांगों, आश्वासन के अनुरूप नौकरी के लिए तैयार कोर्स और 100 फीसद प्लेसमेंट ऑफर करता है, इसके प्रति छात्रों में बेहद रूचि देखी गई।'' मेले ने छात्रों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया, जिसमें व्यक्तिगत ध्यान और एक सहज प्रवेश प्रक्रिया शामिल थी। एंट्री पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर वे हाल ही में लॉन्च किए गए कॉलेजदेखो कम्पास का एक्सेस पा सकते थे, जो मुफ्त साइकोमेट्रिक असेसमेन्ट टेस्ट है। इस टेस्ट को पूरा करने के बाद उन्हें तुरंत एक रिपोर्ट दी गई, जिसमें बताया गया कि उनके व्यक्तित्व के अनुसार कॅरियर का कौन सा मार्ग उनके लिए उचित रहेगा। देश भर के कॉलेजों में एडमिशन के लिए छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कॉलेजदेखो हर सामाजिक-आर्थिक वर्ग एवं हर एकेडमिक पृष्ठभुमि से जुड़े छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर है।

बिजनेस कोच राजीव तलरेजा और उनकी कंपनी क्यूएल वन ने किया प्रोफीकोर्न-2023 का आयोजन

बिलेनियर निथिन कामथ और 650 से अधिक एमएसएमई ने इस सफल कार्यक्रम में हिस्सा लिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

23 और 24 मई को एशिया की सबसे बड़ी बिजनेस कोचिंग कंपनी क्यूएल वन ने एमएसएमई कारोबार मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफीकोर्न 2023 की शुरूआत 650 से अधिक लोगों के बैंगलोर आगमन के साथ हुई, जो एशिया के सभी कोनों से 2 दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में 6 प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं बिज़नेस लीडरों ने कारोबारों मालिकों को सम्बोधित किया।

प्रवक्ताओं में शामिल थे-भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा के संस्थापक, बिलेनियर निथिन कामथ; ईज़ माय ट्रिप के संस्थापक प्रशांत पिट्टी; सनराईस कैंडल्स के संस्थापक भावेश भाटिया, जूजल के संस्थापक राजेश डेम्बला, जो डिजिटल कॉमर्स के लिए भारत का सबसे बड़ा माइक्रो डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क बना रहे हैं, भारत के सबसे पसंदीदा आईसक्रीम ब्राण्ड्स में एक नैचुरल्स आईस क्रीम के संस्थापक रघुनंदन और सिद्धार्थ कामथ। निथिन कामथ ने राजीव तलरेजा के साथ बातचीत के दौरान कहा, ''बिजनेस मालिक होने के नाते ज़रूरी है कि आप उत्सुकता एवं उत्साह बनाए रखें। आपको हमेशा जोश के साथ आगे बढ़ना है, कारोबार के नए अवसर कभी भी आपके सामने आ सकते हैं!'' प्रशांत पिट्टी ने बताया, ''भारत एंटरेप्रेन्युर बनने की इच्छा अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक है। ऐसे में मेरा मानना है कि आने वाले सालों में देश में एमएसएमई की संख्या तेजी से बढ़ेगी!' कार्यक्रम में 9 प्रेरक एमएसएमई ने अपने विकास की कहानी के बारे में बताया, इस मौके पर क्यूएल वन के साथ 1-टू-1 कोचिंग हुई। इन कारोबार मालिकों ने महामारी के दौरान बहादुरी का प्रदर्शन किया है। जब उनके पारिवारिक कारोबार पर ताले लगने की नौबत आ गई थी, उन दौर में वे साहस के साथ आगे बढ़े और अपने कारोबार को फिर से मुनाफा कमाने वाले सफल व्यवसाय के रूप में स्थापित किया। इसके बाद बिज़नेस सक्सेस अवॉर्ड्स दिए गए, जिकने तहत 30 कारोबार मालिकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कारोबार में विकास की अद्भुत कहानियां प्रस्तुत की हैं।

प्रोफीकोर्न में क्यूएल वन के संस्थापक राजीव तलरेजा और एवं सह-संस्थापक करण हसीजा ने क्यूएल वन ऐप के लॉन्च की घोषणा भी की। इस ऐप को खासतौर पर बिज़ेस मालिकों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन फीचर्स के साथ उनके कारोबार के विकास में मदद करेगा। ऐप के साथ-साथ अपनी तरह की पहली बिज़नेस सक्सेस मैगज़ीन के पहले कवर का अनावरण भी प्रोफीकोर्न 2023 के दौरान किया गया। यह मैगज़ीन लघु, मध्यम एवं छोटे उद्यमों की प्रेरक कहानियों को समर्पित है।

मॉल के सामने अवैध पार्किंग में पर्ची काटते दो धरे

फरीदाबाद। शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने दो शॉपिंग मॉल के सामने अवैध पार्किंग करवाकर वाहन चालकों की पर्ची काटते दो लोग पकड़े हैं। टीम ने मथुरा हाईवे पर ईएफ3 मॉल व मेनहट्टन मॉल के सामने ग्रीन बेल्ट पर अवैध पार्किंग की सूचना प्राप्त होने पर एएसआई शिव कुमार, प्रेम सिंह जेई एचएसवीपी व स्थानीय पुलिस के साथ टीम बनाकर संयुक्त रेड की गई।

मौके पर दो लोगों ओमप्रकाश बाली जिला आरा बिहार व सुरेंद्र निवासी गांव बहबलपुर फरीदाबाद एचएसवीपी विभाग की जमीन में पर्ची काटकर पार्किंग करते हुये मिले। जिनसे पार्किंग के दस्तावेज पेश करने के बारे में कहा परंतु कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पूछने पर बताया कि वे दीपक नाम के व्यक्ति के लिए काम करते हैं। ये लोग प्रति गाड़ी 30 रूपये वसूलते हैं। जिनके विरुद्ध अभियोग अंकित करने के लिए एक दरखास्त स्थानीय पुलिस को दी गई है, ताकि नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके।

राजकीय बहु तकनीकी उटावड़ में आयोजित हुआ पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा लेकर किया शॉर्टलिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ में ग्लोबल लॉजिक, गुरुग्राम, कंपनी द्वारा पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य, डॉ संदीप खरब में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ एवं कलस्टर में उपस्थित राजकीय बहुतकनीकी मंडकोला, राजकीय बहुतकनीकी मालब तथा राजकीय बहुतकनीकी ईंडरी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न चरणों में चली इस चयन प्रक्रिया में विशेषताएं सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, ऑफिस मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन के कुल 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कंपनी की तरफ से आए हुए डेलिगेट्स हरप्रीत सिंह, असिस्टेंट मैनेजर संजय रैकवार, असिस्टेंट मैनेजर, अमित सेन, टीम लीड ऑपरेशंस, रोहित नैयर, टीम लीड ऑपरेशंस ने आए हुए सभी छात्र छात्राओं की लिखित परीक्षा ली तथा शॉर्टलिस्ट हुए छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। प्रधानाचार्य ने आए हुए कंपनी के अधिकारियों का संस्थान में पधारने पर धन्यवाद किया। उन्होंने विभिन्न संस्थानों से आए हुए छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया तथा छात्र छात्राओं को पूरे आत्मविश्वास के साथ चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राओं को मौका दिए जाने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य ने कंपनी के अधिकारियों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी, ऑफिस मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन, प्रभारी अधिकारी, सिविल इंजीनियरिंग, प्रभारी अधिकारी, कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल का विशेष योगदान रहा।

केजीपी पर सड़क हादसे में बच्चे की मौत व पांच घायल

खाटू श्याम के दर्शन के लिए जा रहा था परिवार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केजीपी एक्सप्रेस-वे पर एक कार नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा गड्ढे व साइड से तेज गाडी निकालने से संतुलन बिगड़ने पर हुआ।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार, जिला बुलंदशहर (यूपी) के लौहगला निवासी राहुल ने दिए बयान में कहा है कि वैगनार कार में उसका बेटा आठ वर्षीय नक्ष, चंचल, पंकज, आंचल, राजबाला व कार चालक शाह आलम सवार थे। केजीपी एक्सप्रेस-वे के रास्ते गाड़ी में सवार होकर सभी परिवार के सदस्य राजस्थान स्थित खाटू श्याम जी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। गाड़ी जब पलवल के निकट पहुंची तो केजीपी में बने गड्ढे व साइड से तेज रफ्तार से निकली गाड़ी के कारण उनकी वैगनार कार का बैलेंस खराब हो गया। बैलेंस खराब होने से उनकी कार केजीपी एक्सप्रेस-वे पर पलटा मारते हुए हाईवे से नीचे जा गिरी।

गाड़ी पलटने से नक्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चंचल, पंकज, आंचल, राजबाला व कार चालक शाह आलम घायल हो गए। गाड़ी से लोगों को जैसे-तैसे निकाल कर उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। जिला नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों ने नक्ष को मृत घोषित कर शव मोरचरी में रखवा दिया, जबकि बाकि घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले गए।

नीलगाय सामने आने से बाइकों में भिडंत, दो युवकों की मौके पर मौत

पलवल। हाईवे पर आल्हापुर गांव के पास अचानक नील गाय आने से दो बाइकों का संतुलन बिगड़ गया और दोनों आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची शहर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया।

शहर थाना के पुलिस जांच अधिकारी सतपाल के अनुसार हथीन निवासी हरकेश व दीघोट गांव निवासी समय सिंह अपनी-अपनी बाइकों पर सवार होकर नेशनल हाइवे पर जा रहे थे, लेकिन जब उनकी बाइक आल्हापुर गांव के निकट पहुंची तभी बाइकों के आगे नील गाय आ गई। नील गाय आने से दोनों बाइक चालक संतुलन खो बैठे और आपस में टकरा गए। बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दीघोट गांव निवासी राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भाई समय सिंह शाम सात बजे घर से पृथला स्थित एक निजी कंपनी में ड्यूटी जाने के लिए निकला था, लेकिन जब उसकी बाइक नेशनल हाइवे पर आल्हापुर गांव के निकट पहुंची तो बाइक के आगे नील गाय आ गई, जिससे उसका संतुलन खराब हो गया और हथीन निवासी हरकेश की बाइक से टकरा गई। जिससे मौके पर उसके भाई 39 वर्षीय समय सिंह की मौत हो गई। वहीं, हथीन निवासी लालाराम ने दिए बयान में कहा कि उसका 26 वर्षीय बेटा हरकेश किसी काम से बल्लभगढ़ गया था। वापस हथीन आते समय बाइक दीघोट गांव निवासी समय सिंह की बाइक से टकरा गई। जिससे मौके पर ही हरकेश की मौत हो गई।

पलवल में पत्नी की मौसी को भगाकर की शादी

पलवल। हथीन इलाके में एक व्यक्ति अपनी पत्नी की मौसी को लेकर फरार हो गया। पत्नी के जीवित रहते हुए उसने दूसरी शादी कर ली। विरोध करने पर वह पत्नी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। 18 मई से कहीं दूसरी जगह छुप कर रह रहा है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसके पति व उसकी मौसी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हथीन थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2021 में नांगल जाट गांव निवासी एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से वह अपने पति के साथ रह रही है। शादी के बाद उसने एक बेटी को जन्म दिया, जो डेढ़ वर्ष की है। उसने बताया कि 18 मई को उसका पति उसके रिश्ते में मौसी लगने वाली महिला के साथ भाग गया। उसकी मौसी भी पहले से शादीशुदा है। अब उसके पति ने उसकी मौसी से शादी कर ली है। उसके दहेज का सारा सामान व सोने-चांदी के आभूषण उसके पति ने अपने कब्जे में ले लिए। वह 18 मई से उसकी मौसी के साथ अज्ञात स्थान पर छिप कर रह रहा है। विवाहिता ने बताया कि जब उसने अपने पति को दूसरी शादी करने से रोका तो उसने धमकी दी कि अगर कोई कानूनी कार्रवाई की तो, उसे जान से खत्म कर देगा। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने शादीशुदा होते हुए दूसरी शादी करके कानूनी अपराध किया है और मेरी व मेरी बच्ची की जिंदगी खराब कर दी।

यूपीएससी की परीक्षा के लिए केंद्र परीक्षकों व सुपरवाइजरों को दिए टिप्स

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

यूपीएससी की अंडर सेक्रेटरी समीक्षा ने कहा कि 28 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षाओं के लिए किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा किसी भी अधिकारी की अंदर जाने पर पाबंदी है। उन्होंने कहा कि जिले में 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

एसडीएम परमजीत चहल ने इस संबंध में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट अफसर और निरीक्षण अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधों के लिए सभी अधिकारी अपने कार्य दायित्व के बारे में यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर लें। उन्होंने ट्रांजिट ऑफिसर को सेंसिटिव मटेरियल लाने व ले जाने की यूपीएससी हिदायतों की पूर्ण जानकारी लेने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों की पालना करना सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है। इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरतें, क्योंकि ऐसा करने वाले व दोषी पाए जाने वाला व्यक्ति इसके लिए खुद जिम्मेवार होगा। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र का गेट खुलवाएं और 10 दस मिनट पहले परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया जाए। जिसके बाद किसी भी विद्यार्थी को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परीक्षार्थी अपना ई-एडमिट कार्ड की वेरिफिकेशन के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड या भारत सरकार द्वारा मान्य कोई भी दस्तावेज जिस पर उनकी फोटो हो साथ ला सकते हैं।

ऑल इंडिया सैनी समाज की बैठक में महिलाओं के रोजगार पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

ऑल इंडिया सैनी समाज पलवल की महिला जिला अध्यक्ष शालिनी सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं के अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर कमलेश, चमेली, गीता, मंजू, शांति, नित्या और चंचल मौजूद थीं। जिला अध्यक्ष शालिनी सैनी ने कहा कि संस्था द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

महिलाओं को सेल्फ हेल्फ ग्रुप बनाने तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है। महिलाओं को शिक्षित करना प्रमुख उद्देश्य है। महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। शालिनी सैनी ने कहा कि महिलाओं का समाज के निर्माण में अहम योगदान होता है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर कार्य करना चाहिए। सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह को आर्थिक रूप से मदद प्रदान की जाती है। बैठक में महिलाओं के लिए एक सिलाई सेंटर खोलने पर विचार विमर्श किया गया। ऑल इंडिया सैनी समाज के प्रदेश सचिव मानक चंद सैनी ने कहा कि ऑल इंडिया सैनी समाज महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर, कंप्यूटर सेंटर, ब्यूटीशन, कढ़ाई बुनाई सहित अन्य कार्यों के दक्ष करने के लिए संस्था द्वारा हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को साकार करते हुए हमें बेटियों को शिक्षित करना चाहिए।

फरीदाबाद में प्लेटफार्म प्रणाली के तहत हो मूलभूत सुविधाएं : पी राघवेंद्र राव

ग्रीन फरीदाबाद-क्लीन फरीदाबाद में लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए की मंत्रणा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेंद्र राव समीक्षा बैठक में सुझाव सांझा करते हुए।

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेंद्र राव ने कहा कि फरीदाबाद में एनजीटी की गाइडलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के तहत आमजन के लिए सुविधाएं हों। जिनमें बिजली, स्वच्छ पेयजल सप्लाई, सीवरेज व्यवस्था तथा पार्को और स्वच्छ वातावरण व पेड़-पौधों सहित मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिएं।

ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद में लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए की अधिकारियों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। पी राघवेंद्र सेक्टर-15 के जिमखाना क्लब में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारियों तथा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान जन आंदोलन बनाया जाए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

बैठक में प्रशासन, एमसीएफ, टाउन प्लानिंग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारी और आरडब्लूए के गैर सरकारी सदस्यों की उपस्थिति में मंत्रणा की गई। बैठक में सैक्टरों में चार मंजिला भवन बनाने और पुराने शहर में एनजीटी की गाइडलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की गई। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर/ क्लीन व ग्रीन बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों, सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों की बैठक सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर आपसी समन्वय के साथ इस मिशन को लेकर बेहतर क्रियान्वयन को आगे लेकर जाना है। यही नहीं, हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिशन से जोड़ना है, तब कहीं जाकर हम बदलाव की स्थिति में आएंगे और फरीदाबाद को एनजीटी की हिदायतों के अनुसार ग्रीन और क्लीन फरीदाबाद बनाएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने के लिए बैठक में विस्तार पूर्वक प्रशासनिक तथा तकनीकी अधिकारियों और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के सुझाव सांझे किए गए। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि ठोस कचरा शैडो का सामुहिक सहयोग से सदुपयोग किया जाये। तरल कचरा प्रबंधन द्वारा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। इस कार्य के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करें।

बैठक में एमसीएफ कमिश्नर जितेंद्र दहिया ने फरीदाबाद के शहरी क्षेत्रों में एक-एक करके बिंदुवार सभी प्वाइंटों के बारे में बारिकी से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व चीफ टाऊन प्लानर दिलबाग सिंह सिहाग, मुख्य टाउन प्लानर एचएसआईआईडीसी दिनेश चौहान, एचएसवीपी एंड टीसीपी सीनियर टाउन प्लानर विजेंद्र राणा, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, चीफ इंजीनियर एमसीएफ ओपी करदम, एमसीएफ के टाउन प्लानर धर्मपाल सिंह, वेदप्रकाश, डीटीपी इंक्रोचमेंट राजेंद्र शर्मा, एचएसवीपी के अधीक्षक अभियंता संदीप दहिया, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार, प्रदूषण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कनोडिया सहित अन्य लोगों के साथ सुझाव सांझे किए गए।

विद्यार्थियों व कर्मचारियों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम, जिसमें डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू शामिल रहे, उन्होंने शिविर का संचालन किया। एसके तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

संक्षिप्त समाचार

यूपीएससी की परीक्षा के लिए केंद्रों पर धारा 144 लागू

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने 28 मई को यूपीएससी द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इन आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो भारतीय दंड 188 के तहत दंडित किया जाएगा। जारी किए गए आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक लोग इकट्ठा होने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से प्रवेश नहीं कर सकता है। आदेशों की अवहेलना करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। परीक्षा केंद्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि में सभी फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि भीड़ परीक्षा केंद्र के आसपास जमा हो सकती है और बाधा उत्पन्न कर सकती है।

बाइक सवार युवकों ने छात्रा से की छेड़छाड़

पलवल। स्कूल से लौट रही छात्रा से बाइक सवारों ने छेड़छाड़ की। जब छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गुदपुरी थाना पुलिस ने छात्रा की मां की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। गदपुरी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी पास के ही गांव में एक निजी स्कूल में पढ़ती है। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी स्कूल गई थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह जल्दी छुट्टी लेकर वापस घर आने के लिए स्कूल से निकल गई। उसी दौरान रास्ते में जब उसकी बेटी गांव आने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ी हुई थी। उसी दौरान बाइकों पर सवार होकर अक्षय नामक युवक अपने तीन अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया। पीड़िता का आरोप है कि उन युवकों ने वहां आते ही उसकी बेटी को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। अक्षय के एक दोस्त ने कहा कि इससे मेरी शादी करा दो और उसकी बेटी का जबरन हाथ पकड़ लिया। उसकी बेटी ने विरोध में शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

क्राइम ब्रांच ने वाहन चोरी के तीन आरोपी पकड़े

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सुजीत कुमार, राजन और हिमांशु का नाम शामिल है। सुजीत बल्लभगढ़ की संजय कॉलोनी, राजन दुर्गा कॉलोनी, हिमांशु गोच्छी का रहने वाला है। तीनों आरोपियों को क्राइम ब्रांच टीम ने थाना मुजेसर के वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। तीनों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

यमुना रेती का खनन करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र पाठक की टीम ने यमुना रेती की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम साहिल है। वह फरीदाबाद के मंझावली गांव का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ट्रैक्टर पर ड्राइवरी का काम करता है। ट्रैक्टर मालिक को पुलिस टीम तलाश कर रही है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। साहिल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। रेती से भरे हुए ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है। मामले में माइनिंग विभाग के द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने इससे पूर्व तीन हाईवा को रेती सहित तस्करी करते हुए पांच आरोपियों को काबू किया था, जिनका मामला माननीय अदालत में विचाराधीन है।

जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों से 60,400 बरामद

फरीदाबाद। पुलिस चौकी सिकरोना इंचार्ज सुरेंद्र की टीम ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जमशेद, आरिफ निवासी बीजोपुर व शाहिद गांव लाधिया पुर व सुरेंद्र निवासी सरमथला गुरुग्राम तथा मकसूद निवासी गांव बीजोपुर का रहने वाला है। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

शिकायत मिलने पर तुरंत करें समाधान, सूचित करें उच्च अधिकारी

फरीदाबाद। डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल द्वारा शहर में लोगों की सुरक्षा को लेकर पीसीआर, राइडर व नाका पुलिस टीम के साथ मीटिंग लेकर तुरंत सूचना पर सख्त कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए हैं। डीसीपी ने पने कार्यालय में जोन के सभी पीसीआर, राइडर व नाका पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा करते हुए और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए, ताकि शहर में आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस न हो तथा हर प्रकार की घटना वारदातों से निजात व सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर सूचना पर तुरंत कार्रवाई करें, ताकि होने वाले क्राइम में कमी लाई जा सके। अगर समस्या आपके लेवल की नहीं है तो उच्च अधिकारियों को तुरंत सूचित करें। लोगों से अनुरोध है कि सुरक्षा के सभी आयामों के बारे में बचाव करें।

फिरनी से अतिक्रमण हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल। डीसी नेहा सिंह ने हथीन के गांव फिरोजपुर राजपूत की फिरनी से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए हथीन के बीडीपीओ रोहित गर्ग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेगा। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संदर्भित भूमि एवं उपरोक्त कार्यवाही पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी. दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

20 सरकारी स्कूलों का योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण करवाया

फरीदाबाद। नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में प्रोटोकॉल के तहत आयुष विभाग के योग सहायकों 25 से 27 मई तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण जिला के सरकारी स्कूल में छात्रा/छात्राओं को करवाया जा रहा है। 21 जून को नौंवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर राजकीय व निजी संस्थाओं द्वारा इस दिवस को बड़े स्तर पर मनाने के लिए तैयारियां की जा रही है। डॉ. मोनीषा लांबा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के कुल 20 सरकारी स्कूलों का योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण करवाया गया। जहां स्कूली बच्चों को योग के महत्व से अवगत करवाते हुए जीवन में निरोगी रहने के लिए नियमित तौर पर योग अपनाने, योग व प्राणायामों को नियमित रूप से दिनचर्या में शमिल करने के लिए प्रेरित किया।

नई संसद

विपक्ष का बहिष्कार

नई संसद इमारत के उद्घाटन का बहिष्कार कर 20 विपक्षी पार्टियों ने स्वयं को कोई गरिमा नहीं प्रदान की है, भले ही वे अपने निर्णय के पक्ष में चाहे जो कहें। एक संयुक्त बयान में 19 विपक्षी पार्टियों ने कहा था कि राष्ट्रपति न केवल भारत की राज्य प्रमुख हैं, बल्कि वे संसद की भी अभिन्न अंग हैं। राष्ट्रपति ही संसद का सत्र आहूत करती हैं, उसका सत्रावसान करती हैं तथा उसे संबोधित करती हैं। विपक्ष का तर्क है, 'इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने बिना उनके नई संसद के उद्घाटन का निर्णय किया है। यह गरिमाहीन कृत्य राष्ट्रपति के उच्च पद का अपमान है तथा संविधान के शब्दों और उसकी भावना का उल्लंघन करता है। यह उस समावेशन की भावना को नुकसान पहुंचाता है जिसके चलते राष्ट्र प्रथम आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनने का उत्सव मना रहा है।' भले ही कुछ लोगों को उनके तर्क में दम नजर आता हो, लेकिन उनके बयान में 'गरिमाहीन कृत्य', 'संविधान का उल्लंघन' तथा 'समावेशन की भावना का नुकसान' जैसे वाक्यांश अनावश्यक व अनापेक्षित हैं। यदि विपक्ष नई संसद के उद्घाटन का बहिष्कार करने के बजाय केवल सरकार की आलोचना करता तो उसका कृत्य गरिमापूर्ण कहा जा सकता था। आखिरकार इस आयोजन का संबंध संसद और भारतीय लोकतंत्र से है। कोई घोर 'मोदी-विरोधी' ही यह मान सकता है कि उनकी सरकार ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का अपमान किया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ही देश की राष्ट्रपति बनी हैं। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ अपना उम्मीदवार भी उतारा था। क्या तब एक आदिवासी महिला का 'सम्मान' इतना महत्वपूर्ण नहीं था? विपक्ष अनावश्यक रूप से 'तिल का ताड़' बना रहा है। वास्तव में विपक्ष तथा पूरे राजनेता वर्ग को यह तथ्य अवश्य समझ लेना चाहिए कि उसे 'बहिष्कार' और 'प्रतिबंध' के बजाय अपना गुस्सा अभिव्यक्त करने के दूसरे तरीके तलाश करने चाहिए। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी आलोचना के जवाब में अनेक उदाहरण पेश किए हैं जब कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने संसद में विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया और इस पर कोई विवाद नहीं पैदा हुआ। सभी जानते हैं कि नई संसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है और कई विपक्षी दलों तथा मीडिया व सिविल सोसाइटी में उनके समर्थकों ने इस परियोजना को रोकने के तमाम प्रयास किए। वास्तव में 'मोदी-विरोधी' किसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका श्रेय नहीं लेने देना चाहते थे जो न केवल असाधारण एवं अभूतपूर्व परियोजनाओं की कल्पना करते हैं, बल्कि उनको जल्दी से जल्दी पूरा करने में भी जान लगा देते हैं। कांग्रेस के पूर्व संसदीय कार्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने यह खुलासा कर कांग्रेस को आईना दिखा दिया है कि नई संसद के बारे में नरसिम्हा राव सरकार में चर्चा हुई थी, पर उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आजाद ने यह संकेत भी किया कि जब 2026 में सांसदों की संख्या पर लगी रोक हटेगी, तब जनसंख्या के अनुसार बने नए सांसद कहां बैठेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी आवश्यकता को देखते हुए न केवल नई संसद की कल्पना कर उसे जमीन पर उतारा, बल्कि पुरानी संसद के भी महत्वपूर्ण उपयोग की रूपरेखा तैयार की है। मजेदार बात यह भी है कि नई संसद के उद्घाटन का बहिष्कार करने वाली विपक्षी पार्टियों के साथ ही उसका समर्थन करने तथा सोत्साह आयोजन में शामिल होने की घोषणा करने वाली पार्टियों की संख्या 25 हो गई है। इसमें राजग के अलावा गैर-राजग पार्टियां भी शामिल हैं। लगता है कि अंध 'मोदी-विरोधी' राजनेताओं ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है।

खैरातों पर रोक लगाना जरूरी

राजनीतिक पार्टियां 'खैरातें' छोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि ये वोट बटोरने का उनका फार्मूला बन गया है। वे इसके जादुई असर को भी जानती हैं।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं।)

हाल ही में संपन्न हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने जनता से 'पांच गारंटियों' का वादा किया था। इनमें गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, सखी कार्यक्रम, युवा निधि तथा अन्न भाग्यम को उसने अपने घोषणापत्र में स्थान दिया था। सरकार बनाने का निर्णायक जनादेश प्राप्त करने के बाद कांग्रेस ने कैबिनेट की पहली बैठक में इन सभी पांच गारंटियों को स्वीकार कर लिया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या करदाताओं का पैसा इन पर खर्च करना उचित है? इन गारंटियों को कल्याणकारी योजना के रूप में पेश किया गया है। इनके अंतर्गत सरकार सुनिश्चित करेगी कि 1. सहायता ऐसे व्यक्ति तक पहुंचे जिसे इसकी बहुत आवश्यकता है अर्थात उसे गरीब या बहुत गरीब होना चाहिए। 2. ये 'सीमित समय' के लिए हैं जिसके बाद लाभार्थी को अपने पैरों पर खड़ा होना होगा। 3. योजना का वित्त पोषण इस तरीके से किया जाएगा कि इससे बजट में अस्थिरता न पैदा हो। गृह ज्योति के अंतर्गत कांग्रेस ने प्रति माह राज्य में हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया है। यह विचार अपने आप में ही गलत है। इसका अर्थ है कि हर परिवार इतना गरीब है कि वह 5 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से हर माह 200 यूनिट बिजली का 1,000 रुपया देने की स्थिति में नहीं है। इस योजना में यह उल्लेख नहीं है कि इसे 'कब तक' जारी रखा जाएगा। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि मुफ्त बिजली देने की यह योजना सरकार के पूरे कार्यकाल 5 साल तक लागू रहेगी। यह योजना लंबे समय तक खजाने पर 'अनावश्यक' बोझ डालती रहेगी। इससे बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर भी बोझ पड़ेगा क्योंकि उनको सभी परिवारों को राज्य सरकार की ओर से मुफ्त बिजली सप्लाई करनी पड़ेगी। इसका भुगतान बाद में या कम किया जा सकता है क्योंकि अनेक राज्य आसानी से रियायती दरों पर या मुफ्त बिजली सप्लाई की प्रतिपूर्ति नहीं करते हैं।

गृह लक्ष्मी के अंतर्गत परिवार की प्रमुख हर महिला को दो हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। यह भी आश्चर्यजनक है। घोषणापत्र के अनुसार कोई अरबपति महिला भी इसकी अधिकारी होगी। इस प्रकार पैसा बांटना सीमित संसाधनों की भयानक बरबादी है। कांग्रेस ने कहा है, 'हम महिलाओं के हाथ में पैसा इसलिए दे रहे हैं ताकि उनका अपने जीवन पर नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।' महिला सशक्तीकरण का विचार अच्छा है, पर हमें इसका संदर्भ नहीं भूलना चाहिए। पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं में बने मकानों का स्वामित्व महिलाओं के नाम पर होता है और यह बात समझ में आती है। लेकिन सभी महिलाओं को पैसा बांटने और फिर महिला सशक्तीकरण की बात हास्यास्पद है।

सखी कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक में यात्रा करने वाली सभी महिलाओं को मुफ्त बस टिकट दिए जाएंगे। यह भी मूर्खतापूर्ण योजना है। युवा निधि के अंतर्गत सरकार कर्नाटक के नौजवानों को दो साल सहायता देगी। इसके लिए बेरोजगार स्नातकों को 3,000 तथा बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। प्रथमदृष्टया यह जरूरतमंद लोगों को सहायता देती लगती है। लेकिन इसे बेरोजगार युवा या युवती के परिवार की आर्थिक स्थिति से अलग नहीं किया जा सकता है। यदि बेरोजगार युवा किसी अमीर परिवार से हो जो बेरोजगारी के कठिनाई के समय अपनी देखभाल स्वयं कर सकता हो तो उसे राज्य सहायता की आवश्यकता नहीं है। राज्य की सहायता केवल ऐसे बेरोजगार नौजवानों को दी जानी चाहिए जो गरीब परिवारों से हों। इसके साथ ही लाभार्थी का चयन करते समय सरकार को यह ध्यान भी देना होगा कि वह स्व-रोजगार प्राप्त न हो। लेकिन घोषणापत्र में ऐसी किसी शर्त की बात नहीं कही गई है। इसी प्रकार अन्न भाग्य योजना के अंतर्गत सरकार ने बीपीएल परिवारों के हर व्यक्ति को 10 किलो चावल देने का वादा किया है। ऐसे परिवार पहले से ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून या एनएफएसए, 2013 के अंतर्गत प्रति व्यक्ति प्रति माह 7 किलो अनाज मुफ्त प्राप्त कर रहे हैं।

इन गारंटियों को पूरा करने के लिए हर साल 62,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो राज्य के राजकोषीय घाटे या एफडी से अधिक है। राज्य में प्राप्तियों की तुलना में खर्च 2022-23 में 60,500 करोड़ रुपये अधिक था। यदि एक या दूसरे मद में खर्च पर कटौती न की जाए या समान धनराशि की प्राप्तियां न बढ़ाई जांए तो एफडी 122,500 करोड़ हो जाएगा। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद-एसजीडीपी के प्रतिशत के रूप में यह 5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा, जबकि वित्तीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम के अंतर्गत यह सीमा 3 प्रतिशत है। ये गारंटियां 'कल्याणकारी योजना' के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों के अंतर्गत नहीं आती हैं। ये न केवल जरूरतमंद तबकों तक लक्षित नहीं हैं, बल्कि इनके लिए कोई अंतिम तिथि भी नहीं निर्धारित की गई है जिससे बजट में अस्थिरता पैदा होगी। वोट बटोरने के लिए सार्वजनिक धन से ऐसे लाभ बांटने की कांग्रेस की रणनीति 'खैरातें' कही जा सकती हैं। यह विभीषिका अधिकांश राजनीतिक पार्टियों को ग्रस चुकी है जो खैरातों का प्रयोग चुनाव जीतने के लिए करते हैं। कर्नाटक से उत्साहित कांग्रेस इन खैरातों का प्रयोग और धड़ल्ले से 2023 के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों तथा 2024 के आम चुनाव में करेगी। इससे सत्तारूढ़ भाजपा समेत दूसरी पार्टियों पर भी दबाव पड़ेगा कि वे ऐसे ही या इससे बड़े लालच मतदाताओं के समक्ष पेश करें। कहा जाता है कि भाजपा ने इस दिशा में सोचना शुरू कर दिया है।

इस अंधी दौड़ के राज्यों व केन्द्र की वित्तीय व्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव होंगे। क्या इस विभीषिका पर किसी प्रकार लगाम लगाई जा सकती है? इसका जवाब तलाशने के लिए हमें एस. सुब्रमण्यम बालाजी बना तमिलनाडु सरकार एवं अन्य पर सर्वोच्च न्यायालय के जुलाई, 2013 में दिए फैसले पर गौर करना होगा। इसमें कहा गया था कि किसी प्रकार की खैरातों के वितरण से सभी लोग प्रभावित होते हैं तथा 'यह बड़े पैमाने पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की जड़ों को झकझोर देती है।' इससे किसी तार्किक व्यक्ति को अनुमान लगाना चाहिए कि सवोच्च न्यायालय इस सड़न को रोकने के लिए कठोर दिशानिर्देश देगा। लेकिन इसके नतीजे में एक अधकचरा फैसला आया।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनाव घोषणापत्र में किए वादों को लोक प्रतिनिधित्व कानून-आरपीए या किसी अन्य कानून के अंतर्गत 'भ्रष्ट व्यवहार' नहीं कहा जा सकता है, इसलिए राज्य विधानसभा में उपयुक्त कानून पास कर किसी सत्तारूढ़ पार्टी को खैरातें बांटने के लिए सार्वजनिक धन के प्रयोग से रोका नहीं जा सकता है। इसी आदेश में उसने भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई को निर्देश दिए कि वह 'ऐसे दिशानिर्देश तैयार करे जो सभी पंजीकृत राजनीतिक पार्टियों के चुनाव घोषणापत्रों की विषयवस्तु को नियंत्रित करते हों। इसके लिए उम्मीदवारों, बैठकों, प्रदर्शनों, चुनाव दिन, आदि निर्धारित करने वाले सामान्य व्यवहार वाले निर्देशों में इनको शामिल किया जा सकता है। इसे आदर्श आचार संहिता में-चुनाव घोषणापत्र के निर्देश- शीर्षक से अलग से शामिल किया जा सकता है। इससे राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को निर्देश दिए जाएंगे।' लेकिन निर्वाचन आयोग ने ऐसे कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किए।

लंबे समय बाद 25 जनवरी, 2022 को 'खैरातों' के खिलाफ दिशानिर्देश की मांग करने वाली जनहित याचिका पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायायलय ने कहा, 'निसंदेह यह एक गंभीर मामला है। खैरातों के लिए नियमित बजट से अधिक खर्च किया जा रहा है। इससे समान आधार की अवधारणा बाधित होती है।' हालांकि, इस बार सर्वोच्च न्यायालय की चिन्ता 2013 की तुलना में अधिक गंभीर थी, लेकिन इस पर कार्रवाई के बारे में क्या कहा जाए? 3 अगस्त, 2022 को सर्वोच्च न्यायालय ने सांसदों से कहा कि वे खैरातों पर लगाम लगाने वाला कानून बनाएं, लेकिन इसके लिए एक समिति का गठन किया जाना चाहिए जो सभी सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों पर विचार करे। लेकिन बहुसंख्य राजनीतिक पार्टियां खैरातों को छोड़ना नहीं चाहती हैं। ऐसा लगता है कि भारत को इस विभीषिका के साथ हमेशा के लिए जीना सीखना होगा।

बहुध्रुवीय विश्व में भारत के प्रमुख खिलाड़ी बनने के मायने

> भारत ने अमेरिका और रूस दोनों के साथ संबंधों को बनाए रखने और मजबूत करने का संतुलित कार्य किया है, जो इसे अपने आप में एक अनोखा शक्ति केंद्र बनाता है।

सिमरन सोढ़ी
(लेखिका विदेशी मामलों की विश्लेषक हैं)

अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में बदलाव हो रहा है। मौजूदा यूक्रेन संघर्ष, वैश्विक राजनीति के केंद्र के रूप में हिन्द-प्रशांत का उदय, और चीन के निर्बाध उदय के परिणामस्वरूप एकध्रुवीय या द्विध्रुवीय विश्व व्यवस्था से हम एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ गए हैं। यह कदम भी ऐसा है जो भारत के लिए अत्यंत अनुकूल है। जैसा कि भारत विश्व स्तर पर वैश्विक दक्षिण के नेता और एक उभरती हुई शक्ति के रूप में खुद को रखता है, बहुध्रुवीयता भारत को एक शक्ति केंद्रों के बतौर स्थिति का आश्वासन देती है। स्वीडन में हाल ही में आयोजित ईयू -इंडिया पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर द्वारा दिए गए संबोधन में यह विचार बहुत स्पष्ट था, जहां उन्होंने कहा था कि, 'यूरोपीय संघ और इंडो-पैसिफिक एक-दूसरे के साथ जितना अधिक व्यवहार करेंगे, उतना ही बहुध्रुवीयता की उनकी अपनी सराहना प्रबल होगी। बहुध्रुवीय विश्व बहुध्रुवीय एशिया द्वारा ही संभव है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यस्त कैलेंडर इस दिशा में एक और संकेत है। टोक्यो में जी 7 शिखर सम्मेलन, जो एक क्वाड शिखर सम्मेलन का भी साक्षी बना, पापुआ न्यू गिनी की यात्रा और फिर ऑस्ट्रेलिया सभी इस विचार से बंधे हैं। अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में पीएम की बहुप्रतीक्षित यात्रा, जो कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में किसी विदेशी नेता की केवल तीसरी राजकीय यात्रा है, मगर यह न केवल विश्व मंच पर भारत के बढ़ते कद को और मजबूत करेगी, बल्कि इस ओर एक समयोचित संकेतक भी होगी। बहुध्रुवीयता। यह एक ऐसा बदलाव है जिसे भारत अच्छी तरह समझता है और इस दिशा में सावधानी से काम कर रहा है।

यूक्रेन संकट ने इस बदलाव को तेज किया है। हालांकि अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने नियमित रूप से रूस की उसके कार्यों को लेकर निंदा की हैं और कर रहे हैं, भारत अपने फैसले पर अड़ा रहा है और अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया की है। रूसी कार्रवाइयों की निंदा करने का, संघर्ष के पहले कुछ हफ्तों के दौरान भारत पर बहुत दबाव था, लेकिन तथ्य यह है कि भारत ने ऐसा नहीं किया और अंततः पश्चिमी दृष्टिकोण में बदलाव लाया, जो भारत के लिए एक अच्छी कूटनीतिक जीत रही है। पिछले साल मार्च में बाइडेन ने यूक्रेन विवाद पर भारत की प्रतिक्रिया को 'कुछ अस्थिर' करार दिया था। लेकिन समय के साथ वाशिंगटन से आने वाला संदेश भारत की स्थिति की क्रमिक स्वीकृति के साथ बदल गया है। रूस के खिलाफ पश्चिमी दुनिया द्वारा लाए गए प्रस्तावों के समय भारत संयुक्त राष्ट्र से लगातार अनुपस्थित रहा है। इससे भारत को एक पुराना दोस्त बनाए रखने में मदद मिली है। भारत की लगभग आधी सैन्य आपूर्ति रूस से होती है। यूक्रेन विवाद के कारण रूस के साथ भारत का व्यापार रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। अनंत आलोचना के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखे हुए है। यहां यह भी याद रखने योग्य है कि रूस ने कई बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल किया जब कश्मीर पर प्रस्ताव पेश किए गए। तथ्य यह है कि भारत ने अमेरिका और रूस दोनों के साथ संबंधों को बनाए रखने और मजबूत करने का यह अच्छा संतुलन कार्य किया है, जो इसे अपने आप में एक अनोखा शक्ति केंद्र बनाता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि क्वाड आज भू-राजनीति की दुनिया के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक है। यह अनिवार्य रूप से चीन पर नजर रखने का एक मंच भी है। जैस-जैसे हिंद-प्रशांत की राजनीति दुनिया के केंद्र में आती है, भारत न केवल अमेरिका के लिए बल्कि पूरी पश्चिमी दुनिया के लिए और भी अधिक मूल्यवान सहयोगी बन जाता है।

भारत के लिए चीन सबसे बड़ी चिंता बनता है। सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार और दक्षिण चीन सागर में उसके विस्तारवादी एजेंडे ने लगभग हर विश्व नेता को चिंतित कर रखा है। यूक्रेन संघर्ष ने एक अन्य संबंधित बदलाव को भी देखा है और वह है चीन और रूस के बीच दोस्ती पुख्ता होना और इससे भारत के सहज होने की संभावना नहीं है। यह कहीं न कहीं हमें पुनः इस तर्क की ओर ले जाता है कि भारत के लिए, यूक्रेन संघर्ष पर रूस की निंदा करने का परिणाम केवल चीन-रूस गठजोड़ होगा। रूस और चीन दोनों पश्चिम से सावधान हैं और एक ऐसी दुनिया के आलोचक हैं जो उन्हें लगता है कि पश्चिमी आदर्शों और राष्ट्रों का प्रभुत्व है। यूएस-चीन व्यापार युद्ध और पश्चिमी शक्तियों द्वारा रूस के खिलाफ प्रतिबंधों ने उस भावना को मजबूत करने में मदद की है और व्यक्ति जो कुछ देखता है वह एक पश्चिम-विरोधी ब्लॉक की शुरुआत है।

आप की बात

अहिल्याबाई होल्कर

अहिल्याबाई होल्कर ने अपने ससुर व पति के देहांत के बाद जिस तरह से राजकाज संभाला वह इतिहास में एक मिसाल के रूप में दर्ज है। उन्हें न्याय की देवी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अपने लगभग 28 वर्ष के शासनकाल में उन्होंने जो कार्य किए वह हमेशा शासनकर्ताओं के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते रहेंगे। जनता का हित उनके लिए सर्वोपरि था। मुस्लिम आक्रमणकारियों से उन्होंने अपने साम्राज्य को हमेशा बचा कर रखा। वे स्वयं युद्ध में शामिल होकर युद्ध करती थी एवं सेना का मनोबल बढ़ाती थी। अनादि काल से चली आ रही सनातन परंपरा, आस्था, संस्कृति, सभ्यता, कला, संगीत, साहित्य एवं नैतिकता के प्रति उनका गहरा रुझान था। धार्मिक आस्था की प्रतीक नदियों खासकर नर्मदा नदी के संरक्षण व संवर्धन के प्रति वे हमेशा सचेत रहीं। अपने शासनकाल में उन्होंने इसको सदैव पल्लवित एवं पोषित किया। राजकोष के बारे में उनके विचार वर्तमान युग में भी प्रासंगिक है। वे स्वयं को राजकोष की संरक्षक मानती थीं न कि मालकिन। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के सभी प्रसिद्ध तीर्थों में धर्मशालाएं, बावडियां, अन्न शाला एवं मंदिर बनवाए। धर्म के प्रति उनकी प्रबल आस्था थी।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

एआई से उम्मीदें

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का उपयोग अभी प्रारंभिक दौर में ही हैं! लेकिन इसको लेकर भविष्य में कई तरह की आशंकाएं और अपेक्षाएं जताई जाने लगी है। अब हम विकास के उस युग में पहुंच चुके हैं कि हमारी अपेक्षा से कहीं जल्दी तकनीकी परिवर्तित होते जाएंगे और ए आई इसके लिए मील का पत्थर साबित होगा। बेशक कुछ लोगों को इसके कारण रोजगार गांवाने पड़ेंगे तो कई नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। ए आई के अधिकतम विकास की स्थिति में जिन चीजों के बारे में अभी हम सोच भी नहीं सकते, हो सकता है वह चीजें भविष्य में रोजगार के साथ-साथ मानव की कई समस्याओं का जादुई समाधान बता दें। विशेष तौर से स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पोषण, आदि के बारे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कई नए रास्ते दिखा सकता है। एआई से पशुपालन खेती में कई नए अनुसंधान सामने आएंगे जो कि विश्व की बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए वरदान साबित होंगे। भारत अनेक सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही व भ्रष्टाचार का शिकार है तथा ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार होता है। उम्मीर है कि यह सब चीजें एआई के आ जाने के बाद ठीक हो जाएंगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

नाराज विपक्ष

जब से देश की सत्ता पर प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के नरेंद्र मोदी काबिज हुए हैं तब से ही विपक्ष को वे फूटी आँख नहीं सुहा रहे हैं। सबसे ज्यादा दर्देदिल कांग्रेस को ही हो रहा है क्योंकि वो बहुत लम्बे समय तक शाही अंदाज से चलती रही और अब सत्ता जाने के बाद बहुत बेचैनी की स्थिति से गुजर रही है। कभी भी उसने मोदी सरकार का साथ देने की कोशिश नहीं की। आलोचना करना उसका संवैधानिक अधिकार है किन्तु सदैव ही विरोध करना कितना वैधानिक है? जब से नया संसद भवन बनना आरम्भ हुआ तब से ही विपक्ष सरकार की आलोचना करता आ रहा है। अब जबकि भवन का उद्घाटन है तो उसका भी वो बहिष्कार कर रहा है। बीजेडी-बीजू जनता दल ने 19 दलों के विरोध से इतर अपना अलग फैसला लेकर आयोजन में शामिल होने की बात कही है। विपक्ष को गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि लोकतंत्र की दो पहियों, यानी पक्ष-विपक्ष की गाड़ी देशहित में संतुलित चलती रहे। विपक्ष को अंध मोदी-विरोध की संकुचित सोच छोड़ कर रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि देश का कल्याण इसी से संभव है।

– **शकुंतला महेश,** इंदौर

अमेरिका में न्याय

एक एक कर 2021 में अमेरिकी लोकतंत्र की जननी कैपिटल हिल पर हमला करके उसे तहस-नहस करने वालों एवं साजिश रचने वालों को अमेरिकी कानून जेल की सजा सुना रहा है। आशा करनी चाहिएए जिन हज़ार लोगों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है उनमे से अधिकांश को उनके उग्र विचारों एवं नफरत के सहारे अमेरिकी समाज को बांटने के जुर्म में कुछ न कुछ तो सजा जरूर दी जाएगी। 57 वर्षीय ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को देशद्रोही साजिश और अन्य अपराधों के आरोप में सजा सुनाई गई। उन्हें 18 साल जेल की सजा दी गयी है जो अबतक सुनाये गई इस मामले में सबसे लम्बी सजा है। यह अपराधी तोड़फोड़ करते वक्त भीड़ में मौजूद नहीं था। मगर भीड़ के पीछे जिन लोगों का दिमाग एवं षडयंत्र काम कर रहा था उनमे से यह एक था। आशा करनी चाहिए कि इसी आधार पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी घेरे में आएंगे क्योंकि वे भी भीड़ में नहीं थे मगर भीड़ को भड़काने में उनसे बड़ा साजिशकर्ता दूसरा कोई नहीं था। देखना होगा कि देश की जनता इन फैसलों को कैसे लेती है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी दे रहा योगदान: योगी

सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में गुंडाराज, माफियाराज पूरी तरह समाप्त: ज्योतिरादित्य

● मुख्यमंत्री ने मैनपुरी में स्व. माधवराज सिंधिया की प्रतिमा का किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी ने माधवराज सिंधिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह देश की राजनीति में एक उभरता हुआ चेहरा थे। वर्ष 2001 की त्रासदी के दौरान हर व्यक्ति इस दुखद समाचार से आहत हुआ था। इस दुखद समाचार को सुनते ही राजनीति की दीवारों को तोड़कर हर जाति, मत, मजहब, संप्रदाय तथा राजनीतिक दलों के लोग उन्हे अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ पड़े थे।

सीएम योगी ने मैनपुरी के सिंधिया तिराहे पर शुक्रवार को माधवराज सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने कहा कि ग्वालियर घराने और गोरखपुर का नाता सदियों पुराना है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश विदेशी आक्रांताओं से भयभीत था तो उस समय जिन महापुरुषों ने उस आतंक को समाप्त करने में अपना योगदान दिया था, उनको सम्मान देना संतों की परंपरा रही है। गोरक्षपीठ ने संतों की परंपरा को सदैव महत्व दिया है। उस समय गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर ने उस परंपरा का निर्वहन करते हुए माधवराव सिंधिया के पूर्वजों को गोरक्षपीठ की परंपरा से नवाजने का काम किया था। वह उसके हकदार भी थे क्योंकि उन्होंने विदेशी आक्रांताओं को देश की सीमाओं के बाहर फेंकने का काम किया था। उनका योगदान आज भी हमारे लिए स्मरणीय है।

सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में 175000 परिवारों को फ्री में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं एक करोड़ परिवारों को निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन सालाना 12 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश में पूरी तत्परता के साथ विकास के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए औद्योगीकरण संग स्थानीय स्तर पर योजनाओं का सृजन हो रहा है। प्रदेश के हर जिले में इंस्टीट्यूशन को इंडस्ट्री के साथ जोड़ करके स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के नये.नये अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। सीएम योगी ने मैनपुरी की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार लगातार अपराध और अपराधियों के साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करती रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों के साथ जुड़ करके भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है, यही उनका लक्ष्य है। इसमें उत्तर प्रदेश विकास के एक ग्रोथ इंजन के रूप में अपना योगदान दें, इसके लिए पूरी तत्परता के साथ काम किया जा रहा है। इस दिशा में जीआईएस-23 में आए 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव सुखद परिणाम हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का संबंध मैनपुरी से दस-बीस साल पुराना नहीं है बल्कि 250 वर्ष पुराना है। इतिहास के कालखंड में जब भारत माता की धरती पर विदेशी ताकतें अपना पैर पसार रही थीं और रोहिल्ला अफगान इस क्षेत्र पर अत्याचार करने की मुहिम से निकले थे तो मेरे पूर्वज दत्ताजी महाराज सिंधिया और उनके बाद महर्षि महाराज ने इस पूरे क्षेत्र में भारत माता की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए रोहिल्ला अफगानों को उखाड़ फेंकने का काम किया। ये वर्ष 1770 की बात है जब केवल मैनपुरी ही नहीं इटावा, मेरठ, बदांयू नजीराबाद तक रोहिल्ला अफगानों का आतंक था। सिंधिया परिवार के पूर्वजों ने उन्हें उखाड़कर फेंकने का काम किया है। इस माटी से सिंधिया परिवार गहरा नाता रहा है। सिंधिया परिवार ने जहां इसक्षेत्र को स्वतंत्र कराया वहीं मेरे पिता ने इस माटी पर आखिरी सांस ली थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और प्रगति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत का वह चमकता हुआ सितारा है जिसने विश्व पटल पर अपनी पैठ, आवाज, स्थान को पूर्णरूप से स्थापित कर चुका है। सीएम योगी के नेतृत्व में वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में जो गुंडाराज, माफियाराज था, वह आज पूरी तरह से समाप्त हुआ है।

मैनपुरी को दी 412 करोड़ की सौगात

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी की जनता को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कुल 411.49 करोड़ की योजनाओं-विकास कार्यों का तोहफा दिया। सीएम योगी ने 238.30 करोड़ निवेश की 23 औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 173ण19 करोड़ की 40 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री जयवीर सिंह, राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, मध्य प्रदेश के मंत्री तुलसी सिलावट, महेंद्र सिंह सिसोदिया, डॉ. अरविंद भदौरिया आदि उपस्थित थे।

उत्तराखण्ड विकास के लिए तरस रहा है: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को उत्तराखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं से कमियों को दूर कर नये जोश के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले राज्यवार संगठन की समीक्षा की। समीक्षा के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उत्तराखण्ड में बीएसपी को आगे बढ़ने की भरपूर संभावनायें विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश से अलग होने से पहले उस पहाड़ी क्षेत्र के लोगों की जरूरतों के हिसाब से विकास का जो आधारभूत काम बीएसपी की सरकार द्वारा वहाँ किया गया है उसे राजनीतिक विद्वेश व जातिवादी सोच आदि के बावजूद कभी भी भुलाया जाना असंभव है। शासन-प्रशासन व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने व इनको जनता के द्वार के नजदीक सुगम न्याय पहुँचाने के उद्देश्य से 29 सितम्बर सन 1995 को कुमायूं मण्डल में उधमसिंह नगर नाम से नये जिले का निमार्ण किया गया। उसके बाद सितम्बर सन् 1997 में बागेश्वर, चम्पावत एवं रूद्रप्रयाग के नाम से नया जिला बनाकर लोगों को उनकी चाहत के हिसाब से जनहित व विकास का कार्य सुनिश्चित किया गया। जबकि दूसरी पार्टियाँ चुनावी प्रलोभन, जुमलेबाजी और वादाखिलाफी आदि में ही ज्यादातर व्यस्त रहीं, जिससे आम जनता का हित व कल्याण प्रभावित हुआ है और उत्तराखण्ड अलग राज्य बन जाने के इतने दिनों के बाद भी महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि से लड़ता हुआ समुचित जनहित, जनकल्याण व आपेक्षित विकास के लिए तरस रहा है। मायावती ने कहा कि जहाँ तक उत्तराखण्ड में बीएसपी के चुनावी प्रदर्शन का मामला है तो यह ठीक-ठाक ही कहा जा सकता है, किन्तु इस मामले में ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। पार्टी को अब तक वहाँ सत्ता प्राप्ति तक या बैलेन्स आफपावर बनकर जरूर उभर जाना चाहिए था। लेकिन जनता के विश्वास से ज्यादा यह अपने लोगों की ही कमी मानी जाएगी कि पार्टी वहाँ भारी संभावनाओं के बावजूद अपना सही राजनीतिक दबदबा नही बना पाई है।

सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों को 144.90 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता के कार्यो में और अधिक पारदर्शिता एवं निगरानी लाने के लिए प्रदेश के समस्त थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। सीसीटीवी कैमरा प्रदेश के समस्त थानों में लगाने के लिए 144.90 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति करने के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक थाने पर लगाए जाने वाले कैमरों की स्थानीय स्तर पर निम्नतम 12 माह तथा डीएलओसी पर एक माह की रिकार्डिंग रखे जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा सर्किल मुख्यालयों के थानों पर 6 कैमरा प्रति थाना तथा जनपदीय शेष थानों पर 5 कैमरा प्रति थाना उपकरणों को अधिष्ठापित कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्गत आदेशों में प्रमुख सचिव गृह ने कहा है कि प्रत्येक थानों पर सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन की प्रगति आख्या प्रत्येक माह उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उपकरणों के क्रय के संबंध में दोहरी स्वीकृति-अनियमितता-आडिट आपत्ति के लिए पुलिस मुख्यालय एवं पुलिस महानिदेशक को जिम्मेदारी सौपी गई है। आगामी 31 मार्च 2024 तक स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार पारदर्शिता के साथ उपयोग कर सीसीटीवी कैमरो कों लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम का भतीजा मुंबई से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी पुलिस ने मुंबई बम ब्लास्ट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे आरिफ को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस की एसओजी टीम उसे आजमगढ़ ला रही है। पीड़िता शबाना परवीन की शिकायत पर आरिफ के खिलाफ आईपीसी की धारा 386, 419, 420, 467, 468 के तहत केस दर्ज किया गया था। शबाना परवीन ने शिकायत के बाद पुलिस ने हेना, सलमान और आरिफ को आरोपी बनाया था। उस पर फर्जी डॉक्यूमेंट बनाकर जमीन कब्जाने और रंगदारी मांगने का आरोप है।

आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य के अनुसार दरअसल फरार बदमाशों की सूची में नाम आने के बाद से ही यूपी पुलिस को आरिफ की तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए यूपी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन कोई सफ लता नहीं मिली। इस बीच यूपी पुलिस को जानकारी मिली कि आरिफ मुंबई में छिपा हुआ है। तब से यूपी पुलिस वहां डेरा डाले हुए थी और उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि आरिफ बांद्रा हिल रोड के पास किसी चाय की दुकान पर आने वाला है। इस पर यूपी पुलिस ने मुंबई पुलिस की मदद लेकर वहां घेराबंदी कर ली। जैसे ही आरिफ दुकान पर आया वैसे ही पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। मुंबई से गिरफ्तारी के पुलिस टीम उसे लेकर आजमगढ़ के लिए रवाना हो गई है। आजमगढ़ शहर कोतवाली में गुरुवार को चकला पहाड़पुर की रहने वाली शबाना परवीन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरिफ के खिलाफ फर्जीवाड़ा करके जमीन कब्जा करने व रंगदारी मांगने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में दो अन्य को भी नामजद किया गया है। पुलिस ने आरोपी हेना व सलमान को गिरफ्तार कर लिया था। इस मुकदमे में नामजद अबू सलेम के भतीजे को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

बदन सिंह बद्दो पर ईनाम की राशि बढ़ाकर पांच लाख की गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के टॉप मोस्ट अपराधियों की लिस्ट में शामिल और चार साल से फरार चल रहे माफि या बदन सिंह बद्दो पर गृह विभाग ने इनाम की राशि ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख कर दी है।

यूपी पुलिस ने माफि या बदन सिंह बद्दो के खिलाफ ढाई लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था लेकिन इनाम की राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिस पर गृह विभाग ने मुहर लगा दी है। अब बद्दो के ऊपर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने अब तक उसकी 10 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है।

बदन सिंह के विरुद्ध हत्या समेत अन्य संगीन धाराओं में चालीस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह 28 मार्च, 2019 को पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला था, जिसके बाद से उसकी लगातार तलाश की जा रही है। हालांकि अब तक पुलिस इस कुख्यात का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बदन सिंह की तलाश में एसटीएफ भी लगी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक वह आस्ट्रेलिया और यूरोप के देशों में पनाह लिए है। उसके खिलाफ जल्द रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी है। बता दें एसटीएफ ने बदन सिंह बद्दो की जनवरी में लोकेशन ट्रेस की थी। तब उसकी इंस्टाग्राम लोकेशन फ्रांस की आ रही थी। जुलाई में भी बदन सिंह बद्दो के इंस्टाग्राम की लोकेशन नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में आ चुकी है।

उड़ान स्थल से हज के लिए रवाना हुए 1172 यात्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हज-2023 के लिए लखनऊ उड़ान स्थल से दसवीं उड़ान संख्या एसवी 3899 से 26 मई को 288 हज यात्रियों को लेकर सकुशल अपने निर्धारित समय प्रात: 7:45 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गयी। इस उड़ान से 156 पुरुष व 132 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक बहराइच ज़िले के 108, अमेठी के 85, लखनऊ के 50 व कानपुर देहात के 35 हज यात्री गये हैं। इस उड़ान से एक ख़ादिमुल हुज्जाज अब्दुल क़ादिर लखनऊ के हज यात्रियों के सुविधार्थ गये हैं।

उप्र राज्य हज समिति के सचिव-कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि ग्यारहवीं उड़ान 298 हज यात्रियों को लेकर सकुशल अपने निर्धारित समय पूवार्ह्न 11 बजे रवाना हो गयी। इस उड़ान से 153 पुरुष व 145 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक अयोध्या ज़िले के 131 व बहराइच के 106 हज यात्री गये हैं। तिवारी ने बताया कि बारहवीं उड़ान से 298 हज यात्री रवाना हुए। इस उड़ान से 161 पुरुष व 137 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक बलरामपुर ज़िले के 177 व हरदोई के 111 हज यात्री गये हैं। इस उड़ान से एक ख़ादिमुल हुज्जाज जलालुद्दीन बरेली के हज यात्रियों के सुविधार्थ गये हैं। इसी प्रकार आज की चौथी व लखनऊ से तेरहवीं उड़ान से 288 हज यात्री रवाना हुए। इस उड़ान से 107 पुरुष व 181 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक लखनऊ ज़िले के 59 व भदोही ज़िले के 56 हज यात्री गये हैं। इस उड़ान की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें बिना महरम श्रेणी की 100 महिलाएं व जोहफा श्रेणी के 52 हज यात्री गये हैं। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों के हज यात्री जिन्होंने लखनऊ उड़ान स्थल का विकल्प चुना था जैसा कि मेघालय के 2, बिहार के 2 व हरियाणा के 1 हज यात्री भी गये हैं। अब तक लखनऊ से 3805 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

बीजेपी ने खेलों के अधारभूत ढांचे के विकास के लिए कुछ नहीं किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा की है। केन्द्र की नौ साल और प्रदेश की 6 साल के कार्यकाल में भाजपा ने खेलों के आधारभूत ढाचें के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार ने प्रदेश में एक भी राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम नहीं बनाया, अब सामने लोकसभा चुनाव देखकर खिलाड़ियों की भावनाओं को छलने के लिए खेलो इंडिया का आयोजन का दिखावा कर रही है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में खेलों इंडिया भाषणों और जुमलों तक सीमित है। सरकार ने प्रदेश में न तो खेल सुविधाएं बढ़ायी और न खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं दी। झूठे प्रचार प्रसार और दिखावा करने के लिए इवेंट मैनेजमेंट किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल के केवल भ्रष्टाचार का खेल खेला है। खेलो इण्डिया कार्यक्रम कराने के लिए भाजपा सरकार का अपना कोई इन्फ्रासट्रक्चर नहीं विकसित किया। इसीलिए सरकार को यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय में कराना पड़ा।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय खेल के विकास के लिए जो काम हो रहे थे उसे भी भाजपा सरकार ने रोक दिया। समाजवादी सरकार में लखनऊ में इकाना अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाया गया। चक गंजरिया सिटी में स्पोर्ट्स सुविधाओं के लिए इकाना स्पोर्ट्स सिटी की स्थापना की गयी। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कराया गया। उन्होंने कहा कि हाकी के विकास और खेल को बढ़ावा देने के लिए गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में स्टेडियम को नए सिरे से विकसित किया गया। गोमती नदी के किनारे क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराया, गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में वेलोड्रोम का निर्माण, नोएडा में स्टेडियम निर्माण कराया।

समाजवादी सरकार में ही प्रदेश के 68 जिलों में स्टेडियम, 65 बहुउद्देशीय हाल और 37 तरणताल का निर्माण किया गया। सैफई इटावा में स्टेडियम का निर्माण कराया गया। समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए यशभारती सम्मान देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

पूर्व छात्र नेता अजीत सिंह यादव कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। कांग्रेस की नीतियों और विचारधार में आस्था रखते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता, सामाजिक-राजीनीतिक आन्दोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाल अजीत सिंह यादव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर दिनेश सिंह ने अजीत सिंह यादव तथा अधिवक्ता गौरी शंकर यादव को कांग्रेस तिरंगा पट्टी पहनाकर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में शामिल कराया तथा उन्हें बधाई दी। अजीत सिंह यादव ने कहा कि आज फिरका परस्त ताकतों ने लोकतंत्र, संविधान तथा देश-समाज के सामने संकट खड़ा कर दिया है। लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिए तथा आरएसएस तथा भाजपा को मुकम्मल शिकस्त देने के लिए कांग्रेस पार्टी ही मात्र केवल विकल्प हो सकती है।

केजीएमयू में नेचर वॉक में शामिल हुए कुलपति

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के तत्वाधान में रेडियो केजीएमयू गूंज की तरफ से नेचर वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति ले. जन. डॉ बिपिन पुरी व विशेष अतिथि के रूप में कुलसचिव रेखा एस. चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के कुलगीत से किया गया। जिसके बाद कुलपति ने नेचर वॉक को हरी झंडी दिखाई। नेचर वॉक कुलपति कार्यालय से शुरू होकर गेट नं 1, शाहमीना शाह रोड, कन्वेंशन सेन्टर तथा गेट नं 24 से होते पुन: कुलपति कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई।

लखनऊ के 7.33 लाख बच्चों को दी पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शून्य से पांच साल तक की आयु के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की यानि पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का छह दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान 28 मई से शुरू हो रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पल्स पोलियो अभियान के सघन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर नगर मजिस्ट्रेट गरिमा स्वरूप ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एमके सिंह ने बताया कि 28 मई से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान में कुल 7,33,013 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। पोलियो से बचाव की दवा पिलाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 2,783 बूथ बनाए गए हैं। यह बूथ सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवन व अन्य चयनित स्थानों पर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही 29 मई से दो जून तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को दवा पिलाएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 2,204 टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा 227 ट्रांजिट टीमों द्वारा साप्ताहिक बाजार, मेले, रेलवे व बस स्टेशन पर तथा 131 मोबाइल टीमों के द्वारा ईंट भट्टो, मलिन बस्ती व निर्माणाधीन स्थलों पर जाकर शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी।

अवैध प्लाटिंग पर एलडीए ने चलाया बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जानकीपुरम में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। नहर रोड पर पांच बीघे जमीन पर प्लाटिंग करने पर विहित प्राधिकारी द्वारा नोटिस कर ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था। आदेश पर बाउंड्रीवाल पर प्रवर्तन टीम द्वारा बुल्डोजर चलाकर ध्वस्तीकरण किया गया।

शुक्रवार को एलडीए की प्रवर्तन टीम ने जानकीपुरम के तिवारीपुर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन.5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि अखिल श्रीवास्तव व अन्य द्वारा नंदनी विहार आवासीय योजनाए तिवारीपुरए नहर रोड पर लगभग लगभग पांच बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया गया था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता एनएन चौबे, अभियंता राजीव कुमार श्रीवास्तव व विपिन बिहारी राय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान विपक्षी द्वारा स्थल पर बनायी गयी कच्ची.पक्की सड़कें, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफि स, कमरों आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

यूपी पुलिस खिलाड़ी कोटा

245 अभ्यर्थियों का चयन परिणाम घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

खेल विधाओं के सापेक्ष अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो के मूल्यांकन की कार्यवाही में उपयुक्त पाए गए अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर संगत सेवानियमावली के प्रावधानों के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा 12 पुरुष खेल विधाओं एवं 9 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष कुशल खिलाड़ी कोटे में खेल विधा एवं उसकी विशिष्टता के अन्तर्गत 164 पुरुष अभ्यर्थियों तथा 81 महिला अभ्यर्थियों कुल 245 अभ्यर्थियों का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश में खेलों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने व उन्हें नियमित सेवा का अवसर देने की नीति के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती-2022 के अन्तर्गत 28 सितम्बर 2022 को विज्ञप्ति प्रकाशित करते हुऐ कुशल खिलाड़ी के कोटे के 534 पदों (335 पुरुष एवं 199 महिला) पर पुरुष खिलाड़ियों के सापेक्ष 22 खेल विधाओं एवं महिला खिलाड़ियों के सापेक्ष 18 खेल विधाओं में भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। उक्त भर्ती की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत संगत सेवानियमावली के प्रावधानों के अधीन बोर्ड द्वारा 10 पुरुष खेल विधाओं एवं 9 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष कुशल खिलाड़ी कोटे में खेल विधा एवं उसकी विशिष्टता के अन्तर्गत 140 पुरुष अभ्यर्थियों तथा 94 महिला अभ्यर्थियों कुल 234 अभ्यर्थियों का चयन परिणाम 28 मार्च 2023 को घोषित किया गया था। शेष का चयन परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। इस प्रकार आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाडियों के रूप में कुल 479 अभ्यर्थियों तथा मृतक आश्रित के अन्तर्गत कुल 45 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है।

निकट भविष्य में संपन्न होने वाली भर्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के मुताबिक पुन: कुशल खिलाड़ियों के विभिन्न खेल विधाओं में 345 पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती कअधियाचन प्राप्त हुए हैं। जिस पर प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। शीघ्र ही इन पदों पर अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। उप्र पुलिस रेडियो सवंर्ग में कर्मशाला कर्मचारी के 120 पदों, सहायक परिचालक के 1374 पदों एवं प्रधान परिचालकों के 936 पदों पर अभ्यर्थियों की परीक्षा कराए जाने की कार्यवाही अन्तिम चरण में है। उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रोग्रामर ग्रेड-2 के 55 पदों एवं कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के 872 पदों पर सीधी भर्ती के लिए परीक्षा की कार्यवाही शीघ्र की जायेगी। बोर्डने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि अद्यावधिक सूचना के लिए बोर्ड की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

फाइलेरिया के गंभीर मरीजों के उपचार को आगे आया आईएडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य सरकार और आयुष मंत्रालय के नेतृत्व में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से चल रहे इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी (आईएडी)लखनऊ और वाराणसी में उपचार केंद्र की शुरुआत की है। लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित रीजनल आयुर्वेद रिसर्च सेंटर में इस उपचार केंद्र की शुरुआत की गयी है। यहां पर फाइलेरिया की पीड़ा के साथ जीवन व्यतीत कर रहे मरीज बिना किसी खर्च के प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल और जरूरी व्यायाम भी सीख सकते हैं। इंस्टीट्यूट की तरफ से प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ लेने के लिए लखनऊ उपचार केंद्र के लिए मोबाइल नम्बर. 9567703334 पर और वाराणसी उपचार केंद्र पर सुविधा का लाभ उठाने के लिए मोबाइल नम्बर 9567283334 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एम भास्करन का कहना है कि देश में लाइलाज मानी जा रही फाइलेरिया की बीमारी के सफल उपचार की शुरूआत केरल स्थित इंस्टीटयूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के संस्थापक डॉ एस आर नरहरी और उनके सहयोगियों ने की है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और वाराणसी के अलावा बिहार के पटना और बेगूसराय जिलों के साथ देश के विभिन्न शहरों में फाइलेरिया हाथी पाँव मरीजों के उपचार के लिए केंद्र शुरू किये जा रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ रितु श्रीवास्तव का कहना है कि राजधानी में यह उपचार केंद्र खुलने से लखनऊ ही नहीं बल्कि आस.पास के जिलों के फाइलेरिया मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने फाइलेरिया मरीजों से अपील की है कि वह उपचार केंद्र से सम्पर्क कर इलाज का लाभ उठायें और अपने जीवन को सरल बनायें।

ट्रामा सेंटर चालू किए जाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

संवाददाता। सीतापुर

- धरना स्थल पर रालोद नेता आरपी सिंह चौहान के साथ सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव व अन्य सपा नेता भी धरने में हुए शामिल
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने पत्र लिखकर किया समर्थन का ऐलान, आईपीएफके राज्य सचिव डा0 बृजबिहारी भी समर्थन देने पहुंचे
- सभी ने एक स्वर से ट्रामा सेंटर चालू कराने की उठाई मांग, प्रशासन को दी चेतावनी, मांगे पूरी न होने तक चलता रहेगा अनिश्चितकालीन धरना

रालोद नेता आर पी सिंह चौहान द्वारा सीतापुर में बंद पड़े ट्रामा सेंटर और जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पिछले पांच दिनों से किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने को धार देने के लिए अब समाजवादी पार्टी भी शामिल हो गई है। सपा के अलावा कांग्रेस ने भी इस धरने को समर्थन देने का ऐलान किया है। सीतापुर के विकास भवन के सामने चल रहे धरना प्रदर्शन में शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, सपा नेता दिग्विजय सिंह देव, आशुतोष सिंह यादव सहित अन्य सपा नेताओं के साथ सामाजिक संगठन आईपीएफ के राज्य सचिव डाक्टर बृज बिहारी शामिल हुए। सपा नेताओ का कहना है की 2016 में उनकी सरकार में बनाए गए ट्रामा सेंटर को भाजपा सरकार आज तक चालू नहीं करा सकी। यह हाल तब है जब रोजाना हाईवे पर दुर्घटनाएं होती है और सीतापुर में इलाज न मिल पाने के चलते मरीज लखनऊ पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा की जब तक प्रशासन इस समस्या का निदान नहीं करता है समाजवादी पार्टी के लोग धरने में मौजूद रहेगें और पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से धरना प्रदर्शन कर गरीबों व किसानों का जगाने काम करेगें। आईपीएफ के राज्यसचिव डाक्टर बृजबिहारी ने कहा की सीतापुर के बंद पड़े ट्रामा सेंटर बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं व जरुरत मंदो को स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ड जैसी समस्याओं को लेकर वह इस धरना प्रदर्शन का समर्थन करते है, और जब तक इन समस्याओं का निदान नहीं होता है वह भी धरना में शामिल रहेगें। आपको बतादें की इससे पहले धरने में लहरपुर से सपा विधायक अनिल वर्मा व पूर्व विधायक रामपाल यादव सहित कई सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू भी शामिल हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी के अलावा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने भी एक पत्र लिखकर रालोद नेता आरपी सिंह चौहान द्वारा दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने को समर्थन देने का ऐलान किया है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सपा नेता अकिंत त्रिवेदी, सादिया खान, मोहम्मद रिजवान, विवेक वर्मा, ओमेन्द्र वर्मा, विनय यादव, नूर नेता सहित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर, 30 बुजुर्गों की हुई जांच

लखीमपुर खीरी। बुजुर्गों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए एनसीडी के अंतर्गत एनपीएचसी कार्यक्रम संचालित है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम में शुक्रवार को एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। जिरियाट्रिक फिजीशियन जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एनपीएचसी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में कैंप लगाया गया। जिसमें 30 बुजुर्गों की मधुमेहए उच्च रक्तचापए कैंसरए नेत्र रोगए मानसिक समस्याओं की जांच की गई। कैंप में मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्लाए नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ ऑप्टोमेट्रिस्ट अरविंद वर्मा साइकेट्रिक नर्स विवेक मित्तल द्वारा बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

आठ निर्दलीय चेयरमैन भाजपा में शामिल होने का बुन रहे तानाबाना

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर में कुल 11 निकाय है जिनमें से भाजपा के सिम्बल पर सीतापुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर नेहा अवस्थी, खैराबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर बेबी गुप्ता और सिधौली नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर गंगाराम राजपूत चुनाव जीते है। नौ अन्य निकायों में निर्दलीय या समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिली है भाजपा ने पीछे के दरवाजे से लहरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित हाजी जावेद अहमद खान और पैंतेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा की समर्थित जैनब जहां को चुनाव जिताने में सफलता प्राप्त कर ली है। इस तरह से भाजपा के कुल 11 निकाय में पांच चेयरमैन की संख्या हो गई है लेकिन अभी इतनी ही काफी नहीं है अभी हरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भले ही भाजपा प्रत्याशी हरिनाम बाबू मिश्रा को हराकर निर्दलीय रुप में गफ्फार खां जीते हो पर गफ्फार खां को भी भाजपा अपना ही चेयरमैन मान रही है, कारण गफ्फार खां भाजपा से टिकट मांग रहे थे। पार्टी ने भले ही उन्हे टिकट न दिया हो पर वह भी सत्ताधारी भाजपा से अलग होना नहीं चाहतें हैं। इस तरह से भाजपा के चेयरमैनो की संख्या 6 तक पहुंच जाएगी, यह कहना गलत न होगा पर भाजपा के चेयरमैनो की यह संख्या भी आखिरी नहीं कही जाएगी क्योंकि बिसवां नगर पालिका अध्यक्ष पद पर निर्दलीय रुप में चुनाव जीते पुष्पू जायसवाल को भी भाजपा में शामिल किया जा सकता है। यह अलग बात है कि पुष्पू जायसवाल ने तीन बार के चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी सीमा राजू जैन को चुनाव हराया है। लेकिन भाजपा के ही कुछ नेता पुष्पू जायसवाल को भाजपा में शामिल करने का तानाबाना बुन रहे है। इसी तरह मिश्रिख नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्दलीय रुप में चुनाव जीती मुन्नी देवी के भी भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं है यह अलग बात है की भाजपा की प्रत्याशी सुमन भार्गव को उन्होने हराया था। इस तरह से भाजपा के चेयरमैनों की संख्या बढ़कर 8 तक पहुंच सकती है।

डीटीएफ सदस्य समय से पूरा करें निरीक्षण, बीएसए को सौंपे रिपोर्ट

- डीएम ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शुक्रवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक लीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने किया। डीएम ने निर्देश दिए कि डीटीएफ के सदस्य सभी संबंधित अधिकारीगण अनिवार्य रूप से विद्यालयों के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बीएसए के जरिए उन्हें भिजवाए। बीडीओ एवं बीईओ आपसी समन्वय से कायाकल्प के अधूरे कामों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। डीएम ने परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्माणाधीन कामों की प्रगति की समीक्षा की। कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए कि अधूरे निर्माण कार्यों को समय से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे सीडीओ अथवा उनके संज्ञान में लाया जाए। सीडीओ ने कहा कि जिन विद्यालयों में बाउंड्री वाल एवं शौचालय का काम अधूरा है वहां बीईओ स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्धस्तर पर गुणवत्तायुक्त काम को पूरा कराएं। डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज-दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयनए ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरणए कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ डीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंग, शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए।

महापौर अर्चना वर्मा ने ली शपथ

संवाददाता। शाहजहांपुर

शुक्रवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जनपद की प्रथम महापौर अर्चना वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत प्रथम महापौर अर्चना वर्मा ने नगरपालिका के सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सत्ता हस्तांतरित के प्रतीक राजदंड को भेंट किया। इसके उपरांत महापौर ने नगर निगम के सभी 60 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस सहित सांसद मिथिलेश कुमार भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा जनपद की पहली महापौर अर्चना वर्मा पवन के सभी टीम के साथियों को इस खास मौके पर हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने ली शपथ

- जनाकांक्षाओं पर खरा उतरने के व्यक्त किया संकल्प

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं सभासदों को एक भव्य समारोह में एसडीएम द्वारा शपथ गृहण कराई गई। चेयरमैन ने जनाकांक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद संडीला कार्यालय प्रांगण में आयोजित इस भव्य शपथ गृहण समारोह में एसडीएम डॉ0 दिव्या मिश्रा, आईएएस ने सबसे पहले निर्वाचित चेयरमैन हाजी मो0 रईस अंसारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नगर के सभी वॉर्डों के सदस्यों के निर्वाचित सदस्यों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ गृहण के दौरान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास, टीले वाली मस्जिद लखनऊ के इमाम मौलाना फजल ए मन्नान रहमानी, उत्तम कुमार शर्मा, पूर्व अधिशासी अधिकारी केके मौर्य व रुद्र प्रताप सिंह के अलावा अनंत द्विवेदी मौजूद रहे। शपथ गृहण से पूर्व अध्यक्ष शमसुन निसां ने सभी महिला सभासदों तथा इरफान हमीद अंसारी ने निर्वाचित पुरुष सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शपथ गृहण के बाद चेयरमैन हाजी मो0 रईस अंसारी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंनें जनता से जो वादे किए थे और लोगों को उनसे जो आकांक्षाएं हैं उनको पूरा करने तथा खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे। उनका सदैव से प्रयास रहा है कि संडीला नगर का बहुमुखी विकास हो और नगर पालिका परिषद संडीला प्रदेश की बेहतरीन नगर पालिकाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। शपथ गृहण समारोह में अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता, टीएस अनिल प्रकाश आनंद, लेखाकार परवेज़ खान, जलकल अभियंता सुनील यादव, अवर अभियंता गौरव शुक्ला के अलावा नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी एवं तमाम अतिथिगण मौजूद रहे।

प्रभारी चिकित्साधिकारी और कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर रात्रि विश्राम करें

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय, पल्स पोलियो एवं नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने विभिन्न कार्यक्रमों में खराब प्रगति वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्रदर्शन में सुधार करें तथा योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा भी करें। नगर क्षेत्र के कार्यक्रमों में खराब प्रगति पर अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर मुनीष कुमार की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक योगेंद्र सक्सेना को निर्देश दिए कि 3 दिन के भीतर सुधार करें अन्यथा की दशा में सेवा समाप्त की जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने में अत्यंत खराब प्रगति होने पर जैतीपुर, निगोही, मिर्जापुर और मदनापुर सहित अन्य प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए प्रदर्शन में सुधार करें और लक्ष्य के अनुसार लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड समय से जारी कराया जाना सुनिश्चित करें।

लैब में लगा नया ऐसी, अब सेंट्रल एसी भी करेगा काम

लखीमपुर खीरी। एमसीएच विंग स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय की लैब के खराब (एयर कंडीशन) एसी को बदलवा दिया गया है। यह सुचारू रूप से अब काम कर रहा हैए साथ ही लैब में अब सेंट्रल एसी भी काम करेगा। एमसीएच विंग ओयल अधीक्षक डॉ. एसी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि लैब का एसी खराब होने से लैब की कुछ मशीनें काम नहीं कर पा रही थीं। जिससे मरीजों को काफी दिक्कत हो रही थीं। 2 बार एसी को ठीक कराया गया परंतु वह काम नहीं कर पाया। जिसके बाद लैब में नया एसी लगा दिया गया है और यह बेहतर ढंग से काम कर रहा है। मशीनें सभी सुचारू रूप से काम कर रही हैं। ऐसी समस्या दोबारा ना हो इसे लेकर लैब में सेंट्रल एसी का काम शुरू कर दिया गया है जो शुक्रवार शाम तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद से सेंट्रल एसीबी लैब में चलने लगेगा। जिससे भविष्य में इस तरह की समस्या सामने आने की संभावना नहीं रह जाएंगी।

नकली शराब बनाने वाले गैंग के तीन लोग गिरफ्तार

- भारी मात्रा में देशी और विदेश की बनी हुई जहरीली शराब की बरामद

संवाददाता। शाहजहांपुर

एसओजी व रौजा पुलिस टीम ने मिलकर नकली शराब बनाने वाले गैंग के सरगना के यहां छापेमारी की तो जिला बदर सहित तीन लोग को नकली शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। टीम ने शराब की नकली फैक्ट्री से भारी मात्रा में देशी और विदेशी बनी हुई जहरीली शराब को बरामद की। रौजा थाना क्षेत्र में सत्यम इम्पीरिया होटल के पीछे एक मकान में नकली शराब की फैक्ट्री पिछले लंबे समय से चल रही थी। आबकारी विभाग और पुलिस टीम ने मिलकर जब इस फैक्ट्री पर छापेमारी की तो गैंग का सरगना दीपक सिंह उर्फमोनू ठाकुर उसका साथी रजनीश यादव और प्रशांत कुमार को रंगे हाथों जहरीली शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। टीम ने शराब की इस नकली फैक्ट्री से भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद हुई । फैक्ट्री से दो लाख रुपए की नगदी भी पुलिस ने बरामद की । पुलिस कप्तान एस आनद ने बताया नकली शराब के मास्टरमाइंड हिस्ट्रीशीटर मोनू ठाकुर ने बताया कि उन लोगों के पास शराब की बोतल को सील करने वाली ऑटोमेटिक मशीन व नकली क्यूआर कोड और शराब की बोतलें हैं। शराब की इस नकली फैक्ट्री में वह लोग नशीली गोलियां मिलाकर देशी और विदेशी ब्रांडेड शराब तैयार किया करते थे। जिसके बाद उस जहरीली शराब को लालबाग स्थित शराब की दुकान सहित आसपास की सरकारी दुकानों पर रखकर पब्लिक को बेचा करते थे। फैक्ट्री से शराब की दुकानों तक जहरीली शराब को ले जाने के लिए टाटा सफारी गाड़ी का इस्तेमाल किया करते थे। वहीं दूसरी तरफ शाहजहांपुर के जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप दुबे ने बताया कि जिन सरकारी दुकानों से इस जहरीली शराब को बेचा जाता था उन सभी दुकानदारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उन दुकानों का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

INDIABULLS RURAL FINANCE PRIVATE LIMITED

(CIN :U74140MH1993PTC074596)

Extract of the audited financial results for the quarter and year ended 31 March 2023

(Rs. in Crores)

Particulars	Quarter ended 31 March 2023	Quarter ended 31 Dec 2022	Quarter ended 31 March 2022	Year ended 31 March 2023	Year ended 31 March 2022
	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited	Audited
Total income from operations	5.87	5.58	4.95	22.07	21.01
Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items)	4.41	2.56	2.20	11.76	7.37
Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items)	4.41	2.56	2.20	11.76	7.37
Net profit for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items)	3.12	1.80	1.65	8.66	5.34
Total comprehensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	3.13	1.85	1.66	8.67	5.36
Paid-up equity share capital	41.80	41.80	41.80	41.80	41.80
Reserves (excluding revaluation reserve)	33.33	30.20	24.66	33.33	24.66
Securities premium account	74.83	74.83	74.83	74.83	74.83
Net worth	149.96	146.83	141.29	149.96	141.29
Outstanding debt	49.95	49.90	49.75	49.95	49.75
Debt equity ratio	0.33	0.34	0.35	0.33	0.35
Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) (EPS for the quarter and nine months are not annualised)*					
-Basic (Rs)	*0.75	*0.43	*0.39	2.07	1.28
-Diluted (Rs)	*0.75	*0.43	*0.39	2.07	1.28

Note to financial results:

1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 26 May 2023.

2) The above presentation is an extract of the detailed format of quarterly/ annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) regulations, 2015. The full format of quartely / annual financial results are available on the company's website (http://indiabullsruralfinance.com) and on the website of BSE (http://www.bseindia.com).

Registered Office: One International Center, Tower-1, 4th Floor, S. B. Marg, Elphinstone(W), Mumbai, 400013

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Gurugram
Date : 26 May 2023

Purav Acharya
Whole Time Director

Indiabulls Enterprises Limited

(CIN: U71290HR2019PLC077579)

Extract of Consolidated Audited Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2023

(Rs. in Crores)

Particulars	Quarter ended 31-Mar-23	Quarter ended 31-Dec-22	Quarter ended 31-Mar-22	Year ended 31-Mar-23	Year ended 31-Mar-22
	Refer note-3	Unaudited	Refer note-3	Audited	Audited
Total Income from operations	17.95	18.88	27.93	87.97	117.18
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Share of Profit / (Loss), Exceptional and/or Extraordinary items)	(2.18)	5.20	(11.75)	14.75	(8.11)
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Share of Profit / (Loss) (after Exceptional and/or Extraordinary items))	(11.24)	5.20	(11.75)	5.69	(8.11)
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(11.65)	1.41	(33.00)	4.59	(102.69)
Equity share capital	39.67	39.67	39.67	39.67	39.67
Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited Balance Sheet				231.41	226.83
Earnings per share (EPS) of Rs.2 each from continuing operations					
-Basic (Amount in Rs.)	(0.55)	0.23	(0.62)	0.11	(0.58)
-Diluted (Amount in Rs.)	(0.55)	0.23	(0.62)	0.11	(0.58)
Earnings per share (EPS) of Rs.2 each from discontinued operations					
-Basic (Amount in Rs.)	(0.05)	(0.15)	(1.06)	0.09	(4.62)
-Diluted (Amount in Rs.)	(0.05)	(0.15)	(1.06)	0.09	(4.62)

Notes:

1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 26 May 2023.

2. **Key Standalone Financial Information:**

(Rs. in Crores)

Particulars	Quarter ended 31-Mar-23	Quarter ended 31-Dec-22	Quarter ended 31-Mar-22	Year ended 31-Mar-23	Year ended 31-Mar-22
	Refer note-3	Unaudited	Refer note-3	Audited	Audited
Total Income	14.54	14.02	32.29	84.71	125.52
Profit/(Loss) before Tax	(382.15)	(0.11)	(9.37)	(368.56)	2.85
Net Profit/(Loss) after Tax	(381.24)	(3.94)	(14.02)	(383.46)	(15.04)

3. Figures for the quarters ended 31 March 2023 and 31 March 2022 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the respective financial year.

4. The above is an extract of the detailed format of quarterly / annual financial results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / annual Financial Results are available on the Company's website (https://www.indiabullsenterprises.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: 5th Floor, Plot No. 108, IT Park, Udyog Vihar, Phase-1 Gurugram, Haryana 122016

For and on behalf of Board of Directors

Place : Gurugram
Date : 26 May 2023

Vijay Kumar Agarwal
Executive Director

Yaari Digital Integrated Services Limited

(Formerly "Yaarii Digital Integrated Services Limited" & "Indiabulls Integrated Services Limited")

(CIN: L51101HR2007PLC077999)

Extract of Consolidated Audited Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2023

(Rs. in Crores)

Particulars	Quarter ended 31-Mar-23	Quarter ended 31-Dec-22	Quarter ended 31-Mar-22	Year ended 31-Mar-23	Year ended 31-Mar-22
	Refer note-3	Unaudited	Refer note-3	Unaudited	Audited
Total Income from Operations	-	13.95	5.01	185.90	22.50
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items)	(70.48)	(7.89)	(39.10)	84.69	(131.76)
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items))	(70.48)	(7.89)	(39.10)	84.69	(131.76)
Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(70.83)	(7.41)	(53.11)	94.85	(145.77)
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(90.85)	(12.53)	(133.01)	58.58	(154.88)
Equity Share Capital	19.74	19.74	19.74	19.74	19.74
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited Balance Sheet				(242.79)	(313.85)
Earnings per Share (EPS) before extraordinary items					
-Basic (Amount in Rs.)	(7.06)	(0.74)	(5.29)	9.44	(14.51)
-Diluted (Amount in Rs.)	(7.06)	(0.74)	(5.29)	9.44	(14.51)
Earnings per Share (EPS) after extraordinary items					
-Basic (Amount in Rs.)	(7.06)	(0.74)	(5.29)	9.44	(14.51)
-Diluted (Amount in Rs.)	(7.06)	(0.74)	(5.29)	9.44	(14.51)

Notes:

1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 26 May 2023.

2) **Key Standalone Financial Information:**

(Rs. in Crores)

Particulars	Quarter ended 31-Mar-23	Quarter ended 31-Dec-22	Quarter ended 31-Mar-22	Year ended 31-Mar-23	Year ended 31-Mar-22
	Refer note-3	Unaudited	Refer note-3	Unaudited	Audited
Total Income	32.48	23.30	4.50	529.69	20.79
Profit/(Loss) before Tax	(39.41)	(11.75)	(43.60)	412.77	(170.15)
Net Profit/(Loss) after Tax	(39.66)	(11.28)	(43.60)	412.99	(170.15)

3) Figures for the quarters ended 31 March 2023 and 31 March 2022 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the respective financial year.

4) The above is an extract of the detailed format of Quarterly /Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://www.yaari.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: 5th Floor, Plot No. 108, IT Park, Udyog Vihar, Phase-1 Gurugram, Haryana 122016

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Gurugram
Date : 26 May 2023

Kubeir Khera
Executive Director & CEO

नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने ली शपथ

कोंच(जालौन)। भव्य समारोह के बीच शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कोंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं सभी 25 सभासदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के इस कार्यक्रम में जिले भर के बड़े नेताओं ने शिरकत कर शपथ ग्रहण समारोह को यादगार बना दिया। 35 साल का वनवास काट कर पालिका की गद्दी संभालने का रोमांच सभी नेताओं के चेहरों पर छलक रहा था। अतिथियों ने नवगठित बोर्ड को शुभकामनाएं देते हुए कहा, जिस आशा और विश्वास के साथ कोंच की जनता ने भरोसा कर अध्यक्ष और सभासदों के हाथों में अपने नगर के विकास की बागडोर सौंपी है उस भरोसे को बनाए रखने की जिम्मेदारी नए बोर्ड पर है। अपेक्षा है कि बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण नगर का विकास नया बोर्ड करेगा। नगर के सबसे पुराने शिक्षण संस्थान एसआरपी इंटर कॉलिज के मैदान में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा,

शपथ लेते चेयरमैन प्रदीप गुप्ता व सभासद।

जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, जिलाध्यक्ष भाजपा रामेंद्र सिंह बनाजी, विधायक मूलचंद्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पूर्व विधायक कालपी नरेंद्र सिंह जादौन, कोंच नगर प्रभारी अनिल बहुगुणा, मदन पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया, वीरेंद्र चमरसेना, कौंग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा, सुनीलकांत तिवारी आदि बतौर अतिथि मंचस्थ रहे। एसडीएम अंगद सिंह यादव ने पहले पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और बाद में सभी 25 सभासदों को सामूहिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप ने कहा कि आज ही की तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ली थी इसलिए आज की तारीख कोंच नगर के लिए महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री देश का विकास कर रहे हैं ठीक उसी तरह से पालिकाध्यक्ष निर्वाचित हुए प्रदीप गुप्ता नगर का सर्वांगीण विकास करेंगे। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा, कोंच की जनता को ट्रिपल इंजन सरकार का पूरा लाभ मिलेगा और आने वाले पांच साल नगर के लिए स्वर्णिम होंगे। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, नगर के विकास में पालिका को हरसंभव सहयोग करेंगे। जो योजनाएं शासन स्तर की होंगी उन्हें मंजूर करा कर लागू कराया जाएगा। उन्होंने अपेक्षा जताई कि पालिकाध्यक्ष प्रतिदिन 2-4 वार्डों का संबंधित सभासदों के साथ भ्रमण कर व्यवस्थाएं चौकस करने का काम करेंगे। उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा, साढ़े तीन दशक बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरों पर खुशी दिख रही है, निश्चित रूप से आने वाले दिनों में ऐसी ही खुशी जनता के चेहरों पर भी दिखेगी।

इन लोगों ने ली शपथ

कोंच। एसआरपी इंटर कॉलिज का मैदान जिन लोगों की शपथ का साक्षी बना उनमें पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के साथ सभासद महेंद्र कुशवाहा (निर्दलीय), मीरा तिवारी (भाजपा), सीमा यादव (भाजपा), खुशबू जाटव (एआईएमआईएम), शकील अंसारी (निर्दलीय), ममता वर्मा (निर्दलीय), सीमा देवी (कांग्रेस), अनिल कुमार वर्मा (भाजपा), रघुवीर कुशवाहा (सपा), मनोज गुप्ता मोर (निर्दलीय), विनोद सोनी (निर्दलीय), शादाब अंसारी (निर्दलीय), अमित यादव (निर्दलीय), शाहीन बेगम (निर्दलीय), नंदिनी कुशवाहा (भाजपा), सुनीता कुशवाहा (भाजपा), वेद प्रकाश दुवे (कांग्रेस), मनोज इकड़या (सपा), लताराजे (निर्दलीय), आजाद सिद्दीकी (कांग्रेस), माधवेंद्र यादव (निर्दलीय), विक्रम सिंह तोमर (भाजपा), शमसुद्दीन मंसूरी (कांग्रेस), रविकांत कुशवाहा (भाजपा), नजराना (सपा) शामिल हैं।

जल संरक्षण के कार्यों के लिए पदमश्री उमाशंकर पांडेय ने किया डीएम अभिषेक का अभिनंदन

● पदमश्री ने भूगर्भ जल के संरक्षण पर दिया जोर

चित्रकूट। पद्मश्री से सम्मानित जल योद्धा उमा शंकर पांडेय व डीएम अभिषेक आनन्द ने विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत हरिहरपुर के कच्चा तालाब में श्रमदान कर ग्रामीणों को भूगर्भ जल का संरक्षण करने का आहवान किया। पद्मश्री से सम्मानित जल योद्धा उमा शंकर पांडेय ने ग्राम वासियों से कहा कि 'खेत पर मेड मेड़ पर पेड़' का कार्य अवश्य आप लोग करें। जल को संरक्षित करें तभी हम आप सब का जीवन सुखमय रहेगा। मैं पेड़ व जल के संरक्षण कार्यों में पद्मश्री पुरस्कार पाया हूं,। उन्होंने डीएम को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डीएम ने कहा कि अटल भूजल योजना भारत सरकार की

डीएम का अभिनंदन करते पदमश्री उमाशंकर।

महत्वाकांक्षी परियोजना है, जो जल संकट ग्रस्त ग्राम पंचायतों में भूगर्भ जल की स्थिति में प्रभावी सुधार लाए जाने एवं जल प्रबंधन के उपायों को समेकित ढंग से क्रियान्वित किए जाने के उद्देश्य लागू की गई है। जिसके तहत अटल जल शक्ति यात्रा चलाई जा रही है। ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि आप लोग अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा जल को संचय करें। डीएम ने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि इस तालाब की खुदाई अच्छी तरह से गहराई पर कराकर कराएं ताकि अधिक से अधिक पानी इसमें संरक्षित हो सके और तालाब के चारों तरफ पौधारोपण भी कराया जाए। डीएम ने पद्मश्री से सम्मानित जल योद्धा उमा शंकर पांडेय का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी कर्वी आस्था पांडेय, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अम्बीश त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी तथा अटल जल शक्ति यात्रा पर अभियान संस्था अशोक कुमार,कालूराम यादव सहित भूगर्भ जल विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नदी में शव प्रवाह करते समय नाव डूबी, बड़ी घटना होते बची

मौदहा, हमीरपुर। केन नदी के तटीय गांव में हुई सामान्य मौत के बाद शव को जल प्रवाह करते समय नाव पलट गई जिसके बाद शव प्रवाह करने वालों में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया और सभी लोग नदी में डूबने लगे वहीं मौके पर कुछ लोगों ने अपने आप को तैरकर सुरक्षित बचाया तो वहीं उनमें से एक व्यक्ति जो तैरना नही जानता था वह नदी में डूबने लगा जिसको ग्रामीणों ने भारी परेशानी के बीच नदी से सुरक्षित निकाल कर राहत की सांस ली। तहसील क्षेत्र के बैजेमऊ गांव में एक वृद्ध की हुई सामान्य मौत के बाद शव को जल प्रवाह करने पहुंचे ग्रामीणों ने जब शव को नाव में रखकर नदी की मंझधार में पहुंचे तभी शव को जल प्रवाह करते समय नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई जिसमें मौजूद परिजन समेत नाविक नदी की मझधार में फंस गए, जिसके बाद जो लोग तैरना जानते थे वह तैरकर नदी

नदी में शव प्रवाह करने जाते ग्रामीण

का किनारा पा गये तथा मृतक का नाती कल्लू 22 तैरना नहीं जानता था वह भी नदी में डूबने लगा जिसके बाद वहां मौजूद अन्य लोगों के द्वारा शोर शराबा करने के बाद गांव में चल रही नौ दिवसीय पंच कुण्डात्मक श्री राम महायज्ञ में मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर जैसे तैसे डूबते युवक को नदी से निकाल उसका प्राथमिक उपचार किया जिसके बाद उपरोक्त कल्लू की हालत सामान्य बताई गई है।

ट्रक से कुचला पीआरवी 112 का सिपाही, होमगार्ड घायल

घाटमपुर। बीते दिनों नगर के जहानाबाद रोड (स्टेट हाइवे 46) पर गांव अम्बरसिंह का डेरा गांव के सामने ट?क और आटो रिक्सा की टक्कर में मरे किशोरी सहित दो लोगों के मौत और 5 के घायल होने के की घटना में मृतकों के घरों में ममचे कोहराम की चीखे अभी शांन्त भी न हुई थी कि शुकवार दोपहर बाद कानपुर-सागर राष्ट?ीय राजमार्ग पर कुष्मॉण्डा देवी मंदिर के सामने ट?क से पीआरवी 112 का सिपाही कुचल गया जिसकी मौके पर मौत हो गयी, हादसे में साथी होमगार्ड घायल हो गया जिसे इलाज के लिये सीण्चसी में भर्ती करा गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हैलट कानपुर रिफर कर दिया है। उधर हादसे के बाद सिपाही के घर कोहराम मच गया। हादसे के बाद चालक ट?क छोड़ कर फरार हो गया। सिपाही गंगा शरण (30) पुत्र सुरेंन्द्र सिंह निवासी उड़ेशर थाना ऐका फिरोजाबाद का रहने वाला था तथा वर्तमान में पीआरवी 112 4750 में तैनात था तथा कोतवाली क्षेत्र में डियुटी थी।

नपा व नगर पंचायत के अध्यक्षों का शपथ ग्रहण आज

चित्रकूट। नगर पालिका समेत जिले की तीनों नगर पंचायतों के नए अध्यक्षों की ताजपोशी शनिवार को आयोजित समारोह में होगी। अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह नगर पालिका कर्वी अध्यक्ष को शपथ दिलाएंगे। राजापुर ,मऊ और मानिकपुर के उपजिलाधिकारी संबंधित नगर पंचायत अध्यक्षों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। चारों स्थानों पर समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। बता दें कि नगर निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी अध्यक्ष पद पर भाजपा के नरेंद्र गुप्ता विजयी हुई थे। इसी प्रकार भाजपा के ही टिकट से नगर पंचायत राजापुर में संजीव मिश्रा व मऊ में अमित द्विवेदी विजयी हुए है। वहीं नगर पंचायत मानिकपुर में निर्दलीय प्रत्याशी रानी देवी ने जीत हासिल की थी। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी का शपथ ग्रहण समारोह पुरानी कोतवाली कर्वी, राजापुर का शपथ ग्रहण समारोह तुलसी स्मारक और मानिकपुर नगर

चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता,संजीव मिश्रा व अमित द्विवेदी।

पंचायत का समारोह आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर में होगा। मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष का शपथ ग्रहण पुरूषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ में सम्पन्न होगा। नपा के ईओ लालजी यादव ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी देवेश कोरी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय समेत सभी नगर वासियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होने बताया कि कार्यक्रम 11 बजे प्रारंभ होगा। समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। नगर पंचायत राजापुर के ईओ राम आशीष वर्मा एवं राजापुर व मऊ के अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं।उन्होने बताया कि नगर पंचायत मऊ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे मौजूद रहेगें।

क्विक न्यूज

पुलिस के हस्तक्षेप से विवाह सम्पन्न

कुरारा(हमीरपुर)। कुरारा थाना क्षेत्र के रिठारी गांव में बीती रात ग्रामीण के यहां दो लड़कियों की बारात आई थी। जिसमे बर पक्ष व कन्या पक्ष के बीच विवाद होने पर मारपीट हो गयी। लड़की पक्ष ने डायल 112 को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। विवाद होने पर एक बारात वापस लौट जाने लगी तब दोनो पक्ष में आपस में बात बन गई।तथा दोनो की शादी संपन्न हुई। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी रामजीवन बाल्मीकि पुत्र रामलाल की बीती रात दो पुत्रियों की शादी थी। एक बारात कुरारा क्षेत्र के मिस्रीपुर गांव से मूसा नगर क्षेत्र के देवराहट गांव से आई थी। रात में एक बजे गांव में भ्रमण के दौरान मिस्री पुर गांव से आई बारात के साथ लड़की पक्ष के लोगो से विवाद हो गया। जिसमे दोनो पक्षों में मारपीट हुई। इसके बाद बारात वापस कुरारा तक लौट गई। तब रिस्तेदारो के समझाने पर दोनो पक्ष राजी हो गए।तथा डायल 112 को फोन पर जानकारी दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची।तब दोनो पुत्रियों की शादी संपन्न हुई। तथा दोपहर में आज विदाई हुई।शादी में झगड़े की बात की चर्चा गांव में दिन भर रही। दोनो पक्ष आपस में राजी होने पर शादी संपन्न हो गई।

पिता ने बच्चों को रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़ा

मौदहा, हमीरपुर। आज उस समय रेलवे स्टेशन में अफरा तफरी मची गयी जब एक पिता अपनी तीन संतानों को स्टेशन में छोड़कर चंपत हो गया। बाद में रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने तीनों बच्चों को फोन से सूचना देकर मां को सौप दिया। कस्बे के रागौल रेलवे स्टेशन में पिता इंद्रजीत पुत्र भिखरिया जिला बाँदा अपनी तीन बच्चों को लेकर प्लेटफार्म व रेलवे ट्रैक के आसपास घूम रहा था, और थोड़ी ही देर बाद वह उन बच्चों को लावारिस छोड़ मौके से गायब हो गया। इसकी सूचना यात्रियों ने आनन-फानन में रेलवे सुरक्षा कर्मियों को दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचे उन बच्चों से इस संबंध में जानकारी चाहिए उन्होंने बताया कि कस्बे के मौदहा क्षेत्र के क्योटरा मोहल्ला में अपने ननिहाल में माता सुमन के साथ रहते हैं और पिता अपने बच्चों को स्टेशन ले आया और छोड़कर कहीं गायब हो गया जिसकी जानकारी उसकी मां सुमन को दी और उन बच्चों को उसके माता के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस ने तीन को भेजा जेल

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र स्वामी दीन, उमराहट गांव निवासी मुलायम निषाद पुत्र कुरारा कृपाल व कस्बा कुरारा निवासी शिवम पुत्र विजय शंकर गुप्ता,के खिलाफस्थानीय थाना में मुकदमा दर्ज है। तीनों के खिलाफन्यायालय से वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा तीनों का चालान किया गया है।

कार व पांच लाख रुपए न देने पर हत्या करने का आरोप

फर्रुखाबाद। कार व 5 लाख रूपये न देनें के चलते हत्या करनें का आरोप लगाते हुए पति, सास व देवर पर मुकदमा पंजीकृत कराया। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बलराम नगर निवासी अरुण कुमार यादव का विवाह मई 2018 में जनपद कन्नौज के सौरिख नगला चौनू निवासी जगत सिंह यादव की 23 वर्षीय पुत्री पूजा के साथ हुआ था । बीती रात पूजा नें गृह कलह के चलते संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने परिजन मौके पर पंहुचे तो ससुराली मौके से फरार हो गये थे। मृतका के पिता जगह सिंह नें आरोप लगाया कि उनकी पुत्री पूजा के विवाह के बाद परिजन उसे बुलेरो कार और 5 लाख रूपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते थे। जिससे पुत्री काफी परेशान रहती थी। बीती रात ससुरालियों नें उसको पीट-पीट कर मार डाला। सूचना पर कोतवाल अनिलकुमार चौबे आदि अधिकारी मौके पर आ गये। पुलिस नें एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया ।

विवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या

फर्रुखाबाद। ससुरालियों से प्रताड़ित बिबहिता ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या ससुरालियों से प्रताड़ित बिबहिता नें मैके में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजीव नगर निवासी सुशील कुमार श्रीवास्तव की पुत्री 23 वर्षीय खुशबू नें घर की दूसरी मंजिल पर छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद खुशबू की चचेरी बहन पायल ऊपर गयी तो उसे फांसी पर झूलता देखा। जिसे देखकर उसकी चीख निकल गयी। चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर आ गये। परिजनों नें शव को नीचे उतारा और और पुलिस को सूचना दी। मृतका के भाई सचिन कुमार नें बताया कि 3 मई 2022 को खुशबू का विवाह मैनपुरी थाना ओछा के गांव अकबरपुर निवासी मुनेश कुमार श्रीवास्तव के पुत्र विकास के साथ हुआ था। होली पर खुशबू घर आयी थी। ससुराली बहन को बहुत परेशान करते थे। लिहाजा उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी, कोतवाल व फिक्ड यूनिट की टीम मौके पर आ गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रेक्टर से कुचलकर वृद्ध की हुई मौत

संवाददाता। कोंच(जालौन)

कैलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनाया में एक बृद्ध की ट्रेक्टर से कुचलकर मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुनाया निवासी 75 वर्षीय अवधबिहारी दुबे पुत्र रामनारायण शुक्रवार को घर से बाहर टहलने के लिए निकले हुए थे तभी रास्ते मे उन्हें लघुशंका की जरूरत महसूस हुई तो वह सड़क के किनारे जगह तलाशने लगे इसी दौरान सड़क पार करते समय बालू लादकर तेजगति से आ रहे ट्रेक्टर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी लगते ही दरोगा सोबरन सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक के पुत्र अरविंद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित ट्रेक्टर चालक बृजेश कुमार के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

लेखपाल की जांच रिपोर्ट में खुलासा हानिकारक पदार्थ खाने से हुई थी गौवंशों की मौत

जालौन (उरई)। चार दिन पूर्व गूढ़ा न्यामतपुर गांव में संदिग्धावस्था में आधा दर्जन दुधारू गायों की मौत एवं नौ गायों के गंभीर रूप से बीमार होने के मामले में लेखपाल की जांच रिपोर्ट के अनुसार पशुपालकों द्वारा पशुओं को अन्ना छोड़ दिया जाता था। जिसमें हानिकारक पदार्थ खाने से पशुओं की मौत हुई है। लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ने पशुपालकों को पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी कर 29 मई तक उनके जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं। अन्यथा की स्तिथि में पशुपालकों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने की भी चेतावनी दी गई है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा न्यामतपुर में 22 मई की देर शाम अचानक लगभग डेढ़ दर्जन दुधारू गाय बीमार हो गई थी। कुछ ही देर में आधा दर्जन गाएं मृत हो गई थीं। साथ ही 11 गाएं गंभीर रूप से बीमार थीं। गायों की मौत होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों सूचना पर एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम, पशु चिकित्सक आरके राजपूत मौके पर पहुंचे थे। पशु चिकित्सक ने मृत गायों का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के लिए भेज दिया था। साथ ही बीमार गायों का इलाज कराया गया था। घटना को लेकर एसडीएम ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पशु चिकित्सक व लेखपाल को मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

उक्त टीम की जांच में स्पष्ट हुआ कि जिन गायों की मौत हुई है और जो गाएं बीमार हुई हैं उनके पशुपालक अपने पशुओं का दूध दुहकर उन्हें अन्ना छोड़ देते थे। अन्ना जानवर खेतों में सिर्फ फसलों को खाकर नष्ट करते थे बल्कि गांव में भी गंदगी आदि खा लेते थे। कोई इसी प्रकार की चीजों को खाकर गायों को फूड प्वाइजनिंग हो गई थी। फूड प्वाइजनिंग के चलते गाएं न सिर्फ बीमार हुई बल्कि आधा दर्जन गायों की मौत भी हो गई। उक्त मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। उक्त संदर्भ में एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर पशुपालकों का कृत्य पशुक्रूरता की श्रेणी में आता है।

पशुपालकों द्वारा पशुओं की देखभाल ढंग से नहीं की गई। जिसके चलते पशुपालक रविन्द्र कुमार पुत्र कढोरे लाल, विजय कुमार पुत्र परमानन्द, मूंगालाल पुत्र मन्नीलाल, राजकुमार पुत्र रामनारायण, तुलाराम पुत्र प्यारे, शिवशर्मा पुत्र रामप्यारे, लोकेन्द्र सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह, जगदीश पुत्र परमानंद, मुन्नालाल पुत्र भगवानदास, फूलसिंह पुत्र दिबोले, महेश प्रसाद पुत्र रामनारायण के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। उक्त सभी पशुपालकों को उनके द्वारा स्वयं अथवा वकील के माध्यम से 29 मई तक जवाब दाखिल करने का समय दिया गया है। उक्त अवधि में जवाब न मिलने पर संबंधित पशु पालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

एसडीएम को निरीक्षण में बायो गैस संयंत्र बंद मिलने पर लगायी फटकार

जालौन (उरई)। बंद पड़े बायो गैस संयंत्र को तत्काल शुरू किया जाए। गोशाला में कंपोजिट खाद के प्लांट को भी शुरू किया जाए। यह निर्देश एसडीएम ने कान्हा गोशाला के निरीक्षण में पालिका कर्मचारियों को दिए। एसडीएम सुरेश कुमार ने प्रतापपुरा रोड स्तिथ कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। गोशाला में सबसे पहले उन्होंने भूसा और पानी की व्यवस्था को देखा। गोशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त भूसा मिला एवं पानी की भी व्यवस्था मिली। जिस पर वह संतुष्ट नजर आए। गोशाला में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर उन्होंने सफाई कर्मचारियों को फटकार लगाई। इसके उपरांत उन्होंने बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया। लेकिन बायोगैस संयंत्र चालू नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि गोशाला में 204 पशु हैं।इन पशुओं के मिलने वाले अपशिष्ट पदार्थों से बायोगैस संयंत्र चालू हो सकता है। इसलिए बायोगैस संयंत्र तत्काल चालू कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोशाला में आय आय बढ़ाने के लिए कंपोजिट खाद तैयार करने का प्लांट भी बनाया गया है। सरकार की मंशा थी कि गोशाला में जैविक खाद बनाकर बेची जाए। जिससे न सिर्फ गोशालाओं में आय का जरिया बनेगा बल्कि खेतों में भी जैविक खाद से उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है और रासायनिक खाद जो सेहत के लिए नुकसानदायक है उस पर निर्भरता भी कम होगी। जैविक खाद बनाने के लिए गोशाला में कंपोजीटिव पिट तो बनकर तैयार हो चुकी है। परंतु उसमें गोबर और केंचुए नहीं डाले गए हैं। जिससे खाद बनना शुरू नहीं हुई है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए जैविक खाद के प्लांट को भी शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताए गए कार्यों को शुरू कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश पालिका कर्मचारियों को दिए।

पेज एक का शेष

हर भारतीय...

के साथ शुरू होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में औपचारिक उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में 25 दलों के शामिल होने की उम्मीद है, जबकि 20 विपक्षी दलों ने कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

उमर अब्दुल्ला...

में कहा, इसके उद्घाटन को लेकर मचे घमासान को कुछ क्षणों के लिए एक तरफ रख देते हैं। यह (नया संसद भवन) स्वागत करने योग्य है। पुराने संसद भवन का शानदार योगदान रहा है, लेकिन वहां कुछ वर्षों तक काम करने वाले व्यक्ति के तौर पर, हममें से बहुत से लोग नए और बेहतर संसद भवन की जरूरत के बारे में अक्सर आपस में बात करते थे। उन्होंने कहा कि देर आए दुरुस्त आए , और यह (नया संसद भवन) भव्य दिखता है। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी, समेत 19 विपक्षी दलों ने बुधवार को ऐलान किया था कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने का बहिष्कार करेंगे। विपक्षी दलों के संयुक्त पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस भी शामिल है।

देश में...

साल पूरे होने पर कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों को पार्टी ने झूठ का बड़ा पुलिंदा करार दिया और उसकी आलोचनाओं को खारिज करते हुए दावा किया कि आज विकास के हर क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर नौ सवाल पूछे गए हैं। पहले तो मन में विचार आया कि इसे नजरअंदाज किया जाए, लेकिन वह झूठ का इतना बड़ा पुलिंदा है कि चीजें स्पष्ट करना जरूरी था। ये कांग्रेस पार्टी की खीझ को दर्शाते हैं।

सरकार के...

प्रधानमंत्री को चुप्पी तोड़नी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट कर कहा कि 9 सालों की भयावह बेरोजगारी को अमृतकाल, कमरतोड़ महंगाई को सबका विकास, खस्ताहाल अर्थव्यवस्था व भ्रष्टाचार को डबल इंजन ग्रोथ कहा गया। जनता की समस्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन उन्हें हल करने के बजाय मोदी जी की सरकार का प्रचार-पीआर और जुमलों का व्यापार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि आज का दिन प्रधानमंत्री को माफी दिवस के तौर पर मनाना चाहिए।

बीमार सत्येंद्र...

प्रकाश अस्पताल में रेफर किया गया और ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। सुप्रीम कोर्ट ने जैन को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज कराने की छूट दी है। साथ ही जैन को इलाज से संबंधित दस्तावेज कोर्ट में पेश करने को कहा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि बाहर रहकर जैन किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करेंगे। अदालत की इजाजत के बगैर वह दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। बेल के दौरान जो भी इलाज किया जा रहा है, उसके दस्तावेज अदालत के सामने पेश करने होंगे।

आयकर मामले...

सर्किल को कर चोरी की जांच तथा इसकी रोकथाम का काम सौंपा गया है। वह तलाशी के दौरान जांच शाखा द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को अपने कब्जे में ले लेता है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, याचिकाकर्ताओं के मूल्यांकन को कानून के अनुसार सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित कर दिया गया है। वर्तमान रिट याचिकाएं खारिज की जाती हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने सभी नौ मामलों में दिए गए अपने समान फैसले में कहा, इस न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं के आकलन को (आईटी) अधिनियम की धारा 127 के तहत पारित किए गए आक्षेपित आदेशों के माध्यम से कानून के अनुसार केंद्रीय सर्कल में स्थानांतरित कर दिया गया है। तदनुसार, लंबित आवेदनों सहित वर्तमान रिट याचिकाओं को खारिज किया जाता है। पीठ ने कहा, निसंदेह, कोई जुड़ाव के कारण अपराधी या रिश्तों के कारण अपराधी नहीं हो सकता है, फिर भी रिट याचिकाओं के वर्तमान समूह में, याचिकाकर्ताओं के आकलन को केवल समन्वित जांच और सार्थक मूल्यांकन के उद्देश्य से स्थानांतरित किया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने गुण-दोष के आधार पर पक्षों के बीच विवाद की जांच नहीं की है। अदालत ने अपने 44 पन्नों के फैसले में कहा कि सेंट्रल सर्किल का अधिकार क्षेत्र मामलों की तलाशी तक ही सीमित नहीं है और किसी भी करदाता के पास कोई मौलिक या निहित कानूनी अधिकार नहीं है, जिसका मूल्यांकन एक ऐसे मूल्यांकन अधिकारी द्वारा किया जाए जो कभी आपके सामने न आया हो। अदालत ने कहा, सेंट्रल सर्किल का न्यायक्षेत्र सिर्फ उन मामलों तक सीमित नहीं है जहां तलाशी ली गई हो।

राहुल तीन...

तीन वर्ष के लिए पासपोर्ट के नवीनीकरण के वास्ते एनओसी दे दी जाती है तो न्यायिक हित की पूर्ति होगी। राहुल गांधी का जून के पहले सप्ताह में अमेरिका जाने का कार्यक्रम है,जहां वह विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल का सैन फ्रांसिस्को, वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जाने का कार्यक्रम है, जहां वह भारतीय अमेरिकियों की दो बैठकों को संबोधित कर सकते हैं, संसद भवन में सांसदों और थिंक टैंक के सदस्यों से मुलाकात कर सकते हैं, साथ ही विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत कर सकते हैं। मजिस्ट्रेट की अदालत ने राहुल के वकीलों और स्वामी की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिरह के दौरान भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इसमें कोई दम नहीं है और पासपोर्ट केवल एक वर्ष के लिए जारी किया जाना चाहिए तथा प्रत्एक वर्ष इसका

यूक्रेन ने सीमावर्ती रूसी क्षेत्रों में बरसाए गोले

● मॉस्को की मिसाइल ने यूक्रेनी अस्पताल को निशाना बनाया

भाषा। कीव

यूक्रेन ने सीमावर्ती रूसी क्षेत्रों में शुक्रवार को तोप से गोले बरसाए, तो मॉस्को की मिसाइल ने मध्य यूक्रेन के निप्रो स्थित एक अस्पताल को निशाना बनाया। रूसी हमले में अस्पताल में भर्ती एक मरीज की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की सीमा से सटे रूस के दक्षिणी बेलगोराद क्षेत्र में शुक्रवार को यूक्रेन ने तोपों के जरिए गोलाबारी की और इसके घंटों बाद इस क्षेत्र के एक रूसी शहर को रात में किए गए कम से कम एक विस्फोट ने दहला दिया। अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने मध्य यूक्रेन में स्थित निप्रो के एक अस्पताल पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो बच्चों सहित 16 घायल लोग घायल हो गए। इसके अलावा एक रूसी एस-300 मिसाइल ने यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्सक प्रांत के कार्लिवका जिले में एक बांध को निशाना बनाया, जिससे आस-पास की बस्तियों में गंभीर बाढ़ का खतरा पैदा हो गया। राज्यपाल व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेन की सीमा से लगभग सात किलोमीटर दूर ग्रेवोरोन का बेलगोराद शहर पर कई घंटे गोले बरसाए गए जिससे चार घरों, एक भंडार गृह, एक कार, एक गैस पाइपलाइन और एक बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। हमले का ब्योरा अस्पष्ट है। अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया कि रूस के दक्षिणी शहर क्रसनोडार में शुक्रवार का धमाका ड्रोन के जरिए किया गया। चश्मदीदों ने स्थानीय मीडिया से कहा कि उन्होंने दो धमाकों की आवाज सुनी। इस महीने के पहले क्रसनोडार स्थित एक तेल रिफाइनरी को ड्रोन से लागातार दो दिन निशाना बनाया गया था। यूक्रेनी रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो साझा किया जिसमें दिख रहा है कि एक मानवरहित नौका काला सागर में रूसी पोत इवान खुर्स पर हमला कर रही है। लेकिन वीडियो में यह नहीं दिखाया गया है कि ड्रोन से पोत पर हमला किया गया है। इसके पहले बुधवार को रूस ने दावा किया था कि यूक्रेन की मानव राहित नौकाओं ने उसके पोत इवान खुर्स पर हमला किया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति के कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में रूसी हमले से कम से कम दो नागरिकों की जान चली गई जबकि तीन लोग घायल हो गए।

पुतिन ने अर्मेनिया और अजरबैजान के बीच वार्ता में प्रगति के संकेत दिए

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ रहे पड़ोसी देश अर्मेनिया और अजरबैजान के बीच मुख्य विवादों में से एक को हल करने में केवल तकनीकी बाधाएं है। पुतिन ने मॉस्को में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलिएव और अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान से मुलाकात की और उनसे लाचिन गलियारे को लेकर विवाद पर चर्चा की। यह अर्मेनिया और विवादित क्षेत्र नगोर्नो-काराबाख के बीच इकलौता अधिकृत संपर्क क्षेत्र है तथा क्षेत्र के करीब 1,20,000 लोगों को सामान की आपूर्ति के लिए जीवनरेखा है। मॉस्को में पुतिन की मेजबानी में एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन में अलिएव और पाशिनयान ने इस गलियारे को लेकर एक-दूसरे पर भड़ास निकाली। पुतिन ने कहा कि प्रमुख मुद्दों पर एक समझौता है और बाद में उन्होंने कहा कि तकनीकी मुद्दों पर विवाद है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक पाशिनयान ने बृहस्पतिवार को कहा, मैं इस बात की पुष्टि करना चाहता हूं कि अर्मेनिया और अजरबैजान एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता को परस्पर मान्यता देने पर सहमत हो गए है और इस आधार पर हम कह सकते है कि हम अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा की ओर बढ़ रहे है।

क्विक न्यूज

भारत-पाक क्रिकेट मैच के बाद लेस्टर में अशांति की ब्रिटिश आयोग करेगा समीक्षा

लंदन। ब्रिटिश सरकार ने लेस्टर शहर में पिछले साल अशांति फैलने संबंधी घटना की स्वतंत्र रूप से समीक्षा करने की घोषणा की है जहां दुबई में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के मद्देनजर सामुदायिक समूह आपस में भिड़ गए थे। ब्रिटेन के सामुदायिक मामलों के मंत्री माइकल गोव ने आवासन और परियोजना विभाग के पूर्व मंत्री और वेस्ट मिडलैंड्स के पूर्व मंत्री लॉर्ड इयान ऑस्टिन की अध्यक्षता में समीक्षा शुरू किए जाने का आदेश दिया है। उनके विभाग (डीएलयूएचसी) ने कहा कि सितंबर 2022 में सामुदायिक तनाव के कारण लेस्टर में पूजा स्थलों और अन्य संपत्तियों पर ताबड़तोड़ हमले किए गए थे। उसने कहा कि कुछ मामलों में शहर और उसके बाहर विभिन्न समूहों के बीच विभाजन भी नजर आया। भारत सरकार ने शहर में झड़पों में एक मंदिर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उस समय कूटनीतिक रूप से इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल अगस्त के अंत में दुबई में भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच के मद्देनजर झड़पें हुई थीं।

एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत जाना उत्पादक, सकारात्मक रहा : बिलावल

इस्लमाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में भारत में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने का फैसला उनके देश के लिए उत्पादक और सकारात्मक साबित हुआ। सीनेट की विदेश मामलों की स्थाई समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बिलावल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके मंत्रालय के लिए यह अहम था कि पाकिस्तान के मामले और उसके दृष्टिकोण को न केवल भारत, बल्कि एससीओ के अन्य भागीदार देशों के समक्ष पेश किया जाए। उन्होंने कहा, जहां तक कश्मीर मुद्दे, भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दों और बहुपक्षवाद से संबंधित जिम्मेदारियों की बात है, तो भारत दौरे के बाद मेरा निष्कर्ष यह है कि इस कार्यक्रम में शामिल होने का फैसला उत्पादक और सकारात्मक रहा। बिलावल ने सीनेट समिति को अवगत कराते हुए कहा, हमने सोचा था कि हमें पाकिस्तान के पक्ष और दृष्टिकोण को न केवल भारत, बल्कि (एससीओ के) अन्य भागीदार देशों के समक्ष भी पेश करना चाहिए।

यूनान में कार्यवाहक प्रधानमंत्री फिर से चुनाव होने तक देश की अगुवाई करेंगे

एथेंस। वरिष्ठ न्यायाधीश आयोनिस सरमास ने यूनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर बृहस्पतिवार को शपथ ली। वह अगले महीने फिर से चुनाव होने तक देश का नेतृत्व करेंगे। सरमास ने किरियाकोस मित्सोताकिस से प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया है। मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी पार्टी ने 21 मई को हुए चुनाव में शानदार जीत दर्ज की थी लेकिन वह सरकार गठन में नाकाम रही थी। दूसरे स्थान पर सिरिजा पार्टी थी और तीसरे स्थान पर पसोक सोशलिस्ट दल था लेकिन वह गठबंधन करने में नाकाम रहे। लिहाज़ा, नए चुनाव 25 जून को हो सकते हैं।

दक्षिण डकोटा में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत

फोर्ट पियरे (अमेरिका)। अमेरिका के दक्षिण डकोटा राज्य में एक घर में विस्फोट होने से एक शिशु और उसके दादा-दादी की मौत हो गई तथा दो अन्य बच्चे झुलस गए हैं। दक्षिण डकोटा स्टेट फायर मार्शल का कार्यालय घटना की जांच कर रहा है और विस्फोट के कारणों का पता लगा रहा है। स्टेनली काउंटी के शेरिफ ब्रैड रथबन ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर फोर्ट पियरे से करीब 18 किलोमीटर दक्षिणपश्चिम में स्थित एक मकान में विस्फोट हुआ। शेरिफ ने बताया कि छह माह के हार्पर हप और उसकी दादी लाडोना हप (61) की मौके पर ही मौत हो गई,वहीं विलियम हप (66) की एक अस्पताल में मौत हो गई। इस हादसे में दो बच्चे पांच साल का माइल्स और तीन साल का रॉयसे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें मिनेसोटा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बेल्जियम और ईरान ने कैदियों की अदला-बदली की

दुबई। बेल्जियम और ईरान के बीच शुक्रवार को ओमान में हुई कैदियों की अदला-बदली में एक ईरानी राजनयिक के बदले यूरोपीय देश के एक सहायता कर्मी को रिहा किया गया। ईरानी राजनयिक को फ्रांस में, निर्वासित व्यक्तियों की एक बैठक के दौरान बम विस्फोट का प्रयास करने के मामले में दोषी करार दिया गया था। कैदियों की अदला-बदली से पहले, ओमान के विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में घोषणा की थी लेकिन उसने कैदियों की पहचान जाहिर नहीं की थी। बेल्जियम के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डि क्रू ने एक बयान में कहा कि सहायता कर्मी ओलिवर वेंडेकास्टिले को रिहा कर दिया गया है। ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने बताया, सूत्रों ने बेल्जियम में हिरासत में लिए गए ईरानी राजनयिक असदुल्ला असदी को रिहा किए जाने की जानकारी दी है।

पोप फ्रांसिस ने आर्चबिशप का चयन किया

वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस ने ब्यूनस आयर्स के आर्चबिशप के रूप में अर्जेंटीना के एक बिशप का चयन किया। वेटिकन ने कहा कि रियो गैलीगोस के 55 वर्षीय बिशप जॉर्ज इग्नासियो गार्सिया कुर्वा सेवानिवृत्त कार्डिनल मारियो ऑरेलियो पोली का स्थान लेंगे, जो पिछले साल 75 वर्ष के हो गए थे। पोप फ्रांसिस ने कल कहा था कि वह अगले वर्ष अपने गृह देश अर्जेंटीना की यात्रा कर सकते है। फ्रांसिस ने पोप बनने के बाद से अर्जेंटीना से दूरी बना रखी थी और स्पष्ट है कि वह देश के राजनीतिक ध्रुवीकरण में शामिल नही होना चाहते थे।

ब्रिटिश एयरवेज ने कई उड़ानें रद्द कीं

लंदन। ब्रिटिश एयरवेज ने तकनीकी समस्या के कारण शुक्रवार को कई उड़ाने रद्द कर दी। उड़ाने रद्द किए जाने से सप्ताहांत में यात्रा की योजना बना रहे हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यूरोप के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे हीथ्रो से आने-जाने वाली 42 प्रभावित उड़ानों में से ज्यादातर छोटी दूरी के मार्गों से जुड़ी थी।विमानन कंपनी ने बताया कि बृहस्पतिवार को कंप्यूटर में आई तकनीकी समस्या के कारण कुछ उड़ानों का संचालन नही किया जा सका।

पूर्वी जापान में भूकंप का झटका, सुनामी की चेतावनी नहीं

तोक्यो। पूर्वी जापान और राजधानी तोक्यो में शुक्रवार को भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। हालांकि, सुनामी की चेतावनी जारी नही की गई है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, 6.1 तीव्रता के भूकंप का केंद्र चिबा प्रायद्वीप के पूर्वी तट के निकट 44.5 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, चिबा और इबारकी प्रांत में भूकंप का जोरेदार झटका महसूस किया गया। हालांकि, किसी भी तरह की जान-माल की हानि की आशंका नही है। क्योदो समाचार सेवा ने बताया कि इबारकी प्रांत में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र में भूकंप के कारण किसी तरह की समस्या नही आई है।

धोखाधड़ी मामले में भारतीय नागरिक को 30 महीने की जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में एक निर्माण कंपनी से कथित तौर पर 51 लाख सिंगापुरी डॉलर की धोखाधड़ी करने के जुर्म में एक भारतीय नागरिक को 30 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक हुसैन नैना मोहम्मद (47) ने बृहस्पतिवार को धोखाधड़ी करने और अपराध से अर्जित धनराशि का एक हिस्सा सिंगापुर से बाहर भेजने का जुर्म कबूला।

यूएई में हिंदू मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति को देखने 30 से अधिक देशों के राजनयिक पहुंचे

दुबई। दुनियाभर के 30 से अधिक देशों के राजदूत और राजनयिक संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के निर्माण स्थल पर पहुंचे और इसकी प्रगति का निरीक्षण करने के साथ ही आशा का संवाद, बंधुत्व और मानवता को बढ़ावा दिया। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर के विशेष आमंत्रण पर बृहस्पतिवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर के कार्यक्रम में राजनयिक शामिल हुए। यूएई में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, शांति और सद्भाव के प्रकाशपुंज बीएपीएस मंदिर का अबू धाबी में बनना। 30 से अधिक देशों के रेजिडेंट राजदूत और राजनयिक ने मंदिर स्थल को देखा और दुनियाभर की संस्कृतियों की नाजुक नक्काशी और रूपांकनों को देखकर चकित रह गए। फिलीपीन, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, जापान, इंडोनेशिया, इजराइल, ब्राजील, बेल्जियम, न्यूजीलैंड, कनाडा और नाइजीरिया के राजनयिक और मिशन प्रतिनिधि भी मंदिर देखने के लिए आने वालों में शामिल थे।

मोदी की यात्रा से पहले भारत जाएंगे अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत के अपने समकक्ष से मुलाकात करने के लिए अगले सप्ताह नई दिल्ली जाएंगे। पेंटागन ने यह घोषणा की है। यह यात्रा अगले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा से पहले हो रही है। पेंटागन ने बृहस्पतिवार को रक्षा मंत्री की अगले सप्ताह जापान, सिंगापुर, भारत और फ्रांस की यात्रा की घोषणा की। उसने कहा कि ऑस्टिन अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा भागीदारी को मजबूत करने की कवायद के तौर पर नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। पेंटागन ने कहा, यह यात्रा नए रक्षा नवाचार और औद्योगिक सहयोग की शुरुआत तथा अमेरिकी और भारतीय सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग का विस्तार करने के लिए चल रहे प्रयासों में तेजी लाने का अवसर प्रदान करती है।

ऑस्टिन हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अपनी सातवीं आधिकारिक यात्रा के तौर पर जापान से अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे। तोक्यो में उनकी योजना जापान के रक्षा मंत्री यासुकासु हमादा और अन्य वरिष्ठ नेताओं तथा जापान में तैनात अमेरिकी सैनिकों से भी मुलाकात करने की है। वहां से ऑस्टिन सिंगापुर जाएंगे जहां वह सामरिक अध्ययन के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थान (आईआईएसएस) के 20वें शंगरी-ला संवाद को संबोधित करेंगे। सिंगापुर के बाद ऑस्टिन नई दिल्ली जाएंगे और फिर फ्रांस जाकर डी-डे (नॉरमैण्डी पर हमले के 79वें वर्ष) पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

भारतीय मूल के अमेरिकी न्यायाधीश मेहता ने ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ड रोड्स को 18 साल की सजा सुनाई

वाशिंगटन। भारत में जन्मे अमेरिकी न्यायाधीश अमित मेहता ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने की साजिश के लिए ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ड रोड्स को 18 साल की सजा सुनाई। रोड्स पर राष्ट्रपति जो बाइडन को व्हाइट हाउस से बाहर रखने के लिए कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद) पर हमला करने के लिए साजिश रचने का आरोप था। ओथ कीपर्स एक धुर दक्षिणपंथी सरकार विरोधी मिलिशिया है। मेहता ने छह जनवरी, 2021 को अमेरिकी संसद पर हमले में उसकी भूमिका के लिए बृहस्पतिवार को रोड्स को 18 साल की जेल की सजा सुनाई। इस मामले में आरोपित वह पहला व्यक्ति है, जिसे देशद्रोह और साजिश रचने के मामले में सजा सुनाई गई है। रोड्स को दी गई सजा कैपिटल दंगों के विभिन्न मामलों में अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। सीएनएन की खबर के अनुसार सजा की घोषणा करने से पहले, न्यायाधीश मेहता ने रोड्स को अमेरिकी लोकतंत्र पर उसके देशद्रोही षड्यंत्रकारी अपराधों के बारे में बताया। न्यायाधीश मेहता ने कहा, आप (रोड्स) हमारे लोकतंत्र और इस देश के ताने-बाने के लिए एक खतरा हैं।

डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स ने अमेरिकी सांसदों से की चिल्ड्रन एक्ट पारित करने की अपील

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय-अमेरिकियों समेत बड़ी संख्या में डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स दर-दर की ठोकरें खाने के बाद अब चाहते हैं कि उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो जाए। डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स वे दीर्घकालिक वीजा धारक हैं, जो बचपन में अपने अभिभावकों के साथ अमेरिका आए, वहीं कानूनी रूप से रहते हुए बड़े हुए, लेकिन 21 वर्ष की आयु का हो जाने पर उन्हें देश से निर्वासित होना पड़ सकता है। डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स के एक समूह ने अमेरिकी संसद भवन यूएस कैपिटल में कई सांसदों के पास जाकर उनसे हाल में पेश किए गए अमेरिकाज चिल्ड्रन एक्ट के समर्थन की गुहार लगाई है। इन युवा ड्रीमर्स की संख्या करीब 2,50,000 है। वे सांसदों से ऐसे आवश्यक कानून बदलाव की मांग कर रहे हैं, जो उनकी नागरिकता का रास्ता साफ कर सके। डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स की ओर से संघर्ष कर रहे इम्प्रूव द ड्रीम संगठन के संस्थापक दीप पटेल ने कहा, इस उम्र संबंधी समस्या को स्थाई रूप से दूर करने और अमेरिकाज चिल्ड्रन एक्ट को पारित करने का समय आ गया है। दो साल की उम्र में अमेरिका आई मुहिल रविचंद्रन (24) ने कहा कि अब उन्हें उस देश से बाहर जाना होगा, जिसे वह करीब दो दशक से अपना घर कहती आई हैं। रविचंद्रन ने कहा, इसका मतलब है कि मुझे अपने परिवार को छोड़ना होगा, क्योंकि उन्हें उनके ग्रीन कार्ड पहले ही मिल गए हैं। यह बहुत कष्टकारी है कि मुझे हर दिन इस डर के साए में बिताना पड़ता है कि मुझे केवल उम्र की सीमा समाप्त हो जाने के कारण अपना घर छोड़ना पड़ेगा।

विदेश यात्रा की मेरी कोई योजना नहीं: इमरान खान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश से बाहर जाने पर रोक लगाए जाने लेकर शुक्रवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं पर निशाना साधा और कहा कि विदेश यात्रा की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि न तो विदेश में उनकी संपत्ति है और न ही कोई कारोबार है। खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं तथा पूर्व जनप्रतिनिधियों को बृहस्पतिवार को कथित तौर पर देश छोड़ने से रोक दिया गया था। खान ने ट्विटर पर लिखा, मैं ईसीएल में अपना नाम डालने के लिए सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी विदेश यात्रा की कोई योजना नहीं है, क्योंकि न तो विदेश में मेरी कोई संपत्ति या व्यवसाय है और न ही देश के बाहर कोई बैंक खाता है।

पीटीआई की वरिष्ठ नेता अवान ने पार्टी से इस्तीफा दिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की वरिष्ठ नेता फिरदौस आशिक अवान ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने नौ मई को हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के खिलाफ जारी सरकार की कार्वाई के बीच इस्तीफा दिया है। वर्ष 2019 से 2020 तक सूचना और प्रसारण मामलों पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में कार्य करने वालीं 53 वर्षीय अवान ने कहा कि अब पूर्व प्रधानमंत्री खान और पाकिस्तान की राहें जुदा जुदा हैं।

सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल अब संघर्षविराम पर

काहिरा। सऊदी अरब और अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल कुछ दिनों की छिटपुट झड़पों के बाद संघर्ष विराम का अच्छी तरह से पालन कर रहे हैं। इस नए संघर्षविराम की मध्यस्थता रियाद और वाशिंगटन ने की, जो सोमवार से लागू है लेकिन खार्तूम और पश्चिमी दारफुर क्षेत्र में संघर्ष जारी है। सऊदी अरब और अमेरिका द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के मुताबिक बुधवार को प्रतिद्वंद्वी सैन्य बलों के बीच भीषण लड़ाई हुई।

Public Notice

मैं, **कमला देवी** W/O स्वर्गीय तेजराम, खसरा नंबर - **270,गली नंबर- 4, सुशांत विहार एक्सटेंशन,** चंद्रमोहन फार्म हाउस के पास,**दिल्ली-110036,** मैं अपने छोटे बेटे नवीन उसकी पत्नी अनिता से अपने संबंध-विच्छेद करते हुए उन्हें संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ, इनसे किसी प्रकार का लेन-देन अपनी जिम्मेदारी पर होगा

Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of Mrs. Rubi Devi W/o Mr. Tejvir Singh who is purchasing the Residential Plot of land admeasuring 50 sq. yards., out of Khasra No. 886K, Old Khasra No. 1238, Khata No. 00354, Village Gulistanpur (Shyam Vihar), Pargana Dadri, Tehsil & District Gautam Budh Nagar, U.P. from Mrs. Sanjana w/o Mr. Satyavir, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 26.11.2021 (Document No. 22228) and intend to mortgage against the financial assistance from Vastu Housing Finance Corporation Ltd. That the Original Sale Deed dated 07.02.2018 executed by M/S Ambrosia Buildcon Pvt. Ltd in favour of Mrs. Vandana Kumari (Document No. 3513), is misplaced/ lost /not available. To Comply the requirements of Bank/ NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/ right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank Sector 2, Noida, UP-201301
Contact #0120-4269379

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Nayabuddin S/o. Shahabuddin, R/o. 2460, Ground Floor, Bazar Sita Ram, Daryaganj, Delhi-110006 have changed my name to Nayab Shahab for all future purposes.
PD(040)A

I, Shabana, W/o. Nayabuddin, R/o. 2460, Ground Floor, Bazar Sita Ram, Daryaganj, Delhi-110006 have changed my name to Shabana Nayab for all future purposes.
PD(041)A

I, Neeraj Singh S/o Ishwari Prasad Singh R/o M-76B First Floor, Block-19, LIG Flats Best View Appartment Sector-99, Noida, Gautam Buddha Nagar, U.P. 201303 declare that my father's name is Ishwari Prasad Singh not Ishwar Prasad as mentioned in my driving licence.
PD(042)C

बीमारियों का पता लगाने में मददगार होते हैं कुत्ते

● गंध को समझकर आसपास के वातावरण के बारे में जानते हैं

भाषा। नॉटिंघम

एक ओर जहां हम मनुष्य अपनी दृष्टि से दुनिया को देखते और समझते हैं तो वहीं कुत्ते गंध को समझकर आसपास के वातावरण के बारे में जानते हैं। वे अपनी सूंघने की क्षमता से ही भोजन, साथी और सुरक्षित स्थान की खोज करते हैं। हमारे प्यारे दोस्त कहे जाने वाले कुत्ते अपनी सूंघने की शक्ति का उपयोग यह जानने के लिए भी कर सकते हैं कि लोग कैसा महसूस कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, वे मानव पसीने को सूंघकर भय का पता लगा लेते हैं। इसे देखते हुए, यह शायद आश्चर्य की बात नहीं है कि कुत्तों के सूंघने की क्षमता का इस्तेमाल मानव स्वास्थ्य की निगरानी के लिए किया जा सकता है - जिसमें, संभावित रूप से कोविड जैसे संक्रामक रोगों का पता लगाना भी शामिल है। कैलिफोर्निया के स्कूलों में हाल ही में किए गए एक अध्ययन में कुत्तों ने सूंघकर वायरसों का पता लगा लिया। घ्राण शक्ति तेज होने की वजह से कुत्ते सूंघने के मामले में हमसे कहीं आगे होते हैं। अनुमानों के अनुसार, कुत्तों की सूंघने की क्षमता हमसे 10 हजार गुणा बेहतर होती है। इसकी वजह यह है कि उनकी नाक में 10 करोड़ गंध रिसेप्टर होते हैं जबकि मनुष्य की नाक में इनकी संख्या 60 लाख के आसपास होती है। कुत्ते मनुष्यों की तुलना में बहुत कम जगह के अंदर विभिन्न गंध का पता लगा सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुत्ते अपनी नाक का अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करते हैं। वे अपने दाहिने नथुने से सूंघना शुरू करते हैं, और यदि गंध परिचित और सुरक्षित होती है, तो वे अपने बाएं नथुने से सूंघने लगते हैं। बेशक, कुत्तों की नाक आकार में भिन्न होती हैं, लेकिन सभी में कई स्थितियों में गंध का पता लगाने की प्रभावशाली क्षमता होती है। कुत्तों को सूंघना बहुत पसंद होता है। कुत्तों ने दिखाया है कि वे गंध के माध्यम से विभिन्न संक्रामक रोगों की सटीक पहचान कर सकते हैं।

बीमार भूमि को दुरुस्त करेगा जैविक खाद

नोएडा। भूमि के इलाज में कारगर होता है जैविक खाद। उससे न केवल उत्पादन बढ़ता बल्कि किसान को आर्थिक लाभ होता है। यह कहना है 1997 में स्थापित ज़ाइडेक्स से जुड़े डा.शैलेन्द्र सिंह का। उन्होंने बताया कि संसाधनों और नवाचार के संरक्षण के माध्यम से एक स्थायी दुनिया बनाने के उद्देश्य से कार्यरत एक विशेष रसायन कंपनी है। ज़ाइडेक्स कृषि,फुटपाथ और निर्माण उद्योगों, पेंट्स और वस्त्र व्यवसायों के लिए रासायनिक तकनीकों का एक विविध सेट प्रदान करता है। ज़ाइडेक्स स्थायी रसायन विज्ञान के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है जो सभी के लिए एक हरित भविष्य सुनिश्चित करेगा। इस प्रतिबद्धता ने इसे गैर प्रदूषणकारी और गै खतरनाक प्रौद्योगिकियों को पेश करने में अग्रणी बना दिया है जो पर्यावरण को संरक्षित, संरक्षित और बढ़ाते हैं। ज़ाइडेक्स इंडस्ट्रीज का कृषि समाधान प्रभाग अपने संसाधनों को स्थायी पर्यावरण कृषि के लिए उपयोग करता है। मिट्टी को कार्बनिक पदार्थों से समृद्ध, मुलायम और सांस लेने योग्य बनाने के साथ-साथ एरोबिक माइक्रोबियल आबादी को बनाए रखने से रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता को समाप्त कर ता है। 3000 से 5000 रुपये प्रति एकड़ की लागत से 15 से 30 दिनों के समय में मिट्टी को नरम और झरझरा बना देता है। यह जल धारण क्षमता में सुधार करता है। यह विषाक्तता के जोखिम को कम करता है जिससे कीटनाशकों के संपर्क में आने के कारण होने वाले त्वचा रोगए कैंसर आदि को रोका जा सकता है।

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अमेरिकी दौरे के दौरान था खतरा

लंदन। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की हाल में जारी फाइल से पता चला है कि वहां के सुरक्षा अधिकारी पूर्व महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अमेरिकी दौरे के दौरान चरमपंथी संगठन आयरिश रिपब्लिकन आर्मी (आईआरए) के खतरों के बारे में चिंतित थे। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण लाल नागपॉल उक्त संपत्ति movable and immovable (i.e., Built up Property Bearing No. E-4-A area measuring 140 Sq. Yds., out of Total area 280 Sq. Yds.), प्रॉपर्टीज, का Will दिनांक 11.08.1987 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 9103 के द्वारा मालिक थे। तथा श्री कृष्ण लाल नागपॉल व उनके पिता श्री कन्हैया लाल नागपाल की मृत्यु दिनांक 06.09.2016 & 10.08.1991 हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री कृष्ण लाल नागपॉल के विधिक उत्तराधिकारी श्री मुनीश कुमार नागपॉल & श्रीमती सीमा बजाज, और श्रीमती सुशीला नागपॉल है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिम

हम दुनिया में जहां भी जाते हैं, लोग भारत में आए बदलाव की बात करते हैं: जयशंकर

भाषा। तिलकवाड़ा (गुजरात)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार का प्रतिनिधिमंडल जहां भी जाता है, लोग भारत में आए बदलाव की बात करते है और जानना चाहते हैं कि देश किस तरह बड़े पैमाने पर कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रहा है। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के तिलकवाड़ा तालुका के व्याधर गांव में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपी-एलएडीएस) के तहत अनुदान से निर्मित दो स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भूमि पूजन किया। गुजरात से राज्यसभा सदस्य जयशंकर ने कहा कि दुनिया अब समझ गई है कि भारत बदल रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल भाषण देने के बजाय काम करने में विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री के दौरे के परिणाम के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने हाल में जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। आमतौर पर, हम ऐसी यात्राओं के दौरान विश्व राजनीति और कूटनीति से जुड़े मुद्दों पर बात करते हैं। लेकिन अब हम जहां भी जाते हैं, उस देश के लोग भारत के बदलाव की बात करने लगते हैं। वे यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि भारत जनहितैषी योजनाओं को बड़े पैमाने पर कैसे लागू कर रहा है। मंत्री ने कहा कि जिस पैमाने पर इन योजनाओं को लागू किया जा रहा है, उसके बारे में जानकर भारत के बाहर के लोग चकित हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कवर किए गए लोगों की संख्या यूरोप की आबादी से दोगुनी है।

शाह सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के नौ वर्ष पर एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को दूरदर्शन द्वारा आयोजित सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के नौ वर्ष पर एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि होंगे, जिसमे तीन विषयो - इंडिया सर्जिंग अहेड , जन, जन का विश्वास और युवा शक्तिः गैल्वनाइजिंग इंडिया पर चर्चा होगी। उद्योग क्षेत्र से जुड़े लोगो मे सुनील भारती मित्तल, संगीता रेड्डी, किरण मजूमदार शॉ, रितेश अग्रवाल, देबजानी घोष, अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और ऋषभ शेट्टी, सरोद वादक अमान अली बंगश, खिलाड़ी निखत जरीन, वीरेन रसकिन्हा और अखिल कुमार चर्चा मे भाग लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियो पर एक पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में दो न्यायाधीशों को पदोन्नत किया गया

नई दिल्ली। उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शुक्रवार को दो न्यायाधीशों को पदोन्नत किया गया, जिनमें से एक 30 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग ने बंबई उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय विजयकुमार गंगापुरवाला को मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रमेश देवकीनंदन धानुका को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कीं। न्यायमूर्ति धानुका वर्तमान में बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति एस. वैद्यनाथन को बुधवार को मद्रास उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति टी राजा 62 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बुधवार शाम को सेवानिवृत्त हो गए।

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, अपने पुत्र, पुत्रबधु व पौते के साथ दर्शने करते हुए

उत्तराखंडः सड़क हादसे में परिवार के पांच सदस्यों की मौत

नई टिहरी (उत्तराखंड)। टिहरी जिले के भिलंगना क्षेत्र के बालगंगा मे शुक्रवार को एक परिवार के पांच सदस्यो की एक कार दुर्घटना मे मृत्यु हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। बालगंगा के तहसीलदार एस पी ममंगाई ने बताया कि शाम को हुई इस दुर्घटना मे कार मे सवार पांचो व्यक्तियो की मौत हो गई। उन्होने बताया कि परिवार के ए सदस्य अपने रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना व्यक्त करके गांव लौट रहा था। उन्होने बताया कि जान गंवाने वालो मे चार महिलाएं शामिल है। उन्होने बताया कि होल्टा गांव के रहने वाले गबर सिंह अपने परिवार के साथ अपनी बहू के मायके राजगांव मे किसी रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद वापस लौट रहे थे और तभी रास्ते मे सेदुल-पटुड गांव मोटर मार्ग पर कार पीछे करते समय अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई मे गिर गई।

यूपीएससी में सफल रैंकर्स को दी बधाई

नोएडा। भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई सिविल सर्विस परीक्षा 2022 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। अनएकेडमी के टॉप रैंकर्स में शामिल हैं। स्मृति मिश्रा एआईआर 4, कनिका गोयल एआईआर 9 राहुल श्रीवास्तव एआईआर 10,अभिनव सीवच एआईआर 12, और विदुषी सिंह एआईआर 13 अनएकेडमी के 300 से अधिक छात्रों ने टॉप रैंक हासिल करते हुए अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अनएकेडमी के व्यापक लर्निंग प्लेटफॉर्म की प्रभाविता की पुष्टि की है।

बच्चों से ही बनता है तेज देश : भान

मुंबई। टाटा साल्ट हर भारतीय माँ को अपने बच्चों का उचित पालन-पोषण करके एक मजबूत और बुद्धिमान राष्ट्र बनाने में सहयोग कर रहा है।नई दिल्ली। आयोडीन युक्त नमक सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर टाटा साल्ट ने बच्चों से ही तो तेज देश बनता है कैम्पेन शुरू किया है। देश की सेहत, देश का नमक टाटा साल्ट ब्रांड की इस मूल अवधारणा के अनुरूप नया अभियान तैयार किया गया है। इस अभियान में बच्चों के सामान्य मानसिक और भावनात्मक विकास के महत्व पर जोर दिया गया है। अभियान ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि बच्चों को पर्याप्त मात्रा में आयोडीन मिलता रहना चाहिए, जो बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक प्रमुख सूक्ष्म पोषक तत्व है। इस कैम्पेन में एक माँ और बेटी के बीच की बातचीत को दिखाया गया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट, पैकेज्ड फूड्स - इंडिया, सुश्री दीपिका भान ने कहा, राष्ट्र के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त आयोडीन के सेवन के महत्व को अच्छी तरह से समझते हैं।

ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण के मामले में अगली सुनवाई 14 जुलाई को

भाषा। प्रयागराज

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण के मामले में पक्षकारों के वकीलों से कुछ और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति की याचिका पर 14 जुलाई को अगली सुनवाई करेगा। शुक्रवार को इस मामले में थोड़ी देर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने अगली सुनवाई 14 जुलाई को करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद का एक समग्र सर्वेक्षण करने के वाराणसी की अदालत के निर्देश को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। साथ ही उन्होंने मस्जिद स्थल पर मंदिर को बहाल करने के अनुरोध वाले वाद की पोषणीयता को भी चुनौती दी है। यह वाद वाराणसी की अदालत में लंबित है। इससे पूर्व, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने 28 नवंबर, 2022 को दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि इस मामले में निर्णय आने तक वाराणसी की अदालत के एएसआई सर्वेक्षण के निर्देश पर रोक वाला उसका अंतरिम आदेश बरकरार रहेगा। हालांकि, 24 मई को अपने आदेश में न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने कहा कि संबद्ध पक्षों से कुछ और स्पष्टीकरण लिए जाने की जरूरत है जिसे देखते हुए इस मामले पर अगली सुनवाई 26 मई, 2023 को की जाएगी। अदालत, ने वाद की पोषणीयता और एएसआई सर्वेक्षण दोनों ही मामलों पर शुक्रवार को सुनवाई की बात की थी।

रबीद्र सरोवर पर हवन करने पर रोक नहीं : एनजीटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण(एनजीटी) ने कहा है कि कोलकाता मे रबीद्र सरोवर और उसके आसपास पूजा पर रोक लगाने के उसके पहले के आदेश मे झील पर हवन करने को लेकर रोक नही थी।एनजीटी 15 नवंबर, 2017 के आदेश मे अधिकरण के पहले के निर्देशो मे रबीद्र सरोवर मे हवन करने पर रोक लगाने के बारे मे स्पष्टीकरण मांगने वाले एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था।एनजीटी के पहले के आदेश को ध्यान मे रखते हुए, अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.के. गोयल की पीठ ने कहा कि अधिकरण ने कचरा डालने के खिलाफ रबीद्र सरोवर के पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे का निस्तारण किया था और हवन पर प्रतिबंध नही लगाया था, जो किसी भी तरह से झील या उसके पानी की गुणवत्ता को प्रभावित नही कर सकता। पीठ मे न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने कहा, अधिकरण के आदेश के अनुसार, झील के भीतर और उसके आसपास पूजा करने सहित कोई भी गतिविधि, जो पर्यावरण या पानी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, सख्त वर्जित है।

समान नागरिक संहिता से सभी की रक्षा होगी, जिन्हें संदेह है , वे विचलित न हों: इंद्रेश कुमार

औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी की रक्षा करेगी, उनका सम्मान करेगी एवं उन्हें स्वीकार करेगी तथा जिन्हें इस पर संदेह है, उन्हें विचलित नहीं होना चाहिए। वह यहां माणिकचंद पहाड़े विधि महाविद्यालय द्वारा यूसीसी पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में हिस्सा लेने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे। यूसीसी समूचे भारत के लिए एक कानून की वकालत करती है जो शादी, तलाक, उत्तराधिकार एवं गोद लेने जैसे मामलों में सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होगा। कुमार ने कहा, समान नागरिक संहिता सभी की रक्षा करेगी , उनका सम्मान करेगी एवं उन्हें स्वीकार करेगी तथा जिन्हें इस पर संदेह है, उन्हें विचलित नहीं होना चाहिए। बल्कि, उन्हें सभी को समझने का प्रयास करना चाहिए। देश में इतने सारे धर्म हैं और उन सभी को इससे (यूसीसी से) सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूसीसी को लेकर डर का भाव पैदा कर रहे लोगों को देश को गलत रास्ते पर नहीं ले जाना चाहिए तथा लोगों को आपस में नहीं लड़वाना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी देश का विकास भाईचारे पर टिका होता है। यदि किसी को समान शब्द से समस्या है तो राष्ट्रीय या साझा जैसे शब्द सुझाए जा सकते हैं। कुमार ने यह नहीं बताया कि कब तक यह कानून अस्तित्व में आ जाएगा। उन्होंने कहा, इसकी कवायद शुरू हो गई है लेकिन उसके लिए कोई समय सीमा नहीं है। विभिन्न धर्मों के लोग और बुद्धिजीवी इस मुद्दे को समझने के लिए साथ आए हैं।

क्विक न्यूज

उच्च न्यायालय ने वायुसेना में भर्ती में लैंगिक भेदभाव का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई बंद की

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वायुसेना के किसी भी विभाग मे तकनीकी और गैर तकनीकी श्रेणियो मे एयरमैन के तौर पर महिलाओ की भर्ती नही होने पर उसमे (वायुसेना मे) लैगिक भेदभाव का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई बंद कर दी है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के मद्देनजर अब कोई लैगिक भेदभाव नही है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने पिछले सप्ताह अपने आदेश मे कहा कि केंद्र ने एक हलफनामे मे कहा है कि अब वह अग्निपथ योजना के तहत थलसेना, नौसेना और वायुसेना मे अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारो की भर्ती कर रहा है, ऐसे मे इसमे किसी अदालती आदेश की जरूरत नही रह जाती है। याचिकाकर्ता कुश कालरा ने वायुसेना के सभी विभागो मे ग्रुप एक्स और वाई ट्रेड मे एयरमैन पद पर केवल अविवाहित पुरुषो की भर्ती पर ऐतराज जताया था। ग्रुप एक्स ट्रेड, विमान एवं ग्राउन्ड सिस्टम जैसे तकनीकी क्षेत्र से जुड़ा होता है, जबकि ग्रुप वाई का संबंध साजोसामान (लॉजिस्टक्स) एवं लेखा जैसे गैर तकनीकी क्षेत्रो से होता है।

नागपुर के चार मंदिरों में वस्त्र संहिता लागू

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर के चार मंदिरो मे श्रद्धालुओ के लिए शुक्रवार को वस्त्र संहिता (ड्रेस कोड) लागू कर दी गई। राज्य मे मंदिरो के एक संघ ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र मे धार्मिक स्थल पर ड्रेस कोड लागू करने का मुद्दा इस महीने की शुरुआत मे सुर्खियो मे आया था, जब प्रसिद्ध तुलिजा भवन मंदिर ने श्रद्धालुओ की वेशभूषा निर्धारित करने की कोशिश की थी। हालांकि, विरोध के बाद मंदिर ने यह योजना वापस ले ली थी। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के संयोजक सुनील घनवंत ने यहां संवाददाताओ को बताया कि महासंघ ने राज्य के कुछ मंदिरो के लिए एक वस्त्र संहिता पेश की है। उन्होने बताया कि यह वस्त्र संहिता धंतोली के गोपालकृष्ण मंदिर, बेलोरी (साओनेर) के संकटमोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर, कन्नोलीबारा के बृहस्पति मंदिर और हिलटॉप इलाके के दुर्गामाता मंदिर मे शुक्रवार से लागू कर दी गई।

क्रूज मादक पदार्थ जब्ती रिश्वत मामला : आरोपी सैम डिसूजा को नहीं मिली अंतरिम राहत

मुंबई। जहाज कॉर्डेलिया से मादक पदार्थ की जब्ती के बाद बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को नही फंसाने के लिए कथित तौर पर 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने से जुड़े मामले मे बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आरोपी सैनविले उर्फ सैम डिसूजा को अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। आरोपी सैम अब अग्रिम जमानत के लिए सोमवार को सत्र अदालत का रुख कर सकता है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े भी इस मामले मे आरोपी है। डिसूजा ने अधिवक्ता पंकज जाधव के माध्यम से याचिका दायर कर उनके खिलाफ मामला खत्म करने का अनुरोध किया है। डिसूजा ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक गिरफ्तारी जैसी किसी भी कठोर कार्वाई से अंतरिम संरक्षण का भी अनुरोध किया है। हालांकि, न्यायमूर्ति अभय आहूजा और न्यायमूर्ति एम.एम. सथाए की अवकाशकालीन पीठ ने डिसूजा को किसी भी तरह का अंतरिम संरक्षण देने से इंकार कर दिया।

नौसेना और इसरो ने गगनयान रिकवरी प्रशिक्षण योजना का दस्तावेज जारी किया

नई दिल्ली। नौसेना और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने केरल के कोच्चि मे आईएनएस गरुड़ पर गगनयान रिकवरी प्रशिक्षण योजना का दस्तावेज जारी किया है। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह दस्तावेज़, गगनयान अभियान पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियो को पृथ्वी पर उतारने की योजना को रेखांकित करता है।नौसेना के अधिकारियो ने बताया कि प्रशिक्षण दस्तावेज़ को नौसेना अभियान के महानिदेशक वाइस एडमिरल अतुल आनंद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक उन्नीकृष्णन नायर और इसरो के मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक उमामहेश्वरन आर ने 24 मई को संयुक्त रूप से जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दस्तावेज़ मे गोताखोरो, मार्को (समुद्री कमांडो), चिकित्सा विशेषज्ञो, तकनीशियनो और नौसेना के पायलट सहित रिकवरी अभियानो मे भाग लेने वाले विभिन्न दलो के प्रशिक्षण के संबंध मे समग्र आवश्यकताओ की जानकारी दी गई है।

बच्चों के लिए जुटाया फंड

नई दिल्ली। बच्चों के फैशन के लिए एक ब्रांड हॉपस्कॉच ने घोषणा की है कि उसकी मूल कंपनी हिट द मार्क इंक ने अमेज़न के नेतृत्व में फंडिंग राउंड में डॉलर 20 मिलियन जुटाए हैं। राउंड में फेसबुक के को.फाउंडर एडुआर्डो सेवरिन के साथ-साथ लायनर कॅपए आईआईएफएल सीड वेंचर फंड्स आरपीजी वेंचर्स और टेकप्रो वेंचर्स सहित अन्य मौजूदा निवेशक भी शामिल थे। यह फंडिंग हॉपस्कॉच को अपनी पेशकशों का विस्तार करने और बच्चों के फैशन में नवीनतम शैलियों के साथ और भी अधिक ग्राहकों की सेवा करने में सक्षम बनाएगी। राहुल आनंद फाउंडर और सीईओ हॉपस्कॉच ने कहा कि हॉपस्कॉच उन माता-पिता के लिए डिजिटल ब्रांड है, जो चाहते हैं कि उनके बच्चे हर रोज और हर खास मौके पर स्टाइलिश दिखें। यह निवेश हमें मार्केटिंग में निवेश करने हमारे चयन को व्यापक बनाने और अधिक ग्राहकों को अपनी अनूठी शैली की भावना व्यक्त करने में सक्षम बनाता है। प्रीतम एन डायरेक्टर कॉर्पोरेट डेवलपमेंट अमेज़न ने कहा कि बच्चों की कैटेगरी में हॉपसकॉच का ब्रांड रिकॉल मजबूत है।

कांग्रेस नेतृत्व के साथ सिद्धरमैया और शिवकुमार ने की चर्चा, शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा की और अब शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार होगा। सिद्धरमैया और शिवकुमार ने सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचकर उनसे और राहुल गांधी से मुलाकात की। उधर, राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ मुलाकात की। कांग्रेस के शीर्ष नेताओ ने कर्नाटक मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के साथ बृहस्पतिवार को विस्तृत चर्चा की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार होगा तो शिवकुमार ने कहा, ऐसी आशा करता हूं।

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का शीघ्र होगा विस्तारः फडणवीस

अहमदनगर (महाराष्ट्र)। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा। वह राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार के बारे मे संवाददाताओ द्वारा पूछे गए सवालो का जवाब दे रहे थे। यह सरकार पिछले साल 30 जून अस्तित्व मे आई थी तथा एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री एवं फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। पिछले साल नौ अगस्त को 18 मंत्रियो को मंत्रिमंडल मे शामिल किया गया था। नियमानुसार, राज्य की मंत्रिपरिषद मे अधिकतम 43 सदस्य हो सकते है। फडणवीस ने यहां संवाददाताओ से कहा, मंत्रिमंडल विस्तार शीघ्र ही होगा। उन्होने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत को बोल घेवड़ा (यह मराठी शब्द है।

नए संसद भवन को संवारने में मिर्जापुर की कालीन से लेकर राजस्थान के पत्थर तक का इस्तेमाल

भाषा। नई दिल्ली

नए संसद भवन में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की कालीन, त्रिपुरा के बांस से बने फर्श और राजस्थान के पत्थर की नक्काशी भारत की संस्कृतिक विविधता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। नए संसद भवन में प्रयुक्त सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से लाई गई थी, जबकि लाल और सफेद बलुआ पत्थर राजस्थान के सरमथुरा से प्राप्त किया गया था।राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले और हुमायूं के मकबरे के लिए बलुआ पत्थर भी सरमथुरा से लाया गया था। केशरिया हरा पत्थर उदयपुर से, अजमेर के निकट लाखा से लाल ग्रेनाइट और सफेद संगमरमर अंबाजी राजस्थान से मंगवाया गया है। एक अधिकारी ने कहा, एक तरह से लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण के लिए पूरा देश एक साथ आया, इस प्रकार यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को दर्शाता है। लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में फाल्स सीलिंग के लिए स्टील की संरचना केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव से मंगाई गई है, जबकि नए भवन के लिए फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया था। इमारत पर लगे पत्थर की जाली राजस्थान के राजनगर और उत्तर प्रदेश के नोएडा से मंगवाई गई थी। अशोक चिह्न के लिए सामग्री महाराष्ट्र के औरंगाबाद और राजस्थान के जयपुर से लाई गई थी, जबकि संसद भवन के बाहरी हिस्सों में लगी सामग्री को मध्य प्रदेश के इंदौर से खरीदा गया था। पत्थर की नक्काशी का काम आबू रोड और उदयपुर के मूर्तिकारों द्वारा किया गया था और पत्थरों को कोटपूतली, राजस्थान से लाया गया था। नए संसद भवन में निर्माण गतिविधियों के लिए ठोस मिश्रण बनाने के लिए हरियाणा में चरखी दादरी से निर्मित रेत या एम-रेत का इस्तेमाल किया गया था।

यासीन मलिक को मृत्युदंड दिलाने के लिए एनआईए हाईकोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा देने का अनुरोध किया, जिसे आतंक वित्तपोषण मामले में निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एजेंसी की याचिका को न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ के समक्ष 29 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यहां की एक निचली अदालत ने 24 मई, 2022 को जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के तहत विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मृत्युदंड के लिए एनआईए के अनुरोध को खारिज करते हुए निचली अदालत ने कहा था कि मलिक का उद्देश्य भारत से जम्मू-कश्मीर को बलपूर्वक अलग करना था। निचली अदालत ने कहा था, इन अपराधों का उद्देश्य भारत पर प्रहार करना और भारत संघ से जम्मू-कश्मीर को बलपूर्वक अलग करना था।

सेंगोल को लेकर गलत दावों से तकलीफ हो रही है : मठ प्रमुख

भाषा। चेन्नई

तमिलनाडु में एक मठ के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि सेंगोल लॉर्ड माउंटबेटन को सौंपा गया था और फिर इसे 1947 में पंडित जवाहरलाल नेहरू को अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में भेंट किया गया था तथा कुछ लोगों द्वारा इस संबंध में किए जा रहे गलत दावों से उन्हें बहुत तकलीफ हो रही है। चेन्नई में संवाददाताओं से बातचीत में तिरुवदुथुरै आदिनाम के अंबालावन देसिका परमाचार्य स्वामी ने कहा कि सेंगोल जो लंबे समय तक लोगों की निगाहों से दूर था, अब संसद में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि दुनिया उसे देख सके। यह सेंगोल पर उपजे राजनीतिक विवाद के बीच मठ प्रमुख की इस मामले में पहली प्रतिक्रिया थी। सेंगोल को सौंपे जाने के प्रमाण से जुड़े एक सवाल पर आदिनाम ने कहा कि 1947 में अखबारों और पत्रिकाओं में छपी तस्वीरें व खबरों सहित इसके कई प्रमाण हैं। परमाचार्य स्वामी ने कहा, यह दावा करना कि सेंगोल भेंट नहीं किया गया था, गलत है। सेंगोल के संबंध में गलत सूचना के प्रसार से तकलीफ हुई है। परमाचार्य स्वामी ने मठ का एक प्रकाशन भी प्रदर्शित किया, जिसमें 1947 में सेंगोल के हस्तांतरण से जुड़ी तस्वीरें प्रकाशित की गई थीं। परमाचार्य स्वामी ने कहा, यह तमिलनाडु के लिए गर्व का विषय है कि सेंगोल चोल देश (चोल वंश द्वारा शासित क्षेत्र) में स्थित तिरुववदुथुराई आदिनाम से ले जाया गया है।

पीलीभीत में बाघ अभयारण्य के पास तेंदुआ मृत मिला

पीलीभीत (उप्र)। पीलीभीत बाघ अभयारण्य के जंगल के पास ही स्थित एक गांव में वन विभाग की टीम को एक तेंदुआ मृत मिला। तेंदुए की मौत के कारणों पर वन विभाग के अफसरों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकेगा।सामाजिक वानिकी के मंडलीय वनाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि तेंदुए के गांव के बाहर होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची टीम लगातार निगरानी कर रही थी और तेंदुए की ओर से कोई भी गतिविधि नहीं नजर आई। उन्होंने बताया कि वन कर्मियों को तेंदुए की मौत की जानकारी मिली।उन्होंने कहा कि तेंदुए के मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा।

मोदी सरकार के नौ साल के दौरान केवल बड़े बड़े वादे किए गए: टीएमसी

भाषा। कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों को वादों को पूरा करने में नाकाम रहने और विनाशकारी नीतिगत फैसलों के तौर पर याद किया जाएगा। राज्यसभा में टीएमसी के पार्टी नेता डेरेक ओब्रायन ने कटाक्ष करते हुए ट्विटर पर लिखा कि बीते नौ बरस में बड़े-बड़े वादे किए गए लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार की अहम उपलब्धियों में देश की संस्थाओं को कमजोर करना और विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करना शामिल है। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि नौ सालों में सरकार वादों को पूरा करने में नाकाम रही और विनाशकारी नीतिगत फैसले किए गए। सांसद ने कहा , विफलता के नौ साल: महंगाई रोकने में नाकाम। नौकरियां प्रदान करने में विफल। सामाजिक सौहार्द को तबाह किया। संघवाद को तबाह किया। संसद से लेकर निर्वाचन आयोग तक भारतीय संस्थानों को कमज़ोर किया। विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया।

शिक्षक भर्ती घोटालाः अभिषेक बनर्जी पर 25 लाख रुपए जुर्माना के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने पूर्व के एक आदेश को वापस लेने का अनुरोध करने वाली बनर्जी की याचिका को खारिज करते हुए यह जुर्माना लगाया था। आदेश मे कहा गया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले के मामलो मे उनसे पूछताछ कर सकते है।

पीएम के हाथों नए संसद भवन के उद्घाटन के विरोध में जदयू उपवास करेगा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन के विरोध में रविवार को यहां एक दिन का उपवास रखेगी। जद (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्र पर मोदी संविधान थोपने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगी। कुशवाहा ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के स्पष्ट संदर्भ में आरोप लगाया, यह सरकार दलित वर्गों से संबंधित राष्ट्रपतियों का अपमान करने की दोषी है। तत्कालीन दलित राष्ट्रपति को उस समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था, जहां नए भवन की आधारशिला रखी गई थी।

गिल ने तोड़ा मुंबई का दिल, गुजरात फाइनल में

● टाइटंस ने इंडियंस को 62 रन से दी मात

● शुभमन के 129 रन

भाषा। अहमदाबाद

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को यहां मुंबई इंडियंस को 62 रन से हराकर लगातार दूसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में प्रवेश किया।

गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर शुभमन गिल के 129 रन की मदद से तीन विकेट पर 233 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई की टीम 18.2 ओवर में 171 रन पर आउट हो गई। गुजरात की टीम रविवार को फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। इससे पहले भारतीय बल्लेबाजी की युवा सनसनी शुभमन गिल ने शुरू में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाकर आकर्षक शतकीय पारी खेली, जिससे गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां तीन विकेट पर 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

गिल ने 60 गेंदों पर 129 रन बनाए और इस बीच लंबे शॉट खेलने की अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और 10 छक्के लगाए। गिल ने इस बीच साई सुदर्शन (31 गेंदों पर 43 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 गेंदों पर 138 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या ने अंतिम ओवरों में 13 गेंदों पर नाबाद 28 रन का योगदान दिया। गिल का यह सत्र में तीसरा शतक है। उन्होंने अपने टी20 करियर का सर्वोच्च स्कोर भी बनाया। आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड विराट कोहली और जोस बटलर (दोनों चार शतक) के नाम पर है। बारिश के कारण मैच आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उत्तरी गुजरात टाइटंस की टीम ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 50 रन बनाए। इस बीच छठा ओवर घटना प्रधान रहा। क्रिस जॉर्डन के इस ओवर में गिल ने छक्का और चौका जड़ने के बाद गेंद हवा में लहराई लेकिन टिम डेविड मिड ऑन पर कैच नहीं कर पाए। गिल तब 30 रन पर खेल रहे थे। लेग स्पिनर पीयूष चावला ने हालांकि मुंबई को जल्द ही पहली सफलता दिला दी। रिद्धिमान साहा (16 गेंद पर 18 रन) लेग साइड की वाइड गेंद को खेलने के प्रयास में स्टंप आउट हो गए। गिल ने इसके बाद छक्के जड़ने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया। चावला और कुमार कार्तिकेय पर छक्के जड़ने के बाद उन्होंने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई की जीत के नायक आकाश मधवाल के ओवर में तीन छक्के लगाए। इस करिश्माई सलामी बल्लेबाज ने चावला के अगले ओवर में दो छक्के जड़कर मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। गिल ने कैमरन ग्रीन की गेंद पर एक रन लेकर इस सत्र का अपना तीसरा शतक पूरा किया और फिर इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। गिल की पारी का अंत आखिर में मधवाल ने ही किया। गिल ने उनके यॉर्कर को फ्लिक करके सीमा रेखा से बाहर भेजने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दिया। इस बार डेविड ने कैच लेने में कोई गलती नहीं की। पंड्या ने मधवाल और जॉर्डन पर छक्के जड़े। इस बीच गुजरात ने अंतिम ओवर से पहले सुदर्शन को रिटायर्ड आउट किया और उनकी जगह राशिद खान को उतारा जिन्होंने नाबाद पांच रन बनाए।

स्कोरबोर्ड

गुजरात टाइटंस : साहा स्टं किशन बो चावला 18,गिल का डेविड बो मधवाल 129,सुदर्शन रिटायर्ड आउट 43, पांड्या नाबाद 28, खान नाबाद 05,**अतिरिक्त** 10 ,कुल (20 ओवर मे 3 विकेट पर) 233,**विकेट पतन** :1-54, 2-192, 3-214, **गेंदबाजी** : जेसन बेहरेनडॉर्फ 4-0-28-0, कैमरन ग्रीन 3-0-35-0, आकाश मधवाल 4-0-52-1, क्रिस जॉर्डन 4-0-56-0, पीयूष चावला 3-0-45-1, कुमार कार्तिकेय 2-0-15-0

खबरें स्टेडियम से

किसी और का कचरा लेकर उसे सोना बना देता है धोनी : मैथ्यू हेडन

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर मैथ्यू हेडन का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी एक जादूगर है जो किसी और के कचरे को सोने मे बदल देता है और चेन्नई सुपर किंग्स की कामयाबी मे उसका इतना योगदान है कि बतौर खिलाड़ी फ्रेंचाइजी के साथ उसके भविष्य की बाते लगभग अप्रासंगिक है। धोनी की कप्तानी मे सीएसके दसवी बार आईपीएल फाइनल मे पहुंची है। टूर्नामेंट की शुरूआत मे टीम की गेंदबाजी कमजोर थी लेकिन धोनी ने उसी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा लिया। बल्लेबाजी मे भी अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे का जिस तरह से इस्तेमाल किया गया, उसकी हर जगह तारीफ हो रही है। टूर्नामेंट मे धोनी घुटने की चोट के साथ खेले है। उन्होने बतौर खिलाड़ी अपने भविष्य पर फैसला लेने के लिए खुद को आठ नौ महीने का समय दिया है। हेडन का हालांकि मानना है कि वह अगले आईपीएल मे नही खेलेगा। हेडन ने पीटीआई से कहा , एम एस एक जादूगर है। वह किसी और का कचरा लेकर उसे सोने मे बदल देता है। वह काफी कुशल और सकारात्मक कप्तान है। उसने बहुत रोचक बात कही है जो उसकी विनम्रता दर्शाती है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ और उसकी टीम के बीच तालमेल कितना मजबूत है और टीम को मजबूत बनाने की प्रक्रिया की कही भी है। हर लक्ष्य को पाने के लिए एक प्रक्रिया होती है और उसने पहले भारतीय टीम के साथ और अब सीएसके के साथ यह करके दिखाया। उन्होने यूनिवर्सिटी आफ टेक्नॉलॉमी सिडनी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम मे कहा , वह अगले साल खेलेगा या नही , यह अब अप्रासंगिक है।मुझे लगता है कि वह नही खेलेगा लेकिन वह एम एस धोनी है।

बैकअप विकेटकीपर इंगलिस के कवर के तौर पर पीयरसन आस्ट्रेलियाई टीम में

सिडनी। आस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर जिम्मी पीयरसन को बैकअप विकेटकीपर जोश इंगलिस के कवर के तौर पर एशेज टीम मे शामिल किया है। इंगलिस पहले टेस्ट के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए घर लौट जाएंगे। एलेक्स कारी भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला के लिए विकेटकीपर के तौर पर आस्ट्रेलिया की पहली पसंद है। इंगलिस को उनके बैकअप के तौर पर चुना गया है। पहले एशेज टेस्ट के बाद इंगलिस पर्थ लौट जाएंगे और दूसरे टेस्ट से पहले उनकी जगह पीयरसन लेंगे जो 65 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके है।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल विजेता को मिलेंगे 16 लाख डॉलर

दुबई। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के विजेता को 16 लाख डॉलर ईनामी राशि के तौर पर मिलेंगे जबकि उपविजेता को आठ लाख डॉलर दिए जाएंगे। आईसीसी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल सात से 11 जून तक ओवल पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट की ईनामी राशि उतनी ही है जितनी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2019-21 की थी। उस समय केन विलियमसन की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने 16 लाख डॉलर ईनामी राशि और चमचमाती गदा जीती थी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की कुल 38 लाख डॉलर ईनामी राशि मे से सभी नौ टीमो को हिस्सा मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को 2021-23 मे तीसरे स्थान पर रहने के लिए 450000 डॉलर मिलेंगे। इंग्लैंड को चौथे स्थान पर रहने के 350000 डॉलर मिलेंगे। श्रीलंका को पांचवे स्थान पर रहने के दो लाख डॉलर दिए जाएंगे। बाकी टीमो को एक एक लाख डॉलर मिलेंगे।

डच ओपन में शानदार शुरूआत के बाद शुभंकर पांचवें स्थान पर

एंटवर्प। पिछले खराब प्रदर्शन को भुलाते हुए भारत के शुभंकर शर्मा केएलएम डच ओपन गोल्फ के पहले दौर मे पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ पांचवे स्थान पर है। यह इस साल पहले दौर मे उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह एचएसबीसी अबु धाबी चैम्पियनशिप मे संयुक्त सातवे स्थान पर रहे थे। उन्होने यहां पांच बर्डी और एक ईगल लगाए लेकिन दो बोगी किए। स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो ने नौ अंडर 63 स्कोर करके तीन स्ट्रोक की बढत बना ली है। स्पेन के ही पाब्लो लारजाबाल दूसरे स्थान पर है।

अदिति दूसरा मैच जीती, नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ में

लास वेगास। भारत की अदिति अशोक ने अमेरिका की कैरोलिन इंगलिस को दूसरे मैच मे हराकर एलपीजीए मैच प्ले गोल्फ मे नॉकआउट मे प्रवेश की उम्मीदे कायम रखी है। पहले मैच मे पराजय के बाद अदिति ने वापसी करते हुए यह जीत दर्ज की। अब उनका सामना जेनिफर कुपचो से होगा जबकि इंगलिस की टक्कर पेराइन डेलाकूर से होगी। टूर्नामेंट मे 64 खिलाड़ियो को 16 समूहो मे बांटा गया है और हर समूह के विजेता को नॉकआउट मे जगह मिलेगी।

बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल कराएगा बाइ

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप के लिए यहां करनैल सिंह स्टेडियम पर चार से सात जून तक चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप इंडोनेशिया मे सात से 16 जुलाई तक खेली जाएगी। खिलाड़ियो का चयन ट्रायल मे उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल मे शीर्ष आठ लड़के और लड़कियां भाग लेंगे जबकि युगल मे शीर्ष चार जोड़ियां खेलेंगी। ए रैंकिंग गुवाहाटी मे इस महीने हुए अखिल भारतीय जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट से तय हुई है। भारत ने अब तक इस चैम्पियनशिप मे दो स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य पदक जीते है।

बीएफआई ने वारबर्टन को सब जूनियर कोच नियुक्त किया

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने शुक्रवार को जॉन वारबर्टन को भारत का सब जूनियर टीम का कोच नियुक्त किया जो जमीनी स्तर पर खेल के विकास पर फोकस करेंगे। चार दशक का कोचिंग का अनुभव रखने वाले वारबर्टन 1984 से इंग्लैंड मे खेल से जुड़े रहे है। वह फिलहाल कर्नाटक के बेल्लारी मे जेएसडब्ल्यू इंस्पायर इंस्टीट्यूट आफ स्पोर्ट मे मुक्केबाजी प्रमुख है। भारत के प्रतिभावान मुक्केबाजो मंजू बंबोरिया, मनीषा मून और निशांत देव को तैयार करने मे उनकी अहम भूमिका रही है।

मोटो जीपी टीम ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का जायजा लिया

नई दिल्ली। मोटो जीपी के वाणिज्यिक अधिकारधारी डोर्ना स्पोर्टस की 12 सदस्ईय टीम ने 22 से 24 सितंबर तक यहां होने वाली पहली रेस से पूर्व बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का जायजा लिया। डोर्ना के इवेंट्स निदेशक नोरमा लुना की अगुवाई मे टीम ने सर्किट के विभिन्न तकनीकी पहलुओ का मुआयना किया। इसके साथ ही प्रसारण सेट अप सुविधाओ और विश्व स्तरी आयोजन के लिए जरूरी अन्य पहलुओ को लेकर भी आकलन किया। भारत मे इसके प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्टस के सीओओ पुष्करनाथ श्रीवास्तव ने कहा , अब रेस मे 124 दिन से भी कम समय रह गया है।

सिंधू सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

● मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

भाषा। कुआलालंपुर

दो बार की ओलंपिक चैम्पियन पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्रमश: महिला और पुरूष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत हारकर बाहर हो गए। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने निचली रैंकिंग वाली चीन की यि मान झांग को 21-16, 13-21, 22-20 से मात दी। वहीं प्रणय ने जापान के केंता निशिमोतो को 25-23, 18-21, 21 - 13 से हराया। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सिंधू ने 18वीं रैंकिंग वाली झांग से आल इंग्लैंड ओपन के अंतिम 32 दौर में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। सिंधू का सामना दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टी से होगा जिसने चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त यि झी वांग को 21-18, 22 -20 से मात दी। ग्रेगोरिया ने अप्रैल में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स फाइनल में सिंधू को सीधे गेम में हराया था। उसके खिलाफ हालांकि सिंधू का कैरियर रिकॉर्ड 7-। का है। दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी प्रणय का सामना क्वालीफायर क्रिस्टियन एडिनाटा से होगा। इंडोनेशिया के क्वालीफायर एडिनाटा ने श्रीकांत को 16-21, 21-16, 21-11 से हरा दिया। प्रणय ने 21 वर्ष के एडिनाटा के खिलाफ कभी नहीं खेला है। इंडोनेशिया के इस खिलाड़ी ने पिछले साल ही सीनियर स्तर पर खेलना शुरू किया। सिंधू और ग्रेगोरिया का पहला गेम काफी रोमांचक रहा।सिंधू एक समय 0 - 5 से पीछे थी लेकिन उसने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 10 -10 कर दिया। इसके बाद सिंधू ने बढत बनाकर 21 - 16 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में झांग ने सिंधू को वापसी का मौका ही नहीं दिया और अंत तक बढ़त कायम रखकर मुकाबला निर्णायक गेम में खींच दिया। निर्णायक गेम में मुकाबला बराबरी का था और एक समय स्कोर 17 . 17 था। इसके बाद सिंधू ने 20-17 की बढ़त बनाई लेकिन झांग ने अगले तीन अंक लेकर स्कोर बराबर कर लिया। सिंधू ने अगले दो अंक लेकर जीत दर्ज की।

डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले किशन और ग्रीन चोटिल

अहमदाबाद। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले ईशान किशन और कैमरन ग्रीन मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार को यहां खेले गए आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान चोटिल हो गए। किशन को चोटिल केएल राहुल की जगह पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह मुंबई इंडियंस के अपने साथी क्रिस जॉर्डन से टकराने के कारण चोटिल हो गए। वह इसके बाद बल्लेबाजी करने के लिए नहीं आए।

अंतिम क्षणों में गोल गंवाने के कारण बेल्जियम से हारा भारत

भाषा। लंदन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अंतिम क्षणों की चूक के कारण एफआईएच हॉकी प्रो लीग प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां बेल्जियम के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद थिबाउ स्टॉकब्रॉक्स ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त दिला दी। मनदीप सिंह ने हालांकि 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन अंतिम क्षणों में बेल्जियम के आक्रमक खेल के सामने भारतीय रक्षा पंक्ति छितर गई। बेल्जियम ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे नेल्सन ओनाना ने गोल में बदलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारत को पहला मौका पांचवें मिनट में मिल गया था लेकिन हार्दिक सिंह का प्रयास बेल्जियम के गोलकीपर लोइस वान डोरेन ने विफल कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने उसे बचा दिया। बेल्जियम को दूसरे क्वार्टर के शुरू में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें वह दूसरे मौके को भुनाने में सफल रहा।

अंडर 20 विश्व कप : इंग्लैंड जीता, फ्रांस को जाम्बिया ने हराया

ब्यूनस आयर्स। उरूग्वे को 3-2 से हराकर खिताब का प्रबल दावेदार इंग्लैंड अंडर 20 फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंच गया है। वहीं फ्रांस को जाम्बिया ने 2-। से हराकर उसकी राह मुश्किल कर दी है। दक्षिण अफ्रीका और होंडुरास के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। ग्रुप एफ में जाम्बिया के छह अंक है और वह अंतिम 16 में पहुंच जाएगा। वहीं लगातार दो हार के बाद फ्रांस को होंडुरास के खिलाफ अगला मैच हर हालत में जीतना होगा ताकि तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ चार टीमों में जगह बना सके। दक्षिण कोरिया ने होंडुरास से ड्रॉ खेला था और अब उसका सामना जाम्बिया से होगा। ग्रुप ई में ट्यूनीशिया ने ईराक को 3- 0 से हराया और नॉकआउट की दौड़ में बनी हुई है।

पहलवानों के आंदोलन में मोदी-योगी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं : बृजभूषण

भाषा। बलरामपुर (उप्र)

सात महिला पहलवानों के कथित यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के आंदोलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी के सांसद सिंह ने कहा, "यह आंदोलन दिल्ली से चलकर पंजाब और खालिस्तान की तरफ बढ़ रहा है। इस आंदोलन में प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। अयोध्या में पांच जून को होने वाली संतों की रैली की तैयारी को लेकर शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे भाजपा सांसद ने आगे कहा, बजरंग पूनिया सिर काटने की बात करते हैं, यह उनकी नहीं किसी और की भाषा है। उन्होंने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और किसान नेताओं पर हमला करते हुए सवाल उठाया कि क्या सिर काटने की भाषा का ए लोग समर्थन करते हैं। विनेश फोगाट और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग, साक्षी मलिक सहित देश के शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं, जिसमें एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में सिंह की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

अगर बृजभूषण नई संसद के उद्घाटन में भाग लेते हैं, तो देश को संदेश जाएगा: विनेश

नई दिल्ली। वनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह मे शामिल होते है तो इससे देश मे वर्तमान स्थिति को लेकर स्पष्ट संदेश जाएगा। विनेश और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया तथा साक्षी मलिक सहित देश के चोटी के पहलवान 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर धरने पर बैठे है। उन्होने बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित सात महिला खिलाड़ियो के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है और वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

जूनियर एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

सालालाह। दो शानदार जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरूष हॉकी एशिया कप के पूल ए के अगले मैच में उस लय को कायम रखना चाहेगी चूंकि चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ किसी कोताही की गुंजाइश नहीं है। भारत ने पहले मैच में चीनी ताइपै को 18-0 से हराया। इसके बाद जापान को 3-1 से मात दी। भारत की असल परीक्षा पाकिस्तान के खिलाफ होगी जिसने चीनी ताइपै को 15-1 से और थाईलैंड को 9-0 से शिकस्त दी है। भारतीय कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि दो जीत के बाद उनकी टीम का मनोबल बढ़ा है लेकिन स्वीकार किया कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा। हमने टूर्नामेंट की शुरूआत मजबूती से की है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी उसी रवैए के साथ उतरेंगे। पहली दो जीत से हमारा आत्मविश्वास बढा है। पाकिस्तान भी मजबूत टीम है और यह मुकाबला बराबरी का होगा। भारत का डिफेंस पाकिस्तानी हमलों का सामना करने में सक्षम है। हमारा डिफेंस अच्छा है लेकिन पाकिस्तान के पास भी अच्छे फॉरवर्ड खिलाड़ी हैं। हमने हालांकि अतीत में भी ऐसी चुनौतियों का सामना किया है ।

केरल का फुटबॉलर रोशाल मां का सपना करना चाहता है पूरा

लखनऊ। यूपी में चल रहे खेलो के महाकुंभ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत विभिन्न यूनिवर्सिटी से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे है। इन्ही खेलों के अंतर्गत एमजी यूनिवर्सिटी ;महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, कोट्टम केरल की टीम से खेल रहे मोहम्मद रोशाल पीपी का सपना आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल टीम में जगह बनाने पर है ताकि वह अपनी मां के सपनों को पूरा कर सके। मोहम्मद रोशाल का फुटबॉल से लगाव तब शुरू हुआ था जब उन्होंने पुर्तगाल के दिग्गज स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खेलते देखा। फिर उन्होंने अपनी मां मिसेज शाहिदा को जब कहा कि मेरे को भी फुटबॉल खेलना है तो उनकी मां के सामने चुनौतियां कम नहीं थी। दरअसल रोशाल के पिता नहीं है और उनकी मां ड्रेस शाप से अपने घर का खर्चा चलाती हैए फिर भी उन्होंने बेटे की लगन को देखते हुए उसे फुटबॉल खेलने की मंजूरी दे दी। इसके बाद 10 साल पहले कालीकट के रहने वाले इस लड़के के फुटबॉल में सफर की शुरुआत हो गयी। पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 उत्तर प्रदेश में खेलने उतरे मोहम्मद रोशाल ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स हम जैसे खिलाड़ियों को जिस तरह का मंच दे रहा हैए वो हमारे कॅरियर को एक बड़ी ऊंचाई दे सकता है। उन्होंने टूर्नामेंट में दी गई सुविधाओं की तारीफ करते हुए कहा कि यहां हमारी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंटों के आयोजन को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

ट्रैप निशानेबाज भवनीश को अलमाटी विश्व कप में संयुक्त बढ़त

अलमाटी। पेरिस ओलंपिक का कोटा जीत चुके भवनीश मेंदीरत्ता 75 में से सिर्फ दो निशाने चूके और आईएसएसएफ विश्व कप में शुक्रवार को ट्रैप स्पर्धा के पहले दिन संयुक्त बढ़त बना ली। फरीदाबाद के 23 वर्ष के मेंदीरत्ता चार अन्य के साथ शीर्ष पर हैं जिनमें विश्व कप और 2020 में तोक्यो ओलंपिक मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा के विजेता स्पेन के अलबर्टो फर्नांडिज शामिल हैं। अभी क्वालीफिकेशन के दो राउंड और होने है जिसके बाद छह निशानेबाजों का फाइनल होगा। मेंदीरत्ता ने पहले और तीसरे दौर में परफेक्ट 25 का स्कोर किया। वह सिर्फ 28वां और 43वां निशाना चूके। भारत के जोरावर संधू 16वें और पृथ्वीरात टोंडाइमन 23वें स्थान पर हैं। महिला ट्रैप में श्रेयसी सिंह 70 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर है। मनीषा कीर 22वें और प्रीति रजत 28वें स्थान पर है। महिला स्कीट में रजत और कांस्य पदक के साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन प्लेटफार्म : मोईन अली

● पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर की हॉकी टीम की ओर से पेश कर रहे है चुनौती

लखनऊ। वैसे तो करमपुर गांव में हॉकी खेलने का चलन काफी पुराना है। इस वजह से यहां से निकले कई खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी टीम के क्षितिज पर अपना परचम लहराया है। का सफर तय किया है। इसके अलावा भी यहां कई खिलाड़ी हॉकी की बारीकियां निखार रहे है। ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक मोईन अली भी है जो खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश में अपनी हॉकी का जादू दिखा रहे हैं। मोईन अली यूपी की मेजबानी में आयोजित इन खेलो के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित हॉकी के मुकाबलों में पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर की टीम से चुनौती पेश कर रहे है और इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए पसीना बहा रहे है। हालांकि मोईन अली के खून में हॉकी है ये कहना गलत नहीं होगा क्योंकि उनकी बुआ जमीला बानो भी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रही है। अपनी बुआ को देखकर उन्होंने हॉकी में अपना भाग्य आजमाना शुरू किया। मोईन अली लखनऊ आकर काफी खुश है। उन्होंने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को एक अच्छी पहल बताते हुए कहा कि यह काफी अच्छा है कि यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों के लिए ऐसा उच्चस्तरीय टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है। यहां हमारी सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। यहां हमे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल रहे है और इन खेलों के माध्यम से यूनिवर्सिटी से निकलने वाले खिलाड़ियों को एक उचित प्लेटफार्म मिल रहा है। अपनी बुआ जमीला बानो जो इंटरनेशनल प्लेयर है, को देखकर दस साल पहले हॉकी स्टिक पकड़ने वाले 22 साल के फुलबैक पोजीशन पर खेलने वाले मोईन अली का यह दूसरा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स है। ना चाहते हैं।

प्रमाणिक ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की

लखनऊ । निशीथ प्रमाणिकए माननीय केंद्रीय राज्य मंत्रीए गृह मंत्रालय और केंद्रीय राज्य मंत्री युवा मामले और खेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के अब तक के सबसे बड़े खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स ,केआईयूजीद्ध की मेजबानी के प्रयासों की सराहना की। श्रीण् प्रमाणिक ने यहां बीबीडी विश्वविद्यालय मैदान में शानदार उद्घाटन समारोह आयोजित किए जाने के एक दिन बाद लखनऊ में विभिन्न स्थानों के दौरे के दौरान यह टिप्पणी की । बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में उत्तर प्रदेश सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल की उपस्थिति में मीडिया को संबोधित करते हुए निशीथ प्रामाणिक कहाष्सबसे पहले मैं उत्तर प्रदेश सरकार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।